जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



**India Won't Let The World Starve Of Chocolate**

As the old supply chains crumble, India may just have a shot at reshaping the future of world chocolate

**A Woman Of Substance**

**Tharoor on Trump**

"Lacking Gravitas": Shashi Tharoor's Sharp Rebuke of Trump's Intellectual Credentials

# लोकसभाध्यक्ष के ऑफिसर ऑन स्पैशल ड्यूटी राजीव दत्ता एक बार फिर खबरों में छाये

## अधिवक्ता शेखर मेवाड़ा ने राष्ट्रपति मुर्मू व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर मांग की है, कि ओ.एस.डी. दत्ता को उनके पद से हटा देना चाहिये

- रेणु मित्तल -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली,13 अगस्त। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी (ओएसडी) राजीव दत्ता एक बार फिर विवादों के घेरे में हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र भेजे गए हैं, जिनमें मांग की गई है कि राजीव दत्ता को उनके पद से हटाया जाए, क्योंकि वे एक अत्यंत संवेदनशील पद पर बैठे हैं।

इसके साथ ही एक संबंधित घटनाक्रम में, राजीव दत्ता के खिलाफ हाई कोर्ट द्वारा आदेशित एफआईआर अब तक दर्ज नहीं की गई है।

राजस्थान हाईकोर्ट में कार्यरत अधिवक्ता शेखर मेवाड़ा ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु को पत्र लिखा है, जिसका विषय है: " राजीव दत्ता ओएसडी लोकसभा स्पीकर के विरूद्ध दो 07 वर्षीय नाबालिग बच्चों की मानव तस्करी करने एवं मानव तस्करी के अपराध से बचने के लिए अपने 81 वर्षीय पिता व 74 वर्षीय माता को इन दोनों बच्चों के फर्जी माता-पिता दर्शाते हुए फर्जी जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं पासपोर्ट तैयार करने एवं इसकी शिकायत करने वाले एडवोकेट शेखर मेवाड़ा पर प्राण घातक हमला, अपहरण करने व बंधक बनाने के आपराधिक मामलों में माननीय उच्च न्यायालय, जयपुर द्वारा उसके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर अनुसंधान करने संबंधी पारित आदेश दिनांक 01.08.2025 के परिणाम स्वरूप उसे निलम्बित करने एवं ओएडी पद से पदमुक्त करने के संबंध में।"

- **क्योंकि, वे एक बहुत ही संवेदनशील पद पर कार्यरत हैं, तथा उनके खिलाफ राजस्थान हाईकोट ने एफ.आई.आर. दर्ज कराने के आदेश दिये हैं, पर उनके प्रभाव के कारण अभी तक एफ.आई.आर. तक दर्ज नहीं हुई है।**
- **पत्र में इस पूरे घटनाक्रम का पूरा विवरण, विस्तार से वर्णित है, तथा फोटोग्राफ भी संलग्न है।**
- **राजस्थान हाईकोर्ट एसोसिएशन जयपुर तथा राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर के अध्यक्षों के पत्रों को भी शेखर मेवाड़ा ने संलग्न किया है। इन पत्रों में शेखर मेवाड़ा को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की गई है।**

इस पत्र में प्रार्थना है: " 1. किसी भी सरकारी अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध 'मॉरल टरपिट्यूड' से संबंधित एफआईआर अनुसंधान की स्थिति में उसके निबंधन का सेवा नियमों में प्रावधान है।

2. श्री राजीव दत्ता ओएसडी पद पर हैं तथा उनके विरूद्ध किसी व्यक्ति विशेष द्वारा सीधी एफआईआर नहीं करवाकर, माननीय उच्च न्यायालय ने सभी तथ्यों का परीक्षण कर, एफआईआर व अनुसंधान के आदेश दिए हैं। अतः ऐसी गंभीर स्थिति में किसी संवैधानिक पद के ओएसडी जैसे महत्वपूर्ण पद पर बने रहना न केवल लोकसभा स्पीकर की गरिमा के खिलाफ है, परंतु भारतीय संविधान की भी तौहीन है।

3. लोकसभा स्पीकर का पद सर्वाधिक महत्वपूर्ण संवैधानिक पद है, जिसके सामने नीचे खड़े होकर प्रधानमंत्री तक अपनी बात लोकसभा में रखते हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बाबूलाल कटारा को शिक्षक भर्ती पेपर लीक में जमानत नहीं मिली

जयपुर, 13 अगस्त। राजस्थान हाईकोर्ट ने द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती-2022 पेपर लीक मामले में आरपीएससी के सदस्य रहे आरोपी बाबूलाल कटारा को जमानत देने से इनकार कर दिया है। जस्टिस प्रवीर भटनागर की एकलपीठ ने ये आदेश बाबूलाल कटारा की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि आरोपी पर गंभीर किस्म के आरोप हैं। उसने आरपीएससी के सदस्य के तौर पर संवैधानिक पद पर रहते हुए यह कृत्य किया है। ऐसे में उसे जमानत नहीं दी जा सकती। दूसरी ओर अदालत ने मामले में बाबूलाल कटारा के भांजे विजय कुमार डामोर को जमानत दे दी है।

- **आरोपी बाबूलाल कटारा राजस्थान पब्लिक सर्विस कमीशन के सदस्य थे।**

बाबूलाल कटारा की ओर से जमानत याचिका में कहा गया कि उसके खिलाफ पेपर लीक को लेकर उदयपुर के बेकरिया थाने में मामला दर्ज कराया गया था। वह 18 अप्रैल, 2023 से जेल में बंद है, जबकि आधा दर्जन सह आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट से और दो आरोपियों को हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी है। मामले में उसके खिलाफ पेश आरोप पत्र में ट्रायल भी शुरू नहीं हुई है। इसकी सुनवाई पूरी होने में लंबा समय लगेगा। इसलिए उसे जमानत पर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# उपराष्ट्रपति पद के लिए किसी जाट नेता को प्रत्याशी बनाएगी कांग्रेस?

## कांग्रेस के अन्दरूनी सूत्रों ने कहा, सतपाल मलिक के निधन व धनखड़ प्रकरण के पार्टी जाट समुदाय को एक मजबूत संदेश देना चाहती है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 अगस्त। भारत के अगले उपराष्ट्रपति की दौड़ चुपचाप एक बड़े राजनीतिक शतरंज के खेल में बदलती जा रही है, जिसमें कांग्रेस और भाजपा दोनों ही अपने अंतिम पत्ते छिपाकर रखे हुए हैं।

हालांकि कांग्रेस ने अभी तक अपने उम्मीदवार की आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन पार्टी के सूत्रों ने पुष्टि की है कि भाजपा के अधिकृत उम्मीदवार के खिलाफ एक वरिष्ठ जाट नेता को उतारने पर गंभीर विचार-विमर्श चल रहा है। रणनीतिकारों का मानना है कि यह कदम जाट समुदाय को एक प्रतीकात्मक, लेकिन प्रभावशाली संदेश दे सकता है, खासकर ऐसे समय में, जब वरिष्ठ जाट नेता सत्यपाल मलिक के हालिया निधन और एक अन्य जाट, जगदीप धनखड़, को अचानक पद से हटाने जैसी घटनाएं हुई हैं।

पार्टी के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि इस तरह की उम्मीदवारी हरियाणा, पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान जैसे जाट-बहुल क्षेत्रों में गहरी पकड़ बना सकती है, अर्थात वे क्षेत्र जहां कांग्रेस अपने जनाधार को मजबूत करना चाहती है। समय भी विशेष रूप से पंजाब के लिए अहम है, जहां महज 18 महीने बाद विधानसभा चुनाव होने हैं।

- **कांग्रेस को उम्मीद है इससे हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान की जाट बैल्ट में पार्टी का प्रभाव बढ़ सकता है।**

दूसरी ओर, भाजपा की निर्णय प्रक्रिया भी उतनी ही जटिल प्रतीत हो रही है। अटकलों के बावजूद, पार्टी ने अब तक अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है, और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने पसंदीदा नाम को आगे बढ़ाने के लिए दबाव बना रहा है। वरिष्ठ भाजपा नेताओं के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं नामों की समीक्षा कर रहे हैं और हाल ही में अनौपचारिक संपर्कों के जरिए आरएसएस को अपने संकेत दे चुके हैं।

ऐसा ही एक संकेत उस समय देखा गया, जब पूर्व राजस्थान मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने प्रधानमंत्री आवास पर एक अप्रत्याशित मुलाकात की। इस बैठक ने पूरे राजनीतिक गलियारे में चर्चा को जन्म दे दिया है, क्योंकि राजे के संबंध मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से पिछले कुछ वर्षों में तनावपूर्ण रहे हैं। हालांकि भाजपा के सूत्र इस मुलाकात को ज़्यादा महत्व न देने की बात कह रहे हैं, कुछ लोग इसे एक संभावित 'ट्रायल बैलून' मान रहे हैं - या तो आरएसएस की प्रतिक्रिया जानने के लिए, या फिर किसी ऐसे सर्वमान्य चेहरे को परखने के लिए, जो विभिन्न गुटों को स्वीकार्य हो।

यदि कांग्रेस वास्तव में किसी प्रमुख जाट नेता को मैदान में उतारती है, तो यह मुकाबला एक सामान्य संवैधानिक चुनाव से बदलकर ग्रामीण और कृषि मुद्दों पर केन्द्रित एक राजनीतिक जनमत संग्रह बन सकता है। भाजपा के लिए आरएसएस के वैचारिक प्रभाव और चुनावी यथार्थवाद के बीच संतुलन बनाना एक नाजुक कार्य होगा,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# रूडी के पैनल में विपक्षी दलों को भारी प्रतिनिधित्व दिया गया

## इसी रणनीति ने रूडी को कॉन्स्टिट्यूशन क्लब का चुनाव जितवाया

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 अगस्त। कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया (सीसीआई) के चुनाव परिणामों को आज मोदी-शाह जोड़ी के लिए एक झटके के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि मौजूदा भाजपा सांसद और पूर्व मंत्री राजीव प्रताप रूडी ने दो बार के पूर्व लोकसभा सांसद संजय बाल्यान को हरा दिया, जिन्हें पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का समर्थन प्राप्त था।

'भाजपा बनाम भाजपा' की यह तगड़ी लड़ाई बुधवार तड़के समाप्त हुई, जब सारण से भाजपा सांसद रूडी ने कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के प्रतिष्ठित चुनाव में अपनी ही पार्टी के बाल्यान को 100 वोटों के अंतर से हरा दिया।

कुछ भाजपा नेताओं का कहना है कि बाल्यान को पूरी तरह से अमित शाह का समर्थन प्राप्त था, और इस हार की व्याख्या इस रूप में की जा रही है कि आगामी उपराष्ट्रपति चुनाव में भी ऐसा ही परिदृश्य संभव हो सकता है। वहीं, कुछ नेता इस संभावना को यह तर्क देते हुए नकार रहे हैं कि मोदी-शाह की पार्टी और सहयोगी सांसदों पर बहुत मज़बूत पकड़ है। इसके अलावा, कोई भी सांसद सम्भावित दण्ड के भय से हाईकमान के खिलाफ जाने की हिम्मत नहीं करेगा।

- **बिहार के सारण से भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी ने कॉन्स्टिट्यूशन क्लब के सचिव पद के चुनाव में भाजपा के ही संजीव बाल्यान को सौ वोटों से हराया, जिन्हे कथित तौर पर अमित शाह समर्थित बताया जा रहा है।**

क्लब के प्रशासनिक सचिव और कार्यकारी समिति के 11 पदों के चुनाव परिणाम तड़के 2 बजे घोषित किए गए।

इस चुनावी दिन की खास बात यह रही कि इसमें केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जैसी बड़ी हस्तियों ने वोट डाला। रूडी ने साबित कर दिया कि 78 साल पुराने क्लब में वे ही प्रभावशाली हैं।

रूडी को 391 वोट, जबकि बाल्यान को 291 वोट मिले।

जहां पांच बार के सांसद रूडी को पूरे विपक्ष (ग़ैर-भाजपा सांसद) का समर्थन प्राप्त था, वहीं बाल्यान को भाजपा के झारखंड की गोड्डा सीट से सांसद निशिकांत दुबे का खुला समर्थन था। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# दौसा हादसे के पीड़ितों को प्र.मंत्री ने सहायता घोषित की

नयी दिल्ली, 13 अगस्त। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के दौसा में एक हादसे में हुए जान-माल के नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

प्रधानमंत्री ने इस हादसे में अपने प्रियजन खोने वाले लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घटना में मारे गये लोगों के परिजनों तथा घायलों को प्रधानमंत्री राहत कोष से सहायता राशि उपलब्ध कराने की घोषणा की।

- **प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को दो लाख रु. तथा घायलों को 50,000 रु. दिए जाएंगे।**

मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राजस्थान के दौसा में हुए एक हादसे में हुई जान-माल की हानि से अत्यंत दु:खी हूँ। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# दर्दनाक दुर्घटना में एक परिवार के 7 बच्चों व 3 महिलाओं की मौत

## उत्तर प्रदेश के एटा जिले के श्रद्धालु खाटूश्याम जी के दर्शन के बाद वापस लौट रहे थे

दौसा, 13 अगस्त। राजस्थान के दौसा जिले में बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 11 लोगों की जान चली गई। सभी मृतक उत्तर प्रदेश के एटा जिले के रहने वाले थे और खाटूश्यामजी के दर्शन करके घर लौट रहे थे। हादसे में 7 मासूम बच्चों व 4 महिलाओं की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के साथ ही, जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार, पुलिस अधीक्षक सागर राणा सहित, अन्य अधिकारी सुबह तड़के ही रामकरण जोशी राजकीय जिला चिकित्सालय पहुंचे तथा घायलों की जानकारी ली। प्रदेश के कृषि मंत्री डॉ. किरोडीलाल मीणा, महवा विधायक राजेन्द्र मीणा सहित अन्य नेता भी चिकित्सालय पहुंचे।

पुलिस के अनुसार, यह हादसा सुबह करीब 3.30 बजे सैथल थाना क्षेत्र के बापी गांव के पास हुआ। श्रद्धालुओं से भरी पिकअप को पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे कंटेनर ने टक्कर मार दी, 7 बच्चों व 4 महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई तथा शेष घायल हो गये। टक्कर इतनी भीषण थी कि लाशों के चिथड़े हो गए। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने तत्काल इस घटना की जानकारी पुलिस को दी तथा घायलों को पिकअप से बाहर निकाला। सूचना मिलने के साथ ही, जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार, पुलिस अधीक्षक सागर राणा, पुलिस उपाधीक्षक रवि प्रकाश शर्मा, कोतवाल सुधीर उपाध्याय, उपखण्ड अधिकारी मूलचंद लुणिया सहित दर्जनों अधिकारी चिकित्सालय पहुंचे।

- **सुबह 3.30 बजे सैंथल थाना क्षेत्र के बापी गांव के पास श्रद्धालुओं से भरी पिकअप को पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे कंटेनर ने टक्कर मार दी। सात बच्चों व 3 महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई।**

हादसे के बाद घटनास्थल पर दिल दहला देने वाला नजारा था। सड़क पर जगह -जगह खून फैला हुआ था, चारों तरफ जूते- चप्पल और श्रद्धालुओं के सामान बिखरे पड़े थे। पिकअप में 22 से ज्यादा लोग सवार थे, जिनमें से 10 ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि एक घायल ने जयपुर के सवाई मान सिंह एसएमएस अस्पताल में इलाज के दौरान जान गंवा दी।

मृतकों में पूर्वी 3 वर्ष, प्रियंका 25, दक्ष 12, शीला 35, महक 7, सलौनी 9, मिस्टी एक वर्ष, सीमा 25, अंशु 26 आदि शामिल हैं। सभी मृतक एक ही परिवार के हैं तथा असरोली पुलिस थाना देहात कोतवाली एटा, उत्तर प्रदेश के निवासी है। दौसा के जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायलों को जयपुर के एसएमएस अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने कंटेनर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में बताया गया है कि हादसा तेज रफ्तार और लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण हुआ।

घटना की जानकारी मिलने के साथ ही, कृषि मंत्री डॉ. किरोडीलाल मीणा, महवा विधायक राजेन्द्र मीणा भी राजकीय जिला चिकित्सालय पहुंचे तथा घायलों से कुलशक्षेम पूछने के बाद चिकित्सालय

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राहुल की बिहार में वोट अधिकार यात्रा

नयी दिल्ली, 13 अगस्त। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ 17 अगस्त से वोट अधिकार अभियान शुरु करेंगे, जिसमें इंडिया गठबंधन के नेता भी शामिल होंगे।

कांग्रेस महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल ने बुधवार को इसे लोकतंत्र की लड़ाई करार देते हुए कहा कि इस अभियान को जन आंदोलन बनाया जाएगा जिससे एक एक व्यक्ति के वोट के कीमती अधिकार और संविधान की रक्षा की जा सकेगी।

- **राहुल गांधी 17 अगस्त रविवार से बिहार में यह यात्रा शुरु करेंगे जिसमें इंडिया गठबंधन के नेता भी शामिल होंगे।**

वेणुगोपाल ने कहा, हमारे लोकतंत्र की रक्षा की लड़ाई सड़कों पर होगी और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जल परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट हर 15 दिन में भेजें-भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक में नियमित मॉनिटरिंग पर जोर दिया

जयपुर, 13 अगस्त। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश को पानी के क्षेत्र में पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर बनाना हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए राज्य सरकार ने अपने कार्यकाल की शुरूआत से ही विभिन्न महत्वपूर्ण जल एवं सिंचाई परियोजनाओं की पहल की है, जिससे प्रदेशवासियों को जल की उपलब्धता बढ़ सके। उन्होंने निर्देश दिए कि इन परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करते हुए, प्रत्येक 15 दिन में मुख्यमंत्री कार्यालय को प्रगति रिपोर्ट भेजी जाए। शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में जल संसाधन विभाग, इंदिरा गांधी नहर विभाग एवं सिंचित क्षेत्र विकास विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास में पानी एक मूलभूत आवश्यकता है। जल की निर्बाध आपूर्ति से आमजन का जीवन सुगम होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राम जलसेतु लिंक परियोजना राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है, जिससे राज्य की एक बड़ी आबादी को निर्बाध जल आपूर्ति होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस महत्वपूर्ण परियोजना की क्रियान्विति में अधिकारी अनावश्यक देरी न करें। धरातल पर काम दिखना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को इस परियोजना की प्रगति रिपोर्ट हर 15 दिन में मुख्यमंत्री कार्यालय में भेजने के निर्देश दिए।

- **अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि राणा प्रताप सागर बांध-ब्राह्मणी नदी से बीसलपुर बांध में जल अपवर्तन लिंक की डीपीआर तैयार करने के लिए कार्यादेश जारी किये जा चुके हैं।**

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि राणा प्रताप सागर बांध-ब्राह्मणी नदी से बीसलपुर बांध में जल अपवर्तन लिंक की डीपीआर तैयार करने के लिए कार्यादेश जारी किया जा चुका है। साथ ही, बीसलपुर बांध से बाणगंगा और रूपारेल नदी को जोड़े जाने संबंधी डीपीआर तैयार करने के लिए भी कार्यादेश जारी किया जा चुका है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनहित के किसी भी कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा गैर-जिम्मेदार कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री ने इंदिरा गांधी नहर परियोजना की लिफ्ट नहरों की समीक्षा करते हुए कहा कि फव्वारा सिंचाई पद्धित को विशेष रूप से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जल संसाधन विभाग, इंदिरा गांधी नहर विभाग एवं सिंचित क्षेत्र विकास विभाग की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस महत्वपूर्ण परियोजना की क्रियान्विति में अधिकारी अनावश्यक देरी ना करें।*

# मुख्यमंत्री जोधपुर में झंडा फहरायेंगे

जयपुर, 13 अगस्त। 79वां राज्यस्तरीय स्वाधीनता दिवस समारोह जोधपुर में भव्यता और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा स्वतंत्रता दिवस के मौके पर शुक्रवार को जोधपुर के बरकतुल्ला स्टेडियम में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में सुबह 9 बज कर 5 मिनट पर झंडारोहण करेंगे। इससे पहले मख्यमंत्री सुबह 8:55 बजे जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के पास शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। मुख्यमंत्री स्वाधीनता दिवस समारोह की पूर्व संध्या पर जोधपुर के मेहरानगढ़ फोर्ट में एट होम, सम्राट अशोक उद्यान में सांस्कृतिक कार्यक्रम

- **इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस का राज्य स्तरीय समारोह जोधपुर के बरकतुल्ला स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

CMYK

## विचार बिन्दु

**अब पछताए होत क्या, जब चिड़िया चुग गयी खेत। –कहावत**

# एक सच्चा भारतीय क्या बोले, क्या न बोले --

एक गांव का सा लगने वाले आदमी ने एक शूटेड बूटेड शहरी बाबूजी से पूछ लिया कि यह बताओ जी, सच्चे भारतीय होने, देश प्रेमी होने, देशद्रोही होने आदि का सर्टिफिकेट कौन देता है?

ऐसा लगता है अब लेना पड़ेगा, ऐसी प्रमाण पत्र। पहले तो यह काम सभी धर्मों के कुछ धर्मगुरु, कथावाचक, कुछ धार्मिक–अधार्मिक संगठन और विभिन्न महापुरुषों, देवी–देवताओं के नामों से गठित कुछ नई, पुरानी सेनाएं आदि करते, दिखते थे। अब क्या कोर्ट जाना पड़ेगा, इस छोटे से काम के लिए?

शहरी बाबू ने पूछ लिया तेरे को क्या संसद पर प्रदर्शन करना है या कोई सरकारी नीति की आलोचना करनी है या कोई सरकारी या सेना या चीन से लगती सीमा संबंधी कोई गोपनीय जानकारी लेनी या देनी है जो सच्चे भारतीय होने के सर्टिफिकेट की जरूरत पड़े। अपन सभी सच्चे भारतीय है जब तक सरकार की नीतियों की आलोचना नहीं करें। इस प्रमाण पत्र की ज्यादा जरूरत तो सांसदों आदि के लिए होती है, तुम कौन से विधायक, सांसद हो जो चिंता में दुबले हो रहे हो।

गांव वाले भले आदमी ने कहा -- साहब मैं कठपुतली का खेल दिखाता हूं, डरता हूं, कभी किसी को कुछ ऐसा लग जाए कि उसका या उसकी दुकान का मजाक उड़ाया जा रहा है और किसी स्थानीय बादशाहों से ठुकाई न करवा दे!!!

तो तू ऐसा क्या दिखाता है तेरे खेल में जो यों घबरा रहा है? दिखने में तो नंगा, भूखा लगता है और पुरानी कहावत है, नंगे भूखे सदा सुखी-- तेरा कोई क्या बिगाड़ लेगा, मोज कर, क्यों बिना बात के दर्द में दुबला हुए जा रहा है।

फिर भी वह संतुष्ट नहीं हुआ। साहब मैं कई बार खेल में राजा, मंत्री, दरबार, सेनापति, सलाहकार का खेल दिखा देता हैं। उसमें कई बार राजा को गूंगा दिखा देता हूं, मंत्रियों को भ्रष्ट, चापलूस दिखाता हूं, सेनापति को खूंखार दिखा देता हूं, सलाहकार को कानाफूसी करते दिखाता हूं--- कोई इसे अपने ऊपर मानकर नाराज तो नहीं हो जाएगा??

तूं यह बता– तूं कोई सांसद है, मंत्री है, अखबार का मालिक है, टीवी चैनल चलाता है, कोई बड़ा कारोबारी, सेठ है जो राजा अपनी मर्जी, मोज मस्ती से हट कर, तेरे पर वक्त खराब करेगा।

कठपुतली वाले के साथ चर्चा चल ही रही थी कि कुछ ओर लोग उसमें शामिल हो गए। एक वकील साहब ने कहा::--

भाषण, विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक मौलिक अधिकार है। यह अधिकार व्यक्तियों को बिना किसी सरकारी वो अन्य बाहरी हस्तक्षेप, भय के अपनी राय व्यक्त करने की अनुमति देता है। शब्दों से, लेखन से, कला– संगीत – और अन्य माध्यमों से अपने विचार व्यक्त किए जा सकते है, विचारों का आदान–प्रदान किया जा सकता है। यह सत्य की थे तक जाने का रास्ता है। इसके अभाव में सरकारों को जनता की समस्याओं, आकांक्षाओं, सरकारी कामकाज की सत्यताओं का किसे पता चलेगा ?

संविधान में मिली गारंटी के, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बारे में भारत के सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक निर्णय भी दिए है जिनमें स्पष्ट किया है कि संविधान में उल्लेखित विशेष सावधानियों, परिस्थितियों के अतिरिक्त इस मूल अधिकार के उपयोग को किसी भी प्रकार संकुचित, बाधित नहीं किया जा सकता। 1950 में रमेश थापर बनाम मद्रास राज्य के मामले में, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को संविधान के अनुच्छेद 19(1) (a) के तहत एक मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी। श्रेय सिंहल मामले में, न्यायालय ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 66 को रद्द किया है जो ऑनलाइन अभिव्यक्ति पर अत्यधिक प्रतिबंध लगाता था। न्यायालय के अनुसार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक स्वस्थ, सभ्य समाज का अभिन्न अंग है और अनुच्छेद 21 (जीवन के अधिकार) के तहत सम्मानजनक जीवन के लिए आवश्यक है।

एक सांसारिक समझ रखने वाले भाई ने कहा, साहब, यह कोर्टों के फैसले धरे रह जाते है। जिसके गोलालाठी लगा कर अंदर करना है उसे कर देते। आप जैसे वकील वर्षों लड़ते रहते है, उस आदमी के लगाई गोलालाठी कोई आसानी से नहीं खोल सकता। क्या काम आए यह बड़े बड़े फैसले?? नेता की जेब में बैठा थानेदार इन सबसे ऊपर है। इन फैसलों की पालना भी कोई पैसे वाला ही अपने हक में जल्दी करवा सकता, साधारण बंदों के बस की बात नहीं।

> **एक सांसारिक समझ रखने वाले भाई ने कहा, साहब, यह कोर्टों के फैसले धरे रह जाते है। हर आदमी कोई राहुल गांधी थोड़ा ही न है जो उस पर छोटी निचली अदालतों में लगाए 20, 30 केस एक साथ लड़ सकता है या फिर तुर्ताफुर्त में की गई सांसदी खत्म करने के बाद फिर चुनाव लड़ ले और जीत के फिर सांसद बन जाए???**

हर आदमी कोई राहुल गांधी थोड़ा ही न है जो उस पर छोटी निचली अदालतों में लगाए 20,30 केस एक साथ लड़ सकता है या फिर तुर्ताफुर्त में की गई सांसदी खत्म करने के बाद फिर चुनाव लड़ ले और जीत के फिर सांसद बन जाए???

इस बहस में कठपुतली वाले की बात कहीं गुम हो गई और बात, फिर घूम–फिर पहुंच गई एक 5वीं बार के सांसद तक। उन सांसद जी के बारे में सुप्रीम कोर्ट ने कोई टिप्पणी कर दी जिसका लब्बो लबाब शायद यह है कि सच्चे भारतीय को सेना के संबंध में संसद में बोलना चाहिए, पब्लिक में, सोशल मीडिया पर नहीं।

इस टिप्पणी के बाद उन सांसद जी को कुछ नेता तरह–तरह के प्रमाण पत्र देने लगे, धुनाई करने लगे जैसे ---- उनकी बे सिर–पैर की बात करने की आदत है, कुछ भी बोलते रहते है, आए दिन संवैधानिक संथाओं का अपमान करते है, जनतंत्र को कमजोर करने में लगे है, अराजकता फैलाते है, आतंकवादी लगते है, दुश्मन देश की भाषा बोलते है, तीन–तीन बार श्रीं कोर्ट की फटकार के बाद भी नहीं सुधरे, नेता प्रतिपक्ष बनने के लाइक ही नहीं, राजनीतिक समझ शून्य है वगैरा–वगैरा। किंतु कुछ बड़बोले बड़े नेताओं ने तो हद ही कर दी। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी की यहां तक व्याख्या कर डाली कि वह सांसद सुप्रीम कोर्ट से सर्टिफाइड देशद्रोही है। किसी दूसरे न्यायालय की, किन्हीं दूसरे मामलों में हुई, किन्हीं दूसरी कार्यवाहियों का हवाला देकर बताने होड़ लगा रहे है कि सर्टिफाइड जमानती – भ्रष्ट हैं।

सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद बाढ़ सी आ गई इस प्रकार की उलूल–जलूल बातें कहने वालों की। देश के एक बहुत बड़े नेता ने तो इस पर प्रतिक्रिया देते हुए, इसे उन पर सबसे बड़ी फटकार बताया है। ऐसा करने से उसे विदेशी मीडिया में प्रमुखता मिल जाती है।

खैर यह सब तो बहुत बड़ी बातें हो गई किंतु आम आदमी भी यह तो जानना ही चाहेगा कि चीन में कब –कब कितनी भारतीय भूमि पर कब्जा किया या यह सब कोरी बकवास फैलाई जा रही है? किसी सांसद को यह सब पूछने का अधिकार है या नहीं, यह तो न्यायालय जाने किंतु सरकार को तो तो स्वमेव ही यह अधिकार है कि वह सब जनता को बता दे!!! क्यों नहीं बताते, बता दो। यह जो बहुत सारी सेटेलाइट इमेजेज घूम रही है, पब्लिक डोमेन में, इनका खंडन ही कर दो। यह जो वहां के कई चरवाहे, कुछ स्थानीय जनता द्वारा, कुछ बड़े जनप्रतिनिधियों द्वारा भी कुछ कुछ ऐसा सा ही कहा जा रहा है तो राष्ट्र हित में इन सब का खंडन कर दो ---न रहेगा बना न बजेगी बांसुरी --इसके बाद यह सांसद जी या ओर कोई भी क्या कर लेंगे!!!! कुछ पूर्व फौजी भाई भी यह चर्चा करते पाए जाते है कि पहले लद्दाख क्षेत्र में 65 ऐसे प्वाइंट थे जहां तक भारत की व चीन की सेनाओं द्वारा गस्त करके आती थी किंतु अब बहुत से ऐसे प्वाइंटस पर जाने से हमारी सेना को रोक दिया --- यह तो उस दुष्ट शत्रु ने ही किया होगा?? इस सब पर एक बड़े बड़बोले से भी कहा– सब बातें सब को नहीं बताई जाती!!!

अभी तक श्रोता रहे एक आदमी ने पूछ लिया क्यों जी, कोर्टों के पास तो करने को ओर भी ढेरों काम है -- 10,20,30,40 साल पुराने मुकदमे चल रहे है, उन्हें निपटा दें, हजारों हजार निरपराध लोगों को जेलों में बंद कर रखा है उनकी सुनवाई ही कर लें आदि–आदि। दूसरे ने उत्तर दिया, ऐसे लोगों के पास मंहगे वकील, नेता नहीं। उनकी बात कौन रखे माननीय न्यायालयों के सामने। वकीलों की 5,10,20 लाख रुपए की फीस यह टटपूँजिए मुवक्किल लोग थोड़े दे सकते हैं? तो इनकी बात ऊपर वाली अदालतों में कौन सुनाए। ओर न्याय के लिए तो कहावत मशहूर है -- न्याय की देवी की आंखों, कानों पर पट्टी है, जो सुनाओगे वो सुनेगी, दिखाओगे वह देखेगी। यह काम हर कोई तो कर नहीं सकता, कोई कोई उच्च श्रेणी वाले वक्ता, अधिवक्ता, नेता ही कर सकते है और उन्हें इस प्रकार की पहलवानी करने के लिए निरंतर खुराक चाहिए!!!

चर्चा का समापन यों हुआ कि सब मामले एक से नहीं हो सकते। नेताओं के, संविधान से संबंधित या जो बड़े कारोबारी है, मंहगा से मंहगा वकील ले जा सकते है उनकी बात तो पहले सुननी ही पड़ेगी, क्या आपत्ति है? ओर राहुल गांधी बहुत सी बातें अच्छी ही कहते होंगे, लोग भी कहते है, आदमी तो भला है किंतु हमारे सैनिक पिट रहे है यह कहना तो ठीक नहीं। कोई बात अच्छे इरादे से कहते हुए भी कई बार उनका शब्द चयन ठीक नहीं होता।

आशा है कोई अवमानना का सामना नहीं करना पड़ेगा।

**–अतिथि सम्पादक,
महावीर सिंह,
आई.ए.एस. ( से.नि. )**

# विद्यालय समय पर चिन्तन



प्रो.कैलाश सोडाणी

समाज में विद्यालय समय को लेकर बहुत गम्भीरता एवं चिन्तन की आवश्यकता है। धरातल पर विद्यालय समय को लेकर न तो गम्भीरता है और न ही किसी प्रकार की सोच। जब कि हमारे जीवन की खुशहाली में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। आधुनिकता वं अंग्रेजीकरण के प्रभाव में बालक के सर्वांगीण विकास हेतु ऋषि–मुनियों द्वारा रचित गुरुकुल व्यवस्था को हम भूलते जा रहे हैं। गुरुकुल में अध्ययन एवं खेलकूद के साथ–साथ भोजन तथा कुल की अन्य व्यवस्थाओं को पूर्ण करने की जिम्मेदारी भी बालकों की ही होती थी, जो उसके सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। निःसन्देह समय के साथ व्यवस्थाओं में थोडा–बहुत परिवर्तन होता है और होना भी चाहिये, परन्तु मूल भावना को तो हर परिस्थिति में जीवन्त रखना ही होगा।

अनेक अध्ययनों से यह प्रामाणिक है कि शारीरिक गतिविधियाँ शैक्षणिक प्रदर्शन को बेहतर बनाने में योगदान देती हैं। बालकों के सन्दर्भ में शारीरिक गतिविधियों का अर्थ खेलकूद से है। जो हमारे देश के विद्यालयों और महाविद्यालयों के टाइम टेबल से गायब होते जा रहे हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 80 प्रतिशत किशोर शारीरिक गतिविधि के अनुशंसित स्तरों को पूरा नहीं करते हैं। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन का कहना है कि बच्चो को स्कूल समय में कम से कम 3द्ध मिनट प्रतिदिन जोरदार शारीरिक गतिविधियाँ करनी चाहिए जैसे –दौडना, तैरना, फूटबाल या कबड्डी खेलना आदि। आज खेलकूद को लेकर शैक्षणिक संस्थाओं में भारी उदासीनता है। एक तरफ क्लास रूम में एसी०लगना प्रारम्भ हो गये है और दूसरी ओर बॉलीबाल–बास्केटबाल जैसे छोटे खेल के मैदान भी गायब होते जा रहे हैं।

सबसे बडी रूकावट आ रही है ङ्क्त विद्यालय समय से। विशेष रूप से शहरों में निजी विद्यालय प्रातः 8 बजे से 2 बजे तक संचालित हो रहे हैं। हमारे देश के तापमान के अनुसार 2 बजे खेल–कूद का समय नहीं होता है, जिससे बच्चे सीधे घर पर ही जाते हैं। दूरी के कारण बच्चों का स्कूल आना–जाना बसों से ही होने लग गया है। खेलने का समय होता है सांय 5 बजे से 7 बजे। सांय 5 बजे पुनः विद्यालय आने जाने के लिए न तो कोई व्यवस्था है और न कोई सोच। प्रातः 8 से 2 बजे के समय ने तो विद्यार्थियों को खेल की दुनियाँ से ही ओझल कर दिया है। दूसरी ओर बढ ते ट्रेफिक ने बालकों का मोहल्ले में खेलना भी बन्द कर दिया है।

खेलकूद का सम्बन्ध गोल्ड मेडल या सिल्वर मेडल प्राप्त करने से नहीं है, अपितु शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ नागरिक तैयार करना है। शारीरिक गतिविधियों से व्यक्ति की वर्किंग लाइफ अच्छी और लंबी रहती है एवं हॉस्पिटल से दूरी बनी रहती है।

मेरा सौभाग्य है कि मैं गाँव की एक सरकारी स्कूल का विद्यार्थी रहा। जहाँ खेल के मैदान भी थे और शारीरिक शिक्षक भी। इनमे सबसे बडी बात थी, विद्यालय समय प्रातः 10 से 5 बजे। समय की अनुकूलता एवं उपयुक्तता से मुझे मेरे बचपन में सांय 5 बजे से खेलकूद का भरपूर अवसर मिला। वहीं दूसरी ओर मेरी बेटियों का स्कूल समय प्रातः 8 से 2 बजे रहा, परिणामस्वरूप उन्हें खेलना–कूदना कुछ आया ही नहीं। जीवन–पर्यन्त उन्हें यह कमी झेलनी पडेगी। मेरी कॉलेज लाइफ के समय भी सांय खेल के मैदान खिलाडियों से भरे रहते थे, कैम्पस में रौनक रहती थी। आज कॉलेजों में जहाँ खेल के मैदान एवं सुविधाएँ उपलब्ध है, खाली पडा हैं, सन्नाटा छा रहा है। आज कॉलेज में अध्ययनरत विद्यार्थियों का वह समूह है जिसे अपनी स्कूल लाइफ में खेलने का अवसर ही नहीं मिला। परिणामस्वरूप ऐसे विद्यार्थियों में खेलों के प्रति न तो रूचि रही है और न ही कोई सोच है। वर्तमान में हमारे युवा व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्वीटर जैसे विदेशी मठाधीशों के षड्यंत्र में फंसते जा रहे हैं। अप्रत्यक्ष रूप से खेलों की प्रासंगिकता को कमजोर करने से सायंकाल जिस नौजवान के हाथों में हॉकी या पैरों में फूटबाल होना चाहिए, वह सज्जन मोबाइल की दुनिया में खोया हुआ है और निठ्ला बनने की ओर अग्रसर है साथ ही दूसरी ओर उसके मन मस्तिष्क से भारतीय संस्कृति को विलुप्त करने की इन मठाधीशों की योजना सफल होती जा रही है।

मेरा तो शिक्षकों, अभिभावकों और सरकार से यही आग्रह है कि विद्यालय समय को अनिवार्यतः प्रातः 10 बजे से किया जावे। प्रशासनिक दृष्टि से यह परिवर्तन करने योग्य भी है और बहुत मामूली है, परन्तु परिणाम निःसन्देह ऋांतिकारी आएंगे। समय रहते जागरूक हो जाना चाहिए।

**–प्रो.कैलाश सोडाणी,
पूर्व कुलगुरू, वर्धमान महावीर खुला विवि, कोटा**

# हमारे प्रथम स्वतंत्रता दिवस की शाम और 15 अगस्त की सुबह की भूली-बिसरी यादे

## पिछले 78 वर्षों में हमारी प्रगति की तरफ बढ़ते कदम



डॉ. जे.के. गर्ग

हमारे देश के स्वाधीनता आन्दोलन का नेतृत्व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने किया था। उनके साथ समूचा देश था उनके अगिनत अनुयायियों में सरदार पटेल नेहरू राजेंद्र प्रसाद मोलाना आजाद आदि प्रमुख थे। बापू ने आजाद भारत की बागडोर नेहरू जी को सौंपने का तय किया और सरदार पटेल आदि को उनका नेतृत्व मानने को कहा जब तय हो गया कि भारत 15 अगस्त 1947 को आज़ाद होगा तो जवाहर लाल नेहरू और सरदार वल्लभ भाई पटेल ने महात्मा गांधी को पत्र भेजा। इस ख़त में लिखा था, बापू 15 अगस्त हमारा पहला स्वाधीनता दिवस होगा। आप राष्ट्रिपता हैं। आपसे प्रार्थना है कि आप इसमें शामिल हो कर हम सबको अपना आशीर्वाद दें एवं हमारा मार्गदर्शन करें। गांधीजी ने इस पत्र का जवाब भिजवाया, जब कलकत्ता में हिन्दू–मुस्लिम एक–दूसरे की जान ले रहे हैं, ऐसे में मैं जश्न मनाने के लिए कैसे सोच सकता हूँ और कैसे आ सकता हूं? मैं दंगा रोकने के लिए अपनी जान दे दूंगा हम सब को यह जान कर हमें हैरानी नहीं होनी चाहिए कि जब देश को 15 अगस्त, 1947 को आजादी मिली तो बापूजी खुद आजादी के जश्न में शामिल नहीं हुए थे क्योंकि बापूजी आज़ादी के दिन दिल्ली से हजारों किलोमीटर दूर बंगाल में गये हुये थे, जहां वे हिंदुओं और मुसलमानों के बीच सांप्रदायिक हिंसा को रोकने के लिए आमरण अनशन कर रहे थे। जवाहरलाल नेहरू ने ऐतिहासिक भाषण 'ट्रिस्ट विद डेस्टनी'14 अगस्त की मध्यरात्रि को वायसराय लॉज (मौजूदा राष्ट्रपति भवन) से दिया था। तब नेहरू प्रधानमंत्री नहीं बने थे। इस भाषण को पूरी दुनिया ने सुना। यह एतिहासिक भाषण हमारे मस्तिष्क पर तत्कालीन भारत की दशा और स्वतंत्रता सेनानियों के स्वप्नों का मानचित्र प्रस्तुत करता है इस भाषण को पूरी दुनिया ने सुना, लेकिन गांधी उस दिन नौ बजे ही सोने चले गए थे।

**15 अगस्त 1947 को जवाहर लाल नेहरू का भाषण**

जवाहर लाल नेहरू ने अपने भाषण में कहा कि कई साल पहले हमने भाग्य को बदलने का प्रयास किया था। आज वो समय आ गया है जब हम अपनी से गुलामी से मुक्त हो जाएंगे। पूरी तरह नहीं लेकिन यह महत्वपूर्ण है। जब आधी रात 12 बजे पूरी दुनिया सो रही होगी। इस दौरान भारत स्वतंत्र जीवन के साथ नई शुरुआत करेगा। नेहरू के इस भाषण ने हर भारतीय के अंदर नए भारत के सपने की ललक जगाने का काम किया। नेहरू ने अपने भाषण में कहा– ये ऐसा समय है जो इतिहास में बेहद कम देखने को मिलता है। पुराने से नए की ओर जाना. एक युग का अंत होना। अब सालों से शोषित देश की आत्मा अपनी बात कह सकती है। उन्होंने कहा कि यह संयोग है कि हम पूरे समर्पण के साथ भारत और उसकी जनता की सेवा के लिए प्रतिज्ञा ले रहे हैं। इतिहास की शुरुआत के साथ ही भारत ने अपनी खोज शुरू की और न जाने कितनी सदियां इसकी भव्य सफलताओं और असफलताओं से भरी हुई हैं। दूसरे युग की भारत खुद को खोज रहा है....

नेहरू ने कहा कि समय अच्छा हो या बुरा, भारत ने कभी अपने आदर्शों को नहीं भुलाया, जिसने हमेशा हमें आगे बढ़ने की शक्ति दी। आज एक युग का अंत हो रहा है। लेकिन दूसरे युग की तरफ भारत खुद को खोज रहा है। जिस उपलब्धि की हम खुशियां मना रहे हैं। वो नए अवसरों के खुलने के लिए केवल एक कदम है। इससे भी बड़ी जीत और उपलब्धियां हमारा इंतजार कर रही हैं। क्योंकि हममें इतनी समझदारी और शक्ति है जो हम इस अवसर को समझें और भविष्य में आने वाली चुनौतियों को स्वीकार करें।

**किसी भी आंख में न रहे आंसू....**

जवाहर लाल नेहरू ने भारतीयों को संबोधित करते हुए आगे कहा कि भविष्य में चैन से नहीं बैठना है। हम जो बात कह रहे हैं या कर रहे हैं उसे पूरा किए बगैर आराम नहीं करना है। भारत की सेवा का मतलब है करोड़ों पीड़ितों की सेवा करना यानी गरीबी को मिटाना, बीमारियों और अवसर की असमानता को खत्म करना। हमारी पीढ़ी के सबसे महान व्यक्ति की यही इच्छा है कि किसी भी आंख में आंसू न रहें। नेहरू ने आगे कहा कि लोगों की आंखों में जब तक आंसू हैं वो पीड़ित हैं। तब तक हमारा काम खत्म नहीं होगा। इसके लिए हमें मेहनत करने की जरूरत है। ये सपने भारत के लिए हैं साथ पूरे विश्व के लिए भी हैं। कोई भी देश अब खुद को अलग नहीं सोच सकता है क्योंकि सभी राष्ट्र और सभी लोग एक दूसरे से बड़ी निकटता से जुड़े हुए हैं। शांति को विभाजित नहीं किया जा सकता है। ऐसे ही स्वतंत्रता को भी विभाजित नहीं किया जा सकता है। हमें ऐसे भारत का निर्माण करना है जहां उसके सारे बच्चे रह सकें।

**एक नए तारा का उदय हुआ, काश यह उम्मीद धूमिल न हो...**

नेहरू ने अपने संबोधन में कहा कि अब सही समय आ चुका है जब सालों के संघर्ष के बाद अब भारत जागृत है और खड़ा है। हमारे लिए नया इतिहास शुरू हो चुका है। एक ऐसा इतिहास जिसका निर्माण हम करेंगे। जिसे हम बनाएंगे और जिसके बारे में अन्य लोग देखेंगे। एक नए तारे का जन्म हुआ है और यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। एक नई उम्मीद का जन्म हुआ है। काश ये तारा कभी अस्त न हो और ये उम्मीद कभी धूमिल न हो। हम हमेशा इस आजादी में खुश रहें, आने वाला भविष्य हमें बुला रहा है। 15 अगस्त, 1947 को लॉर्ड माउंटबेटन ने अपने दफ़्तर में काम किया। दोपहर में नेहरू ने उन्होंने अपने मंत्रिमंडल की सूची सौंपी जिनमें सरदार पटेल आर ऐ चेट्टी बाबा साहिब अम्बेडकर बलदेवसिंह गोपालस्वामी आयेंगर मोलाना आज़ाद राजेंद्र प्रसाद श्यामा प्रसाद मुख़र्जी जजीवंराम एच सी भाभा रफी अहमद किदवई डा अमृत कौर वी गाडगीळ केसी नियोगी शामिल थे। इसके बाद नेहरु मे इंडिया गेट के पास प्रिंसेस गार्डन में एक सभा को संबोधित किया। 15 अगस्त, 1947 को लॉर्ड माउंटबेटन ने अपने दफ़्तर में काम किया। दोपहर में नेहरू ने उन्होंने अपने मंत्रिमंडल की सूची सौंपी इसमे नेहरु ने इंडिया गेट के पास प्रिंसेस गार्डन में एक सभा को संबोधित किया।

**हमारे प्रथम स्वतंत्रता दिवस की शाम और 15अगस्त की शुभ भूली-बिसरी यादें स्वतंत्र भारत के पिछले 76 वर्षो में की गोरवमयी प्रगति की तरफ बढ़ते हुए कदम**

जैसे–जैसे राष्ट्र अपनी स्वतंत्रता के 76वें वर्ष के अंत की ओर बढ़ रहा है, यह पीछे मुड़कर देखने लायक है कि इतने कम समय में राष्ट्र कितना आगे आ गया है। स्वतंत्रता के समय भारत की जनसंख्या 34 करोड़ थी। आज हमारे देश की जनसंख्या 143 करोड़ के आस पास हो गई है। 1947 इसका साक्षरता स्तर भी खतरनाक रूप से लगभग 12 प्रतिशत से भी कम था। 12 पतिशत से बडकर 77.7 प्रतिशत हो गई है। आजादी प्राप्ति के समय हमारी प्रति व्यक्ति आय मात्र 249 रूपये वार्षिक थी जो आज वह एक लाख बहत्तर हजार हो गई है। उस वक्तत ओसतआयु केवल 32 साल हो थी जो आज लगभग 67.7 हो गई है। एक उल्लेखनीय उपलब्धि है यहे आंकड़े उनके मुहं पर करार तमाचा है जो कहते हैं कि पिछले 70 सालों में कुछ भी काम नहीं हुआ था। हमारे मुल्क में उस समय के अंदर सुई जैसी वस्तु नहीं बनती थी। आज हम उपग्रह बनाते हैं और उपग्रह चन्द्रमा की सतह पर उतरने की और अग्रसर है, ऐसा करने वाले हम तीसरे मुल्क होगें। देश में हजारों कालेज, सेक्दू विश्व विद्यालय आई आए टी आई ऍम जैसे संस्थान हाई। हजारों मेडिकल कॉलेज है। अनेकों इंडियन इंस्टिट्यूट आफ मेडिकल साइंस संस्थान है। हमारे डाक्टर, ईंजीनियर, वैज्ञानिक, शिक्षाविद् विदेशों में भारत का मान बड़ा रहें हैं। प्रथम प्रधान मंत्री ने भंक्दा बाँध बनवा कर उनको आधुनिक मंदिर कहा था। हमारे देश के अंदर हिन्दू–मुसलमान, सिख, ईसाई, फ़ारसी आदि विभिन्न धर्मों के लोग प्रेम से रहते हैं। हमारा मुल्क विभीन्नता मे एकता की जीती–जाती मिसाल है। हमारे राष्ट्र निर्माताओं धर्म को व्यक्तिगत आस्था माना है और हर धर्म के इन्सान का अपनी अपने श्रद्धा और आस्था के साथ जीने की सलाह दी थी, उन्होंने कभी भी धर्म और राजनीती को मिलाने की बात नहीं की थी, यही हमारे धर्म निरपेक्षता का मूल सिद्धांत है। अमेरिका में हमारे डॉक्टर श्रेष्ट माने जाते हैं। स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में भी हम आगे हैं। हमारे यहाँ अनेक देशों के मरीज इलाज कराने आते है।

राष्ट्र में बैंकों का राष्ट्रीकरण करके बैंकों के दरवाजे सामान्य लोगों के लिए खोल दिए। राजा–महाराजों के प्रीवर्ष समाप्त कर दिये हैं। सीक्किम को देश का अविभाज्य अंग बना दिया। पिछली शताब्दी मे एक नये मुल्क का निर्माण करने की हिम्मत इन्दिरा जी में ही थी। तिरानवे हजार पाकिस्तान के सेंकू बन्दे मनाने की शक्ति हम में ही थी, शिमला समझोते अनेक सालों तक कश्मीर में शान्ति बनी रही। सार्वाजनिक क्षेत्र मे अंकों उपक्रम बना कर हजारों को रोजगार फिया गया। हरित क्रांति सफेद क्रांति की वजह से हम खाद्यान्न मे आत्म निर्भर हो, दूसरी मुल्कों में उनका निर्यात कर रहें।

# स्मार्ट मीटर का सही ज्ञान अब राजस्थान को देगा नई पहचान



दीपक चक्रवती


मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य में बिजली वितरण व्यवस्था एक नए युग में प्रवेश कर चुकी है। केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय एवं राजस्थान सरकार के संयुक्त वित्त पोषण से प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं को निःशुल्क स्मार्ट मीटर लगवाए जा रहे हैं। प्रदेशभर में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को न केवल बिजली खपत पर नियंत्रण दे रहे हैं बल्कि पारदर्शिता, सटीकता और उपभोक्ता सशक्तिकरण का नया उदाहरण भी प्रस्तुत कर रहे हैं। जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा प्रदेश के समस्त शहरी और ठाामीण क्षेत्रों में (कृषि उपभोक्ताओं को छोड़कर) में स्मार्ट मीटरों का चरणबद्ध रूप से इंस्टॉलेशन किया जा रहा है।

**स्मार्ट मीटर क्यूँ है खास–** यह रियल टाइम में खपत की जानकारी देता है, साथ ही उपभोक्ता मोबाइल ऐप और एसएमएस के माध्यम से अपने खपत और शेष बैलेंस पर नजर रख सकता है। यह मीटर छेड़छाड़–रोधी, रिमोट कनेक्शन – डिस्कनेक्शन की सुविधायुक्त है और बिना किसी लाइनमैन के, उपभोक्ता स्वयं बिजली कनेक्शन नियंत्रित कर सकता है। इस प्रकार बिजली खपत की पारदर्शिता, बिलिंग में मानवीय हस्तक्षेप की समाप्ति, बेहतर नियंत्रण, पावर कट और विद्युत व्यवधान की सामयिक सूचना की सुविधा देता है। एक ही मीटर प्रीपेड, पोस्टपेड एवं नेट मीटर पर कार्य कर सकेगा। उपभोक्ता को खपत का विस्तृत विवरण मिलता है, सोलर लगाने पर इसी स्मार्ट मीटर को नेट मीटर से बदला जा सकता है। **प्रदेशभर में 4 लाख 68 हजार से अधिक उपभोक्ताओं ने अपनाये स्मार्ट मीटर–** यह पहल केंद्र सरकार की रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत क्रियान्वित की जा रही है, जिसका उद्देश्य बिजली वितरण में सुधार, लाइन–लॉस में कमी और शत–प्रतिशत सही मीटरिंग, बिलिंग सुनिश्चित करना है। इस योजना के तहत संपूर्ण प्रदेश में स्थापित मीटर को स्मार्ट मीटर से बदला जा रहा है जिसके अंतर्गत प्रदेश में कुल 4 लाख 68 हजार से अधिक स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं।

**बिजली निगम पर और अधिक बढ़ा है उपभोक्ताओं का भरोसा–** इस योजना से जुड़ने के बाद उपभोक्ताओं ने बताया कि अब उन्हें बिल जमा करने के लिए समय सीमा की चिंता नहीं रहती और न ही गलत बिलिंग की परेशानी होती है। उनका बिजली निगम पर भरोसा और अधिक बढ़ा है। यह स्मार्ट परिवर्तन न केवल एक तकनीकी सुधार है बल्कि ऊर्जा क्षेत्र में एक जनभागीदारी आधारित क्रांति है। इससे उपभोक्ता स्वयं ऊर्जा का प्रबंधन कर रहे हैं। प्रदेश में कुल 1 करोड़ 42 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लगाए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

**- दीपक चक्रवर्ती,
सहायक जनसम्पर्क अधिकारी
करौली**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**गुरूवार 14 अगस्त, 2025**

भाद्रपद मास, कृष्ण पक्ष, षष्ठि तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2082, रेवती नक्षत्र प्रातः 9:06 तक, शूल योग दिन 1:12 तक, गर करण दिन 3:16 तक, चन्द्रमा आज प्रातः 9:06 से मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–कर्क, चन्द्रमा–मीन, मंगल–कन्या, बुध–कर्क, गुरू–मिथुन, शुक्र–मिथुन, शनि–मीन, राहु–कुम्भ, केतु–सिंह राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से सम्पूर्ण दिन–रात रहेगा। रवियोग दिन 9:06 से आरम्भ होगा। भद्रा रात्रि 2:08 से आरम्भ होगी। आज हल षष्ठि और ललड़ी छठ है। आज चान्द छठ व्रत है। चन्द्रोदय जयपुर में रात्रि 10:16 पर होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ सूर्योदय से 7:39 तक, चर 10:54 से 12:31 तक, लाभ–अमृत 12:31 से 3:46 तक, शुभ 5:24 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6:01, सूर्यास्त 7:01

**मेष**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**वृष**
मित्रों/रिश्तेदारों के कारण अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। मन में असंतोष बना रहेगा।

**मिथुन**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में सुख–सुविधाओं पर धन खर्च हो सकता है।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में दुर्घटना का भय है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**तुला**
व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

**धनु**
परिजनों के व्यवहार के कारण दुःख हो सकता है। आवश्यक और महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी। परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त–व्यस्त हो सकती है।

**मकर**
घर–परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है।

**कुंभ**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिचितों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मीन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी।

# राजस्थान में विद्युत उत्पादन, प्रसारण और वितरण तंत्र भविष्य की आवश्यकतानुसार विकसित करें : मुख्यमंत्री

## घरेलू, कृषि और औद्योगिक उपभोक्ताओं को निर्बाध और पर्याप्त बिजली हो सुनिश्चित : भजनलाल शर्मा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को विद्युत उत्पादन में क्रमिक रूप से निरंतर वृद्धि करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के लिए निर्देश दिए हैं, ताकि आने वाले वर्षों में बढ़ती हुई आबादी को पर्याप्त एवं बिना रूकावट विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में राजस्थान तेजी से प्रगति कर रहा है और राज्य सरकार वर्ष 2027 तक दिन के समय में किसानों को बिजली उपलब्धता सुनिश्चित करेगी। शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में ऊर्जा विभाग की वर्ष 2025-26 की बजट घोषणाओं की समीक्षा कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने विद्युत तंत्र के सुदृढ़ीकरण, उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ अक्षय ऊर्जा योजनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को आगामी रबी सीजन में किसानों के लिए पीक डिमांड अवधि के दौरान विद्युत आपूर्ति को सुचारू रखने के विशेष निर्देश भी दिए। साथ ही, उन्होंने घरेलू एवं औद्योगिक उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्पादन इकाइयों एवं प्रसारण तंत्रों का समयानुसार रख-रखाव सुनिश्चित किया जाए। ट्रांसफार्मर्स की मरम्मत, देखभाल एवं उपयोग संबंधी प्रक्रिया में सुधार करते हुए प्रभावी कदम उठाए जाएं। शर्मा ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की विस्तृत समीक्षा करते हुए इसके क्रियान्वयन पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने कृषि कनेक्शन को शीघ्र जारी करने के लिए भी विशेष रूप से निर्देशित किया। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार विद्युत तंत्र का सुदृढ़ीकरण करते हुए 30/11 के जीएसएस का निर्माण कर रही है, ताकि गांव-ढाणी तक बिजली सुगमता से उपलब्ध हो सके। जिन क्षेत्रों में जीएसएस के लिए भूमि अनुपलब्धता का विषय सामने आया हो, वहां जन सहभागिता से भूमि प्राप्त करने पर कार्य किया जाए। उन्होंने आरडीएसएस योजना के अंतर्गत विद्युत तंत्र के सुदृढ़ीकरण कार्यों और प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत सौर संयत्र की स्थापना की प्रगति की जानकारी ली और दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राजस्व बढ़ाने और ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रब्यूशन में छीजत को प्रभावी रूप से रोकने के लिए भी निर्देशित किया। शर्मा ने कहा कि खराब मीटर की स्थिति में कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की जाए। जो कार्मिक राजकीय कार्य में लापरवाह हैं, उन पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। साथ ही, मुख्यमंत्री ने बिजली चोरी को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने के लिए निर्देशित किया। शर्मा ने प्रस्तावित पम्प स्टोरेज योजनाओं, संचालित कोयला, गैस और जल विद्युत परियोजनाओं तथा बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली पर विस्तृत चर्चा करते हुए उचित दिशा-निर्देश प्रदान किए।

बैठक में ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर, राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन, प्रसारण व वितरण निगमों सहित ऊर्जा विभाग के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बुधवार को ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक ली।

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की बैठक

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सचिवालय में मेट्रो और एनएचएआई अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में मेट्रो अलाइनमेंट और डीपीआर पर विस्तृत चर्चा हुई, विशेष रूप से टोडी मोड़, नींदड़ मोड़ और 14 नंबर पर बनने वाले अंडरपास के अलाइनमेंट में मेट्रो परियोजना के कारण हो रहे बदलावों पर विचार-विमर्श किया गया। उपमुख्यमंत्री ने एनएचएआई को निर्देश दिए कि तीनों फ्लाईओवर और अंडरपास के निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाएं।

# एटीएस-एसओजी के एडीजी वी.के. सिंह राष्ट्रपति पुलिस पदक से होंगे सम्मानित

**जयपुर।** जोधपुर में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में इस बार एटीएस-एसओजी के एडीजी श्री वीके सिंह को राष्ट्रपति पुलिस पदक एवं 14 पुलिसकर्मियों को पुलिस पदक देकर सम्मानित किया जाएगा।

पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि बरकतुल्ला स्टेडियम जोधपुर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एटीएस एवं एसओजी वी.के.सिंह को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जैसलमेर से देवाराम, सेवानिवृत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीआईडी, सतीश कुमार यादव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, कामां भरतपुर, सुरेन्द्र सिंह डिप्टी कमांडेंट, एसडीआरएफ,दीपचन्द अति. पुलिस अधीक्षक पीटीएस बीकानेर, दीप्ति जोशी, पुलिस निरीक्षक, एटीएस कोटा, जयसिंह राव, पुलिस निरीक्षक सीआईडी एसबी बांसवाड़ा, मनीष चौधरी, उपनिरीक्षक, रेंज जोधपुर, हरिओम सिंह, प्लाटून कमांडर, पांचवी बटालियन, आरएसी, फतेह सिंह सेवानिवृत उपनिरीक्षक भीलवाड़ा, सुभाष चन्द्र हैड कांस्टेबल सीआईडी सीबी, जयपुर को पुलिस पदक प्रदान किए जाएंगे। इसी प्रकार आत्मप्रकाश हैड कांस्टेबल रिजर्व पुलिस लाइन, झुंझुनूं, बल्लू राम कांस्टेबल सीआईडी सीबी, जयपुर, सौराज सिंह मीणा कांस्टेबल द्वितीय बटालियन आरएसी कोटा तथा गुलझारी लाल कांस्टेबल कार्यालय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, झुंझुंनूं को भी पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा।



वी के सिंह

# राज्य में 75 स्थानों पर सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियां होंगी

- 17 अगस्त से 2 अक्टूबर तक आयोजित किए जायेंगे विभिन्न कार्यक्रम

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता और प्रमुख शासन सचिव राजेश यादव की उपस्थिति में बुधवार को सचिवालय में राज्य के कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के अधीन विभिन्न अकादमियों के कार्य, प्रगति की अद्यतन स्थिति, एवं अकादमियों की व्यवहारिक समस्याओं के संदर्भ में चर्चा की गई।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने निर्देश दिए कि राज्य में 75 स्थानों, शहरों और कस्बों में आगामी 17 अगस्त से 2 अक्टूबर तक विभिन्न सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के लिए विस्तृत रूप रेखा सभी को प्रेषित कर दी जाएगी, जिसके आधार पर भव्य सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन किया जाए। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कला, साहित्य एवं संस्कृति विभाग, राजस्थान, के अन्तर्गत राजस्थान संगीत नाटक अकादमी, जोधपुर, राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर, राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, बीकानेर, ललित कला अकादमी, जयपुर, राजस्थान उर्दू अकादमी, जयपुर, राजस्थान सिन्धी अकादमी, जयपुर, निदेशालय राजस्थान संस्कृत अकादमी, जयपुर, पण्डित जवाहर लाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी, जयपुर, राजस्थान ब्रज भाषा अकादमी, जयपुर, राजस्थान पंजाबी भाषा अकादमी, श्रीगंगानगर, जवाहर कला केन्द्र, जयपुर द्वारा किये जा रहे कला कार्यो एवं साहित्यिक गतिविधियों के बेहतर आयोजन के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि राजस्थान की कला एवं संस्कृति तथा यहां का साहित्य अत्यन्त गौरवशाली है। दिया कुमारी ने कहा कि राज्य सरकार कलाकारों और साहित्यकारों को उनके कला एवं साहित्य कर्म को संरक्षित एवं प्रोत्साहित करने हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने उक्त साहित्य एवं कला अकादमियों के सचिवों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कला एवं साहित्य से जुड़ें लोगों को नियमित रूप से अवसर दिए जाए, मंच दिया जाए। विभिन्न कला एवं साहित्य अकादमियों द्वारा यथा सम्भव साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का नियमित रूप से आयोजन किया जाना चाहिए।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सोशल मीडिया के आज के दौर में कला और साहित्यिक गतिविधियों बेहतर प्रचार-प्रसार किया जाने के अवसर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि कला और साहित्यिक गतिविधियों का सोशल मीडिया पर प्रचार प्रसार किये जाने के अवसर का लाभ लिया जाना चाहिए।

# विश्वविद्यालय और कॉलेजों में नहीं होंगे छात्रसंघ चुनाव

**जयपुर।** राज्य सरकार ने वर्तमान शैक्षिणक सत्र 2025-26 में प्रदेश के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में छात्रसंघ चुनाव नहीं कराने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार की ओर से बुधवार को इस संबंध में हाईकोर्ट में भी अपना जवाब पेश कर दिया है। मामले में हाईकोर्ट की एकलपीठ गुरुवार को सुनवाई करेगी।

राज्य सरकार की ओर से पेश जवाब में कहा गया कि राज्य सरकार ने ठोस कारणों और विद्यार्थियों के व्यापक हित को देखते हुए इस शैक्षिणक सत्र में छात्रसंघ चुनाव नहीं कराने का निर्णय लिया है।

जवाब में कहा गया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के क्रियान्वयन को देखते हुए छात्रसंघ चुनाव आयोजित करना संभव नहीं है। इसके अलावा राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने व वर्तमान शैक्षिणक सत्र के सुचारू संचालन के लिए अतिरिक्त मुख्य उच्च शिक्षा सचिव की अध्यक्षता में गत 6 अगस्त को बैठक आयोजित की गई थी। प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलगुरुओं ने भाग लिया था। राजस्थान विवि की कुलगुरु अल्पना कटेजा, गंगासिंह विवि, बीकानेर के कुलगुरु मनोज दीक्षित, और कॉलेज शिक्षा आयुक्त ने छात्रसंघ चुनाव नहीं कराने की राय दी है।

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण देवीराम पुत्र स्व. श्री बद्री प्रसाद आयु 75 वर्ष एवं श्रीमती किरण देवी पत्नी श्री देवीराम, आयु 65 वर्ष निवासियान 386, राम नगर शास्त्रीनगर, जयपुर-302016 के पुत्र नितीन कुमार, विष्णु कुमार व पुत्रवधुएं श्रीमती सीमा तथा श्रीमती अनिता मेरे अभिभाष्यगण के कहने सुनने में नहीं है तथा आये दिन मेरे अभिभाष्यगण से लड़ाई-झगडे करते रहते है। इसलिए मेरे अभिभाष्यगण अपने उपरोक्त पुत्रों व पुत्रवधुओं को अपनी समस्त चल एवं अचल सम्पत्तियों से बेदखल करते है। कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था मेरे अभिभाष्यगण के उक्त पुत्रों से किसी प्रकार का कोई संव्यवहार करता है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी। अत सूचित रहे।

(अजय कुमार कुम्हार) एडवोकेट

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण मोहम्मद इब्राहीम खान पुत्र अली मोहम्मद व अमीरून निशा पत्नी मोहम्मद इब्राहीम खान, निवासी शॉप नम्बर 15, चांदनी चौक, कालवाड रोड, झोटवाड़ा, जयपुर हाल निवासी प्लाट नम्बर 60, गुलजार मस्जिद, राजगढ़िया रेजीडेंसी, शांति नगर-ए, झोटवाड़ा, जयपुर की समस्त चल व अचल सम्पत्ति से उनके पुत्र मोहम्मद इमरान व पुत्रवधू परवीन बानों का कोई संबंध व सरोकार नहीं है। मेरे अभिभाष्यगण अपने पुत्र व पुत्रवधु को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है तथा उनके द्वारा मेरे अभिभाष्यगण की चल व अचल सम्पत्ति के संबंध में किये गये किसी भी संव्यवहार अथवा हस्तान्तरण के लिये मेरे अभिभाष्यगण की कोई जिम्मेदारी नहीं रहेगी।

जयपुर (मनीषी कुमारी) एडवोकेट
दिनांक मो. 8696510081

**सार्वजनिक आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक आवासीय मकान (मय जमीन) जिसका प्लाट नंबर A-10-A अमानिशाह रोड, शास्त्री नगर, जयपुर (राज.) कुल क्षेत्रफल 445.91 वर्गमीटर यानि कि 533.33 वर्गगज है यह कि उक्त सम्पति (1) श्रीमती पार्वतीदेवी (आधार न. 632385819539),(2) श्री पवन कुमार (आधार न. 796113682196), (3) श्री अजय कुमार (आधार न. 549471210393) पत्नी/ पुत्र स्व. श्री रामप्रकाश अग्रवाल, (4) श्रीमती सोनाली ( आधार न. 825154429001 ) पुत्री स्व. श्री विष्णु अग्रवाल पत्नी श्री लोकेश अग्रवाल एवं (5) श्रीमती मोनिका टेमाणि (आधार न. 741078895571) पुत्री स्व. श्री रामप्रकाश अग्रवाल पत्नी श्री विजय टेमाणि सभी हाल निवासी जयपुर विधिक रूप से संयुक्त शामलित मालिक स्वामी काबिज एवं अधिकारी काबिज हुए है यह कि उक्त सम्पति मेरे मुवक्किलों द्वारा क्रय की जा रही है उक्त सम्पति बाबत यदि किसी भी व्यक्ति, संस्थान, फर्म, बैंक, वितीय संस्थान, सगे सम्बन्धी या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपति/ एतराज हो तो इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि में व्यक्तिगत रूप से मेरे निम्नलिखित ऑफिस पते पर अपनी आपति/ एतराज मय असल दस्तावेज सहित व्यक्त करें उक्त अवधि पश्चात् इस आम सूचना बाबत कोई भी आपति/ एतराज किसी भी न्यायालय में शून्य व निरस्त समझी जावेगी, सूचित रहे।

**ओजस्विनी अग्रवाल, अधिवक्ता**
ऑफिस: 36 राजीव गाँधी परिसर जयंती मार्किट के सामने M.I. रोड, जयपुर, 95291-21308

**महर्षि संदीपनी टी.टी. कॉलेज**
**जगदीशपुरा कोटपूतली, राज.**
E-Mail- msttcollege@gmail.com
Sr.No.-3966 Date-13.08.2025

**आवश्यकता**

प्राचार्य (1) योग्यता एम.ए., एम.एससी. एम.कॉम.एम.एड. नेट पीएचडी अनुभव 13 वर्ष। व्याख्याता (15) योग्यता- एम.ए.,एम. एससी. एम. कॉम. एम.एड. पीएचडी/नेट-55% सभी विषयों सहित संगीत, नाट्य शास्त्र, शारीरिक शिक्षक, पुस्तकालयाध्यक्ष, कार्यालय सहायक व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एक-एक सभी मूल दस्तावेजों सहित साक्षात्कार के लिए उपस्थित हों।

सम्पर्क-7891339763, 8306039763
सचिव-कृते महर्षि संदीपनी टी.टी. कॉलेज, जगदीशपुरा कोटपूतली, राज.

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक-6266 दिनांक-13.08.2025

**जाहिर आम-सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 267/312 (EWS), (एरिया 47.625 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री राम फूल प्रजापत पुत्र श्री जगदीश प्रसाद प्रजापत को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 4718 दिनांक 16.02.2024 को जारी करा गया। श्री राजीव कुमार पुत्र श्री सक्टूमल के पक्ष में उक्त आवास का नियमितिकरण पत्र क्रमांक 1286/9179 दिनांक 05.01.2018 के द्वारा किया गया। श्री राजीव कुमार के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 16.03.2021 को उप पंजीयक-सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री राजीव कुमार द्वारा श्री मुरारी लाल गुप्ता पुत्र श्री मनोहरी लाल गुप्ता को दिनांक 16.04.2021 को मुख्त्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री मुरारी लाल गुप्ता द्वारा मुख्त्यारनामा आम की हैंसियत से उक्त आवास को दिनांक 29.11.2021 के द्वारा श्री रोहित खण्डेलवाल पुत्र श्री महावीर प्रसाद खण्डेलवाल का नाम विक्रय पत्र में अंकित हो गया था जिसे दिनांक 21.07.2025 को शुद्धिकरण कर श्री रोहित खण्डेलवाल पुत्र श्री महावीर प्रसाद खण्डेलवाल के स्थान पर श्रीमती कान्ता जांगिड पत्नी श्री भरत राम जांगिड उप पंजीयक-चतुर्थ, जयपुर के यहां शुद्धि पत्र पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/क्रेती श्रीमती कान्ता जांगिड पत्नी श्री भरत राम जांगिड द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास में अपना नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अत उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमती कान्ता जांगिड पत्नी श्री भरत राम जांगिड का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त प्रथम, राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर

**खोया पाया**

मेरे मकान नं. 71/346 सेक्टर 7, प्रताप नगर सांगानेर जयपुर के मूल दस्तावेज भौतिक कब्जा पत्र व 7 डेज प्रमाण पत्र मेरे घर से श्योपुर रोड प्रताप नगर सांगानेर जयपुर जाते समय कहीं गिर गए है मिलने पर मो.नं. 9214012355 पर सम्पर्क करें।

**तीये की बैठक**



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पुत्रवधू **श्रीमती सुमन देवी (जांगिड़)** धर्मपत्नी मनोज जांगिड़ का स्वर्गवास दिनांक 12/8/2025 को हो गया है जिनकी तीये कि बैठक दिनांक 14/ 8/2025 को सांय 4:00 से 5:00 बजे तक स्थान मनभर पैलेस सांगा सेतु पुलिया के पास हाई सेकेंडरी स्कूल के सामने सांगानेर पर होगी।

**शोकाकुल परिवारः** राधेश्याम, प्रभुनारायण, सीताराम, मोहनलाल (ससुर) ओमप्रकाश, विनोद, मधुसूदन (जेठ) सुनील, जितेंद्र, विष्णु, गोविंद, यस (पुत्र) कानू (पोत्र) समस्त लौड़ीवाल परिवार कपुरावाला, 13 सरस्वती कॉलोनी सांगानेर मो. 9799900266, 7728010053, 9352034203


**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 93/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री सुनील विरमानी पुत्र श्री इन्द्रजीत निवासी 07 दया नगर, जनकपुरी अलवर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत लिटिल फ्लावर शिक्षा समिति, गिर्राज दर्शन कॉलोनी, सुभाष चौक के पास, दाउदपुर, अलवर के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 08.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 13.10.2025

मोहर अदालत — सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग जयपुर

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4
न्यायालय पारिवारिक न्यायालय क्रम 5 स्थान जयपुर
ममता विरुद्ध छीतरमल
वाद/प्रार्थना पत्र-13 H.M. Act
प्रार्थना-पत्र संख्या - 74/2023 सन्

नाम छीतरमल पुत्र श्री काना राम उम्र-55 वर्ष जाति...पता निवासी पिपलौद, नारायण देवीपुरा, शाहपुरा जिला जयपुर
उक्त ....ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि-
अतः आपको चतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 21 माह 08 सन् 2025 को 10.00 ए.एम. पूर्वान्ह में स्वयं उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।
यह आज दिनांक 04 माह 08 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय कीमुद्रा लगाकर दी गई।

मोहर अदालत — वरिष्ठ मुंसरिम, पारिवारिक न्यायालय क्रम 5, जयपुर महानगर जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/493
चूंकि प्रार्थी श्री PUROHIT NIRAJ KUMAR, A-16, SARASWATI NAGAR, GETOR ROAD, JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास VIDHYA VIHAR, S-3, MANGAL MARG, BAPU NAGAR, JAIPUR-302015 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 11.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 15.10.2025

मोहर अदालत — सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/507
चूंकि प्रार्थी श्री LOCHAN SHARMA 747 MEENA COLONY, DURGA MATA MANDIR KE PICHE, DURGAPURA, JAIPUR-302018 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास SAROKAR SANSTHAN, A-16, SARASWATI NAGAR, GATORE ROAD, JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 11.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 14.10.2025

मोहर अदालत — सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम सौरभ चन्द्र प्रकाश गुप्ता से बदलकर सौरभ गुप्ता पुत्र श्री चन्द्र प्रकाश गुप्ता निवासी 104 मानसरोवर कॉलोनी कालवाड रोड झोटवाडा रख लिया है भविष्य में मुझे सौरभ गुप्ता के नाम से जाना जावें। 9833296170

मैंने अपना नाम राजेन्द्र कुमार राजोरिया से बदलकर राजेन्द्र राजोरिया पुत्र श्री नवरंग राजोरिया रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। पता-ए-51, लक्ष्मी नारायणपुरी, सूरज पोल गेट के बाहर, जयपुर

मैंने अपना नाम कुणाल जैन पुत्र अशोक जैन से बदलकर कुणाल जैन पुत्र अशोक कुमार जैन रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। पता सी-106, विकास मार्ग, अर्जुन लाल सेठी कॉलोनी, ट्रांसपोर्ट नगर, जयपुर।

मैंने अपना नाम कुमारी अर्चना गुप्ता से बदलकर अर्चना रख लिया है। भविष्य में मुझे अर्चना पत्नी चंद्र प्रकाश अग्रवाल निवासी सी-42-ए, त्रिमूर्ति अपार्टमेंट, मॉडल टाउन, जयपुर के नाम से ही जाना जाए। उपरोक्त दोनों नाम मेरे स्वयं के ही है।

I have changed my name Kamal Kumar Godha to Kamal Godha for all future and legal purpose. 502, Royal Avenue Appartment, Dholai, Patrakar Road, Mansarovar, Jaipur-302020

I, Sudarshan Sharma, resident of CD-242 Sumer Nagar, Muhana Road, Dadu Dayal Nagar, Jaipur, hereby affirm that my father's correct name is Madal Lal Sharma. However, due to an error, it has been recorded as Madan Sharma in my passport.

I Sita Dhirawat W/o Chandra Singh Dhirawat R/o 57, Triveni nagar Agra road Luniyawas Jaipur Declare that in my documents my name is entered as Sita Dhirawat but in my child some documents it is entered as Deeps. Both are my names. In future I shall be known as Sita Dhirawat for all purposes Vide affidavit 14.07.2025 Jaipur.

**कार्यालय सचिव राज. मेडीकेयर रिलिफ सोसायटी सामु० स्वा० केन्द शाहबाद (तिजारा) खैरथल – तिजारा**

क्रमांक रू–2025 / 107 दिनांक :– 05.08.2025

**खुली निविदा सूचना**

सचिव राजस्थान मेडीकेयर रिलिफ सोसायटी प्राथ०स्वा०केन्द्र शाहबाद (तिजारा) खैरथल – तिजारा द्वारा निम्न सेवाये उपलब्ध कराने हेतु अधिकृत संस्था से निम्नानुसार निविदा आमन्त्रित की जाती है ।

| क.सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि रूपए | निविदा शुल्क रूपयें | बोली प्रपत्र प्राप्ती की अन्तिम तिथी व समय | बोली प्रपत्र जमा कराने की अन्तिम तिथि व समय | बोली प्रपत्र खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कंप्यूटर ऑपरेटर मैन विद मशीन (संविदा – 2 ) | 300000 /– | 6000 /– | 100 /– | 20.08.2025 12.00 PM | 20.08.2025 1.00 PM | 20.08.2025 2.00 PM |
| 2. | सफाई कार्य | 150000 /– | 3000 /– | | 20.08.2025 12.00 PM | 20.08.2025 1.00 PM | 20.08.2025 2.00 PM |

नियम एवं शर्तें :–

1. निविदाऐं दोहरी बिड प्रणाली अनुसार प्रस्तुत करनी होंगी। पहला लिफाफा (क) तकनीकी बिड का होगा जिसमें अमानत राशि का डीडी /चैक, समस्त वांछित डॉक्युमेंट की प्रमाणित छाया प्रति मय निविदा फार्म लगाया जायेगा। डीडी/बैकर्स चौक राजस्थान मेडिक्येर रिलीफ सोसाइटी शाहबाद के नाम से व तिजारा शाखा पर देय होगा । दुसरा लिफाफा ( ख ) वित्तीय बिड का होगा जिसमें सिर्फ प्रस्तावित दरें ही दी जावेगी। तकनीकी बिड में सफल निविदादाताओं की ही वित्तीय बिड खोली जावेगी ।
2. प्राप्त निविदाऐं दिनांक 20.08.2025 को दोपहर 1.00 तक जमा की जायेगी तथा 20.08.2025 को दोपहर 2.00 निविदा समिति के सदस्यों द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी ।
3. तकनीकी विवरण एवं निविदा की शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध है। जो कार्यालय समय में निर्धारित शुल्क जमा प्राप्त की जा सकती है।
4. अधिक जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in वेबसाईट पर उपलब्ध है।
5. निविदा को स्वीकृत/ अस्वीकृत करने के सम्बन्ध मे समस्त अधिकार कमेटी के पास रहेगा।

सचिव
राज. मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी.
सामू.स्वा.केन्द्र शाहबाद (तिजारा)


राजस्थान सरकार

**बारिश से रुके ज़रूर, पर थमे नहीं**

जयपुर शहर में पहली बार इतने बड़े स्तर पर विकास कार्य प्रगति पर हैं। इन विकास कार्यों में बीसलपुर पाइप लाइन, सीवर लाइन, बिजली की अंडरग्राउंड केबल, इंटरनेट सेवाओं के लिए OFP केबल और अंडरग्राउंड गैस पाइपलाइन जैसे कार्य शामिल हैं। जन-सुविधा के लिए किए जा रहे इन कार्यों के लिए लगभग 1050 कि.मी. की रोड कटिंग पूरे शहर में चल रही है।

इस वर्ष अत्याधिक बारिश से इन विकास कार्यों में बाधा हुई है और सड़कें भी क्षतिग्रस्त हुई हैं।

**सड़कों की मरम्मत व जलभराव राहत के लिए जे.डी.ए. द्वारा किए जा रहे कार्य**

- विभिन्न कार्यों के लिए 105 टीमें कार्यरत
- 974 कि.मी. लंबाई की सड़कों के रिपेयर कार्य पूर्ण
- 1,678 कि.मी. लंबाई की सड़कों के रिपेयर कार्य प्रगति पर
- पिछले कुछ दिनों में 33,462 पॉटहोल्स पर पैच कार्य पूर्ण
- लगभग 66,550 पॉटहोल्स पर पैच कार्य प्रगति पर
- 9 बाढ़ राहत केन्द्रों की स्थापना, 324 स्थानों पर पंप सेट्स
- चैंबर्स ग्रेटिंग की सफाई व अन्य ड्रेनेज कार्य निरंतर जारी

**कृपया ध्यान दें**

- बारिश के दौरान जल भराव वाली सड़क के बजाय अन्य कोई मार्ग अपनाएं
- लाइनें डालने के लिए की गई खुदाई से दूर रहें
- लाइनें डालने के कामों में अवरोध पैदा न करें
- नालों पर किसी प्रकार का निर्माण कार्य न करें

जलभराव या अन्य संबन्धित समस्या होने पर 80056 31231 पर संपर्क करें

जयपुर विकास प्राधिकरण

जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जनहित में जारी

राजस्थान संवाद

# अवैध खनन, महिलाओं के खिलाफ अपराध की हो सख्ती से रोकथाम : पंत

## अजमेर पहुंचने पर मुख्य सचिव सुधांश पंत को गार्ड ऑफ ऑनर दिया

**अजमेर,** 13 अगस्त (कासं)। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने बुधवार को अपने एक दिवसीय दौरे पर अजमेर पहुंचे। अजमेर पहुंचने पर मुख्य सचिव पंत को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने तिरंगा प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में उन्होंने अजमेर और ब्यावर जिला प्रशासन के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली और दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अवैध खनन और महिला अपराधों पर सख्ती से रोकथाम, राइजिंग राजस्थान के कार्यों में तेजी लाने के दिशा निर्देश दिए। मुख्य सचिव सुधांश पंत बुधवार को अजमेर के दौरे पर रहे। उन्होंने जिला कलेक्ट्रेट सभागार में अजमेर एवं ब्यावर जिले के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान की प्रगतिए जिले में अवैध खनन, नशे की रोकथाम, महिला अपराध, राजस्व अर्जन, संपर्क पोर्टल, फ्लैगशिप योजनाओं सहित विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करें। आमजन के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए संवेदनशीलता से कार्य करने की आवश्यकता बताई। जन कल्याण के लिए संचालित योजनाओं पर विशेष ध्यान दें। समस्त पात्र व्यक्तियों को इनसे जोड़ा जाना चाहिए। जिला कलक्टर लोक बन्धु ने हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों, फ्लैगशिप योजनाओं में जिले के प्रदर्शन की जानकारी दी।

■ राइजिंग राजस्थान के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश



मुख्य सचिव सुधांश पंत ने अजमेर और ब्यावर के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

## अफीम व डोडा चूरा बरामद

**कोटा,** (निसं)। केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो टीम ने मादक पदार्थ विरोधी अभियान को जारी रखते हुए मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए जिला उदयपुर तहसील कानोड के ग्राम बड़ा राजपुरा में स्थित एक घर पर छापामार कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ 04.950 किलोग्राम अफीम एवं 72.670 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा बरामद किया, साथ ही मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। यह कार्यवाही केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल के निर्देशन में की गई। उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि जिला उदयपुर तहसील कानोड के ग्राम बड़ा राजपुरा में स्थित एक घर में एक व्यक्ति ने भारी मात्रा में अवैध अफीम और अवैध डोडा चूरा छुपा कर रखा है और इसे बाड़मेर क्षेत्र के तस्करों तक पहुंचाने जा रहा था। उक्त सूचना पर सीबीएन कोटा के अधिकारियों की एक टीम गठित की गई और टीम को रवाना किया।

## दिल्ली से आई बारात को वापस लौटाया

**श्रीगंगानगर।** पुरानी आबादी एरिया में 13 साल 4 माह की एक किशोरी की शादी होने जा रही थी। इसकी गोपनीय सूचना पर पहुंची प्रशासनिक टीम ने किशोरी का विवाह बालिग होने तक नहीं करने को परिवार को पाबंद किया है। परिवार वाले जगह और समय बदलकर किशोरी की शादी नहीं कर दें, इसके लिए आंगनबाड़ी केंद्र संचालिका और पुरानी आबादी पुलिस की निगरानी लगाई गई है।

चाइल्ड हेल्प लाइन के जिला समन्वयक त्रिलोक वर्मा ने बताया कि चाइल्ड हेल्प लाइन की टोल फ्री नंबर 1098 पर सोमवार रात 10 बजे गोपनीय कॉल आई। इसमें कॉलर ने बताया कि पुरानी आबादी के वार्ड 15 में सुखवंत सिनेमा के निकट एक परिवार के यहां बाल विवाह होने जा रहा है। इस गोपनीय सूचना की रात को ही तस्दीक करवाई गई। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष जोगेंद्र कौशिक, सदस्य आनंद मारवाल, डॉ. रामप्रकाश शर्मा, पुरानी आबादी थाने से हैड कांस्टेबल धर्मपाल ज्याणी व महिला सिपाही के साथ शादी वाले घर पहुंचे। परिवार से शादी वाली लड़की की उम्र के सत्यापन को दस्तावेज मांगे गए।

# दादा की अंगुली पकड़ कर सड़क पार कर रही मासूम को बाइक ने मारी टक्कर

## बाइक सवार के खिलाफ नसीराबाद थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई

**अजमेर/ नसीराबाद,** (कासं)। अपने दादा के साथ उंगुली पकड कर सड़क पार कर रही ढाई वर्षीय मासूम को तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। मासूम को बाइक सवार करीब 20 मीटर तक घसीट कर ले गया। बाइक चालक टक्कर के बाद मौके से फरार हो गया। घटना 8 अगस्त की बताई जा रही है, जिसका दिल दहलाने वाला वीडियो बुधवार को सामने आया है। परिजन ने बाइक सवार के खिलाफ नसीराबाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

बलंवता चौराहा निवासी अशोक कुमार पुत्र ईश्वरलाल ने नसीराबाद सदर थाने में अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसमें बताया कि अपनी ढाई वर्षीय पोती कृषिका के साथ सडक् पार कर रहा था, तभी एक बाइक सवार तेजी से लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाते हुए आया और पोती के जोरदार टक्कर मार दी, उसे घसीटते हुए 20 मीटर ले गया। पीडित् दादा ने बताया कि बाइक चालक को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में मासूम गंभीर रूप जख्मी हो गई।

**हादसे का वीडियो आया सामने:-** हादसे का वीडियो बुधवार को सामने आया हैं। वीडियो में दिखाई दे रहा है, 8 अगस्त को पोती अपने दादा का हाथ पकडक़र सडक़ पार कर रहें थे, तभी तेज बाइक ने टक्कर मारकर 20 मीटर तक घसीटा। दादा दौड़ते हुए पोती के पास पहुंचे और राहीगरों की मदद से मासूम को लेकर नसीराबाद राजकीय अस्पताल पहुंचे। नसीराबाद सदर थाना पुलिस ने बाइक चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।



सड़क पर बेसुध पड़ी मासूम ( गोले में ) उठाने के दौड़ता हुआ दादा।

■ 20 मीटर तक घसीटा, चालक फरार, दादा ने पुलिस में की शिकायत

## अमेरिका में शेफ की नौकरी का झांसा देकर 10 लाख की ठगी

**श्रीगंगानगर।** अमेरिका में शेफ की नौकरी का सपना दिखाकर 10 लाख ठगी का मामला सदर थाना में अदालत के आदेश पर दर्ज हुआ है। परिवादी विजय भारत निवासी पहल सिटी नाथांवाली की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इनमें विशाल सिंह व आकाश सिंह निवासी 42 एफ श्रीकरणपुर, रोहित शर्मा निवासी गजसिंहपुर व सेठी फाइनेंसर गजसिंहपुर के खिलाफ संबंधित धाराओं के केस दर्ज हुआ है।

परिवादी ने इस्तगासे में बताया कि वह 12वीं तक पढ़ा-लिखा है और वर्तमान में प्राइवेट जॉब कर रहा है। कुछ समय पहले उसकी जान-पहचान विशाल सिंह से हुई। विशाल ने स्वयं को अमेरिका में रहने वाला बताया और दावा किया कि उसका वहां आना-जाना लगा रहता है। परिवादी ने बताया कि विशाल ने उसे अमेरिका भेजकर रेस्टोरेंट में शेफ की नौकरी दिलवाने का झांसा दिया। इसके लिए पहले फाइल तैयार करवाने की बात कही। परिवादी ने बताया कि उसने विशाल की बातों पर भरोसा कर अमेरिका जाने के लिए हामी भर दी। कुछ समय बाद विशाल ने उससे संपर्क कर ऑनलाइन भुगतान करने को कहा। परिवादी ने बताया कि विशाल सिंह, आकाशदीप, रोहित शर्मा के खातों में राशि जमा करवाई गई। इसके बाद सात लाख रुपए की मांग हुई तो उसने पैसे न होने की बात कही। इस पर आरोपियों ने गजसिंहपुर निवासी सेठी फाइनेंसर से रुपयों की व्यवस्था करवाने की बात कही।

विजय ने बताया कि यहां उससे दो चेक लेकर सारी व्यवस्था होने की बात कही गई। इस तरह आरोपियों ने अलग-अलग समय में उससे 10 लाख रुपए ले लिए। इसके अलावा दो खाली चेक भी अपने पास रख लिए। परिवादी ने आरोप लगाया कि रुपए और चेक लेने के बावजूद आरोपियों ने उसे न तो अमेरिका भेजा और न ही रुपए लौटाए। बार-बार संपर्क करने पर भी टालमटोल करते रहे। यह धमकी दी गई कि खाली चेकों का उपयोग कर कानूनी कार्रवाई में फंसा देंगे। इसे लेकर पुलिस को सूचना दी। कार्रवाई नहीं होने पर अदालत के माध्यम से केस दर्ज करवाया गया। पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

■ परिवादी ने बताया कि विशाल ने उसे अमेरिका भेजकर रेस्टोरेंट में शेफ की नौकरी दिलवाने का झांसा दिया था।

# जोधपुर के पांच डॉक्टरों ने अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी पर तिरंगा फहराया




**जोधपुर,** (कासं)। सूर्यनगरी के पांच डॉक्टर्स ने अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी किलिमंजारों पर तिरंगा फहराया है। चोटी पर पहुंचने के बाद जय हिन्द के नारे लगाए।

डॉ. शंकर सिंह शेखावत ( जूनसिया ) ने कहा कि टफ चैलेंस एवं एडवेंचर्स उन्हे जीवन जीने की नई सीख देते है। मरीजों के उपचार के दौरान ऐसी कई समस्याएं उत्पन्न होती है। जिनका सामना कर मरीजों का बेहतर स्वस्थ जीवन देने के लिए साहस और ध्येय की आवश्यकता होती है। डॉ . शंकर सिंह शेखावत ने कहा कि साहस और ध्यैर्य ये वहीं लगेज है, जो प्रत्येक मनुष्य में निहित होता है। जिसकी पहचान हमें ऐसे ही दुर्गम रास्तों की कठिनाइयों से रूबरू होकर होती है। समुद्री तल से हजारों मीटर उचाई पर स्थित सिर की सीध में चढ़ाई करना और आगे बढ़ते रहना किसी जंग से कम नहीं है। ऐसे में आपको अपनी काबिलियत और साहस की पहचान खुद बा खुद हो जाती है। पर्वती चोटियों के क्लाइमेंट की घटनाओं को पार करते हुए जब हम सभी डॉक्टर्स किलिमंजारों की चोटी पर पहुंचे तो पहली ही राहत की सांस के साथ अपने बैग में रखे तिरंगें झण्डे को बाहर निकला और चोटी पर फहराया और जय हिन्द के नारे लगाए। दुर्गम चोटी पर फहते करने और तिरंगा लहराने की ऐसी खुशी मिली,जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।

## स्वाधीनता दिवस समारोह का पूर्वाभ्यास

**जोधपुर।** राज्य स्तरीय 79वें स्वाधीनता दिवस समारोह की तैयारियां जोधपुर में पूर्ण गरिमा के साथ अंतिम चरण में हैं। बरकतुल्लाह ख़ां स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह के अंतिम पूर्वाभ्यास में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रतिनिधि एवं संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। मुख्य कार्यक्रम के नियत समय के अनुरूप बुधवार को डॉ. सिंह प्रात: 9:05 बजे समारोह स्थल पर पहुँचीं, जहां उन्होंने राष्ट्रीय अभिवादन स्वीकार कर राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराया। इस दौरान भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर द्वारा आकाश से पुष्पवर्षा की गई। राष्ट्रगान के पश्चात उन्होंने परेड का निरीक्षण किया और तत्पश्चात अपना स्थान ग्रहण कर परेड विसर्जन की औपचारिकता पूरी की।

# सहायक अभियंता के लिए दलाल और सहायक लेखाधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जयपुर ग्रामीण टीम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए सीकर के अतिरिक्त जिला परियोजना समग्र शिक्षा अभियान के सहायक अभियंता खुमाराम के लिये उसके दलाल (प्राइवेट व्यक्ति) कमल कुमार कुमावत और साठ हजार रुपये एवं उसी कार्यालय के सहायक लेखाधिकारी-प्रथम रामचंद्र को भी चालीस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। वहीं एसीबी की कार्रवाई की भनक लगने पर सहायक अभियंता खुमाराम फरार हो गया। जिसकी तलाश की जा रही है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी जयपुर ग्रामीण को परिवादी ने शिकायत दी कि उसकी फर्म द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देवास सीकर में करवाये गये कमरों के निर्माण के बकाया बिलों की राशि करीब 27 लाख रूपये को पास करने की एवज में अतिरिक्त जिला परियोजना समग्र शिक्षा अभियान का सहायक अभियंता खुमाराम साठ हज़ार रूपये एवं सहायक लेखाधिकारी 45 हज़ार रुपये की मांग कर रहे है। जिस पर एसीबी जयपुर ग्रामीण के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार सिहाग ने ट्रेप की कार्रवाई करते हुए अतिरिक्त जिला परियोजना समग्र शिक्षा अभियान सीकर के सहायक अभियंता खुमाराम के कहने पर उसके दलाल कमल (प्राइवेट व्यक्ति) को साठ हज़ार रूपये एवं सहायक लेखाधिकारी-प्रथम रामचंद्र को चालीस हज़ार रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है।



27 लाख रूपये को पास करने की एवज में मांगी गई थी रिश्वत।

## 75 रूपये का सिक्का जारी होगा

**बीकानेर ( कासं )।** वर्ष 1951 में स्थापित, यह संस्थान स्थापित होने वाला पहला प्रौद्योगिकी संस्थान है और इसे राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के रूप में मान्यता प्राप्त है। आई आई टी खड़कपुर को 2019 में भारत सरकार द्वारा उत्कृष्ट संस्थान का दर्जा दिया गया है । इस वर्ष यह संस्थान अपने स्थापना की 75वीं वर्षगांठ यानी कि प्लेटिनम जुबली मना रहा है । इस खास अवसर पर भारत सरकार 75रूपये का एक स्मारक सिक्का जारी करने जा रही है । वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग ने इस संबंध में 12 अगस्त 2025 को गजट अधिसूचना भी जारी कर दी है। प्रसिद्ध मुद्राशास्त्री बीकानेर के सुधीर लुणावत के अनुसार आई आई टी खड़कपुर के 75 रूपये के सिक्के का वजन 40 ग्राम है जो शुद्ध चांदी से बना है सिक्के के एक तरफ आई आई टी खड़कपुर की प्लेटिनम जुबली का लोगों बना है जिसके ऊपरी परिधि पर हिंदी में तथा निचली परिधि पर अंग्रेजी में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़कपुर लिखा है ।


कार्यालय उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभ्यारण्य, धौलपुर
महिला पुलिस थाने के पास हाउसिंग बोर्ड,पुरानी छावनी,धौलपुर पिन कोड 328001 Email ID:-dcfwlghariyalswm@gmail.com
क्रमांक: एफ ( )/उवसं/वजीधौ./राचघअ./2025-26/2128 दिनांक:-05.08.2025
Notice Inviting Bid
Bid for providing Construction of APC at Forest Block of Wildlife Range Chambal sevar District- Dholpur of DCF WL NCS Dholpur are invited from interested bidders upto 11:00 AM, 18.08.2025, other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in of the state. The approximate value of the procurement is 12.79 lakhs.
UBN No. FOR2526WSOB01208
(डा. आशीष व्यास) उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घडियाल अभ्यारण्य धौलपुर
DIPR/C/11372/2025

कार्यालय उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभ्यारण्य, धौलपुर
महिला पुलिस थाने के पास हाउसिंग बोर्ड,पुरानी छावनी,धौलपुर पिन कोड 328001 Email ID:-dcfwlghariyalswm@gmail.com
क्रमांक: एफ ( )/उवसं/वजीधौ./राचघअ./2025-26/2127 दिनांक:-05.08.2025
Notice Inviting Bid
Bid for providing Construction of barracks at Forest Block of Wildlife Range Saramthura District- Dholpur of DCF WL NCS Dholpur are invited from interested bidders upto 11:00 AM, 18.08.2025, other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in of the state. The approximate value of the procurement is 25.58 lakhs.
UBN No. FOR2526WSOB01206
(डा. आशीष व्यास) उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घडियाल अभ्यारण्य धौलपुर
DIPR/C/11371/2025

कार्यालय उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभ्यारण्य, धौलपुर
महिला पुलिस थाने के पास हाउसिंग बोर्ड,पुरानी छावनी,धौलपुर पिन कोड 328001 Email ID:-dcfwlghariyalswm@gmail.com
क्रमांक: एफ ( )/उवसं/वजीधौ./राचघअ./2025-26/2126 दिनांक:-05.08.2025
Notice Inviting Bid
Bid for providing Construction of barracks at Forest Block of Wildlife Range Chambal Sevar District- Dholpur of DCF WL NCS Dholpur are invited from interested bidders upto 11:00 AM, 18.08.2025, other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in of the state. The approximate value of the procurement is 12.79 lakhs.
UBN No. FOR2526WSOB01205
(डा. आशीष व्यास) उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घडियाल अभ्यारण्य धौलपुर
DIPR/C/11370/2025

कार्यालय उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभ्यारण्य, धौलपुर
महिला पुलिस थाने के पास हाउसिंग बोर्ड,पुरानी छावनी,धौलपुर पिन कोड 328001 Email ID:-dcfwlghariyalswm@gmail.com
क्रमांक: एफ ( )/उवसं/वजीधौ./राचघअ./2025-26/2125 दिनांक:-05.08.2025
Notice Inviting Bid
Bid for providing Construction of barracks at Forest Block of Wildlife Range Vanvihar District- Dholpur of DCF WL NCS Dholpur are invited from interested bidders upto 11:00 AM, 18.08.2025, other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in of the state. The approximate value of the procurement is 25.58 lakhs.
UBN No. FOR2526WSOB01204
(डा. आशीष व्यास) उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घडियाल अभ्यारण्य धौलपुर
DIPR/C/11369/2025

कार्यालय उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभ्यारण्य, धौलपुर
महिला पुलिस थाने के पास हाउसिंग बोर्ड,पुरानी छावनी,धौलपुर पिन कोड 328001 Email ID:-dcfwlghariyalswm@gmail.com
क्रमांक: एफ ( )/उवसं/वजीधौ./राचघअ./2025-26/2124 दिनांक:-05.08.2025
Notice Inviting Bid
Bid for providing Construction of Choki at Forest Block of Wildlife Range Saramthura District- Dholpur of DCF WL NCS Dholpur are invited from interested bidders upto 11:00 AM, 18.08.2025, other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in of the state. The approximate value of the procurement is 63.94 lakhs.
UBN No. FOR2526WSOB01203
(डा. आशीष व्यास) उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घडियाल अभ्यारण्य धौलपुर
DIPR/C/11368/2025

कार्यालय उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभ्यारण्य, धौलपुर
महिला पुलिस थाने के पास हाउसिंग बोर्ड,पुरानी छावनी,धौलपुर पिन कोड 328001 Email ID:-dcfwlghariyalswm@gmail.com
क्रमांक: एफ ( )/उवसं/वजीधौ./राचघअ./2025-26/ 2123 दिनांक:-05.08.2025
Notice Inviting Bid
Bid for providing Construction of Choki at Forest Block of Wildlife Range Chambal dholpur District- Dholpur of DCF WL NCS Dholpur are invited from interested bidders upto 11:00 AM, 18.08.2025, other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in of the state. The approximate value of the procurement is 12.79 lakhs.
UBN No. FOR2526WSOB01202
(डा. आशीष व्यास) उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घडियाल अभ्यारण्य धौलपुर
DIPR/C/11367/2025

कार्यालय उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभ्यारण्य, धौलपुर
महिला पुलिस थाने के पास हाउसिंग बोर्ड,पुरानी छावनी,धौलपुर पिन कोड 328001 Email ID:-dcfwlghariyalswm@gmail.com
क्रमांक: एफ ( )/उवसं/वजीधौ./राचघअ./2025-26/2122 दिनांक:-05.08.2025
Notice Inviting Bid
Bid for providing Construction of Choki at Forest Block of Wildlife Range Chambal sevar District- Dholpur of DCF WL NCS Dholpur are invited from interested bidders upto 11:00 AM, 18.08.2025, other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in of the state. The approximate value of the procurement is 51.15 lakhs.
UBN No. FOR2526WSOB01201
(डा. आशीष व्यास) उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घडियाल अभ्यारण्य धौलपुर
DIPR/C/11366/2025

कार्यालय उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभ्यारण्य, धौलपुर
महिला पुलिस थाने के पास हाउसिंग बोर्ड,पुरानी छावनी,धौलपुर पिन कोड 328001 Email ID:-dcfwlghariyalswm@gmail.com
क्रमांक: एफ ( )/उवसं/वजीधौ./राचघअ./2025-26/2121 दिनांक:-05.08.2025
Notice Inviting Bid
Bid for providing Construction of Choki at Forest Block of Wildlife Range Vanvihar of DCF WL NCS Dholpur are invited from interested bidders upto 11:00 AM, 18.08.2025, other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in of the state. The approximate value of the procurement is 63.94 lakhs.
UBN No. FOR2526WSOB01200
(डा. आशीष व्यास) उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घडियाल अभ्यारण्य धौलपुर
DIPR/C/11365/2025

Government of Rajasthan
Water Resources Department
Office of the Executive Engineer Water Resources Division Dholpur
Tel & Fax No. 05642-220880 E-Mail- eewrddholpur1@gmail.com
INVITATION OF E-NIT NO. 07 YEAR 2025-26
No. 1837 Date-07.08.2025
On behalf of governor of Rajasthan E-NIT No. 07 Year 2025-26 is invited from eligible contractor for 02 Nos. works cost of works is Rs. 29.87 Lacs. The detail of works is available on following websites.
1. www.diprrajasthan.gov.in, 2. www.sppp.rajasthan.gov.in,
3. www.eproc.rajasthan.gov.in
UBN NO. 1. WRD2526WSOB00854, 2. WRD2526WSOB00855
Executive Engineer Water Resources Division Dholpur
DIPR/C/11549/2025

कार्यालय उपवन संरक्षक धौलपुर
क्रमांक-उ.व.सं.धौ/लेखा/निविदा/2025-26/5030 दिनांक-07.08.2025
Notice Inviting Bid
Bid for Rate contract for Machinory work in Various forestory Work are invited from interested bidders upto 3.00 P,.M. 18.08.2025. other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://sppp.raj.nic.in and https://eproc.rajasthan.gov.in of the state. The approximate value of the procurement is 149.00 lakhs.
UBN NO.-FOR2526WSRC01244
DIPR/C/11607/2025 DCF Dholpur

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड नाथद्वारा जिला राजसमन्द राजस्थान
क्रमांक- टी.एस./निविदा/नाथद्वारा/2025-26/19 दिनांक-05.08.2025
निविदा सूचना संख्या 06/2025-26
NIB CODE-PWD2526A2441
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निर्माण कार्य हेतु मय पांच वर्ष की मरम्मत एवं संधारण की अवधि लिए (केवल नवीन कार्यो के लिए) उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों में पंजीकृत "एए" "ए" "बी" "सी" एवं "डी" श्रेणी तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जा कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यो हेतु ई-टेन्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में कुल 4 कार्य जिनकी कुल 235.05 लाख है, प्राप्त की जावेगी। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। कार्यवार UBN संख्या निम्नानुसार है।
UBN NO. 1. PWD2526WSOB09010, 2. PWD2526WSOB09011,
3. PWD2526WSOB09012, 4. PWD2526WSOB09013
(भानु प्रकाश माथुर) अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. खण्ड नाथद्वारा
DIPR/C/11387/2025

कार्यालय उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभ्यारण्य, धौलपुर
महिला पुलिस थाने के पास हाउसिंग बोर्ड,पुरानी छावनी,धौलपुर पिन कोड 328001 Email ID:-dcfwlghariyalswm@gmail.com
क्रमांक: एफ ( )/उवसं/वजीधौ./राचघअ./2025-26/2129 दिनांक:-05.08.2025
Notice Inviting Bid
Bid for providing Construction of APC at Forest Block for wildlife range saramthura of DCF WL NCS Dholpur are invited from interested bidders upto 11:00 AM, 18.08.2025, other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in of the state. The approximate value of the procurement is 12.79 lakhs.
UBN No. FOR2526WSOB01209
(डा. आशीष व्यास) उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घडियाल अभ्यारण्य धौलपुर
DIPR/C/11373/2025

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जल संसाधन धौलपुर लिफ्ट खण्ड धौलपुर
क्रमांक/निविदा/2025-26/840 दिनांक-05.08.2025
अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 01/2025-26
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न हस्ताक्षरकर्ता द्वारा नवीन पंजीकरण नियमों के अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से Tree Plantation in mission Hariyalo Rajasthan कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसकी अनुमानित कुल लागत राशि रू. 64.10 लाख है। निविदा निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से http://www.eproc.rajasthan.gov.in की वेबसाईट से डाउनलोड एवं अपलोड की जावेगी। निविदा से सम्बन्धत विस्तृत विवरण विभाग की वेबसाईट http://www.waterresources.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in पर भी देखा जा सकता है। निविदा दिनांक 25.07.2025 प्रात 9.30 बजे से दिनांक 18.08.2025 सायं 05.00 बजे तक से http://www.eproc.rajasthan.gov.in से Upload की जा सकती है/देखी जा सकती है।
NIB CODE: WRD2526A0303, UBN is WRD: WRD2526WSOB00798
(बिज्जे लाल शर्मा) अधिशाषी अभियन्ता जल संसाधन धौलपुर लिफ्ट खण्ड धौलपुर
DIPR/C/11379/2025

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड-करौली
क्रमांक- Rajkaj-1955-74 दिनांक-05.08.2025
ई-निविदा सूचना संख्या-08/2025-26
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से विभिन्न कार्यो के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण/डाक एवं दुर संचार विभाग/रेलवे इत्यादि के पंजीकृत संवेदकों जो कि राज्य सरकार के एए, ए, बी, सी, डी, श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदाओं से संबंधित विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
NIB CODE- PWD2526A2413, NUB NO. 1- PWD2526WSOB08900
अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड करौली
DIPR/C/11310/2025

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सावेजनिक निर्माण विभाग विद्युत खण्ड भरतपुर
निविदा सूचना सं. 03/2025-26
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से मय दोष निवारण एवंउनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिलिटी पीरियड) शर्त सहित सा.नि.वि. विद्युत राजस्थान जयपुर में उपयुक्त विद्युत श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया में ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण इन्टरनेट साईट www.pwd.rajasthan.gov.in, www.dipr.rajasthan.gov.in पर एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर भी उपलबध है।

| S.No. | NIB NO. | UBN NO. |
|---|---|---|
| 1 | PWD2526A2484 | PWD2526WSOB09207 |
| 2 | PWD2526A2484 | PWD2526WSOB09209 |
| 3 | PWD2526A2484 | PWD2526WSOB09211 |
| 4 | PWD2526A2484 | PWD2526WSOB09213 |
| 5 | PWD2526A2484 | PWD2526WSOB09214 |
| 6 | PWD2526A2484 | PWD2526WSOB09215 |
| 7 | PWD2526A2484 | PWD2526WSOB09217 |
| 8 | PWD2526A2484 | PWD2526WSOB09219 |
| 9 | PWD2526A2484 | PWD2526WSOB09221 |

अधिशाषी अभियन्ता सानिवि विद्युत खण्ड भरतपुर
DIPR/C/11553/2025

# स्वार्थी गांधी परिवार देशभक्त नेतृत्व पर लगा रहे हैं अनर्गल आरोप, यह दुर्भाग्यपूर्ण : मदन राठौड़

**जिनके चुनाव को देश की न्याय पालिका ने किया रद्द, उनके लोग आज प्रधानमंत्री मोदी पर आरोप लगाने का कर रहे है दुस्साहस : राठौड़**

**जयपुर** । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि जिन लोगों की दादी ने अनैतिक तरीके से चुनाव जीता था और जिनके चुनाव को देश की न्याय पालिका ने रद्द कर दिया था, वहीं लोग आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरोप लगाने का दुस्साहस कर रहे हैं। यह अत्यंत आश्चर्यजनक है कि जिनकी दादी अनैतिक रूप से चुनाव जीती, वे अब 140 करोड़ देशवासियों का मान बढ़ाने वाले नेता पर आरोप लगा रहे है।

राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते 11 वर्षों में भारत को वैश्विक स्तर पर सम्मान दिलाया है। भारत की अर्थव्यवस्था को 10वें स्थान से चौथे स्थान तक पहुंचाया, सैन्य ताकत को सशक्त किया, इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि आज देश का हर नागरिक गौरव की अनुभूति कर रहा है।

प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने इंदिरा गांधी के शासनकाल को याद करते हुए कहा कि उन्होंने चुनाव जीतने के लिए सरकारी मशीनरी का खुलकर दुरुपयोग किया। यही नहीं, जब देश की अदालत ने उनके चुनाव को अमान्य ठहराया, तब उन्होंने लोकतंत्र को कुचलते हुए आपातकाल (इमरजेंसी) लागू कर दी। गांधी परिवार की राजनीति सदैव स्वार्थ आधारित रही है, देश और आमजन के विकास से उनका कोई लेना-देना नहीं रहा है।

आपातकाल के बाद करारी हार पर इंदिरा गांधी ने मतदाताओं को ''एक झुंड मूर्खों का'' कहा। वहीं 1989 में राजीव गांधी ने चुनावों से बैलेट पेपर हटाने की बात कही। अब उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए प्रोपेगेंडा मास्टर राहुल गांधी चुनाव आयोग पर सवाल खड़ा कर रहे है। कांग्रेस का इतिहास साफ़ बताता है कि सत्ता के लिए चुनावी तंत्र से छेड़छाड़ उनकी पुरानी आदत है।

मदन राठौड़ ने मतदाता सूची को लेकर कांग्रेस द्वारा उठाए जा रहे सवालों को खारिज करते हुए कहा कि मतदाता पुनरीक्षण एक नियमित और संवैधानिक प्रक्रिया है। हर वर्ष यह प्रक्रिया होती है, जिसमें नए नाम जोड़े जाते हैंऔर अनुपयुक्त नाम हटाए जाते हैं। यदि रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम हटाए गए हैं तो इसमें आपत्ति क्यों? क्या कांग्रेस इन्हें अपना वोट बैंक मानती है? उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग एक स्वतंत्र संवैधानिक संस्था है और उस पर प्रश्नचिन्ह लगाना कांग्रेस की पुरानी आदत रही है। जब कांग्रेस सत्ता में होती है, तो संस्थाएं सही होती हैं, लेकिन जैसे ही हार होती है, वे उन्हीं संस्थाओं की कार्यशैली पर सवाल उठाने लगते हैं। यह कांग्रेस का दोहरा चरित्र और लोकतंत्र के प्रति अनास्था को दर्शाता है।

राठौड़ ने बताया कि आज़ाद भारत के पहले आम चुनाव 1952 में, लोकतंत्र के इतिहास में एक बेहद काला अध्याय लिखा गया। उस समय कांग्रेस पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टी ने मिलकर भारत के संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर को उनके लोकसभा क्षेत्र से पराजित करने के लिए सुनियोजित साज़िश रची।

इनता ही नहीं, बाबा साहेब को हराने के लिए लगभग 70 हजार से अधिक मतपत्रों को जानबूझ कर रद्द कर दिया गया। यह कोई साधारण चुनावी हार नहीं थी, बल्कि लोकतंत्र और न्याय की मूल भावना के साथ किया गया विश्वासघात था। सत्ता के नशे में चूर राजनीतिक ताकतों ने उन्हीं के साथ अन्याय कर, लोकतांत्रिक मूल्यों का गला घोंट दिया था। डॉ. अंबेडकर महज़ 14 हजार से कुछ अधिक मतों से हार गए थे। अगर वे 70 हजार से अधिक वैध वोट रद्द न किए जाते, तो इतिहास का परिणाम शायद बिल्कुल अलग होता। यह घटना स्वतंत्र भारत के चुनावी इतिहास में पहली संगठित वोट चोरी के रूप में दर्ज हुई, और यह भी कटु सत्य है कि इसका शिकार देश के संविधान निर्माता स्वयं बने। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी 90 चुनाव हार चुकी हैं इसलिए संवैधानिक संस्थाओं पर हमला कर रहे हैं।

## जगतपुरा में कैफे में रखे एलपीजी सिलेंडर में ब्लास्ट

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर** । जगतपुरा इलाके में बुधवार सुबह अचानक से कैफे में रखे सिलेंडर में आग लग गई। जिसका बाद उसमें जोरदार ब्लॉस्ट हो गया और आसपास की इमारतों में भी आग लग गई। इस आग ने मोहल्ले में घर के बाहर खड़े वाहनों को भी अपनी चपेट में ले लिया। जिसके बाद घटना स्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग ने आग पर काबू पाया।

बताया जा रहा है कि इलाके में स्थित एक कैफे में खाना बनाया जा रहा था। इसी दौरान एलपीजी सिलेंडर में से गैस लीक होने लगी और देखते ही देखते सिलेंडर ने आग पकड ली। तभी अचानक से तेज धमाके के साथ सिलेंडर फट गया।

गनीमत ये रहीं इस हादसे में कोई चोटिल नहीं हुआ। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

## एल.आई.सी. को पहली तिमाही में 5 प्रतिशत लाभ

**जयपुर** (कासं)। भारतीय जीवन बीमा निगम (एल.आई.सी.) के निदेशक मंडल ने 30 जून को समाप्त तिमाही के लिए एकल और समेकित वित्तीय परिणामों को स्वीकृति देते हुए उन्हें अनुमोदित किया है।

एल.आई.सी. के सीईओ और प्रबंध निदेशक आर. दुरैस्वामी ने बताया कि 1 अप्रैल से 30 जून तक एल.आई.सी. के कर पश्चात लाभ में 5.02 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जो कि यह राशि बढ़कर 10986 करोड़ रु. हो गयी है। जबकि वर्ष 2024 की इसी तिमाही में यह राशि 10461 करोड़ रु. थी। उन्होंने बताया कि एल.आई.सी. ने प्रथम वर्ष प्रीमियम के आधार पर बीमा बाजार में 63.51 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ प्रथम स्थान रखा। इसके अलावा व्यक्तिगत व्यवसाय में असहभागी (नॉन पार) एपीई का हिस्सा भी वित्त वर्ष इस पहली तिमाही में 30.34 प्रतिशत रहा, जबकि गत वर्ष यह 23.94 फीसदी था। व्यक्तिगत व्यवसाय असहभागी (नॉन पार) एपीई 32.61 प्रतिशत बढ़कर 2142 करोड़ रु. हो गयी है। इसी प्रकार समूह व्यवसाय ए.पी.ई. भी 14.14 प्रतिशत बढ़ोतरी के साथ 5590 करोड़ रु. पर जा पहुंची है। समग्र एपीई 9.45 प्रतिशत से बढ़कर 12 हजार 652 करोड़ रु. हो गयी है। नव व्यवसाय का मूल्य 20.75 प्रतिशत बढ़कर 1944 करोड़ रु. हुआ है। इसके अलावा कुल प्रीमियम आय 4.77 प्रतिशत बढ़कर 1 लाख 19 हजार 200 करोड़ रु. हुई है।



**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर सपत्नीक ''हर घर तिरंगा'' अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर शर्मा ने प्रदेशवासियों से अपने घरों पर ध्वज फहराने और अभियान से अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने की अपील की। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर संचालित ''हर घर तिरंगा'' अभियान 13 से 15 अगस्त तक नागरिकों को अपने घर, कार्यस्थलों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित करता है।**

## बेसमेंट खुदाई के दौरान मिट्टी ढही, युवक की मौत

**जयपुर** । बिंदायका क्षेत्र के सिरसी स्थित पालवाले बालाजी मंदिर रोड पर बुधवार को आदिनाथ नगर कॉलोनी के पास बेसमेंट खुदाई के दौरान बड़ा हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार होटल निर्माण के लिए हो रही खुदाई में मिट्टी धंसने से पानी से भरा ट्रैक्टर-टैंकर पलट गया। जिसके नीचे 19 वर्षीय युवक दब गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों और मजदूरों ने कड़ी मशक्कत कर युवक को बाहर निकाला और पास के बालाजी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर एसएमएस अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। थानाधिकारी विनोद कुमार वर्मा ने बताया कि थाना इलाके में स्थित आदिनाथ नगर कॉलोनी के पास होटल निर्माण के लिए हो रही खुदाई में मिट्टी धंसने से पानी से भरा ट्रैक्टर-टैंकर पलट गया। जिसके नीचे दबने से समर्थ मीणा (19) मौत हो गई जो हेल्पर का काम करता था।

## नकली पनीर बनाने और बेचने वाले 5 गिरफ्तार

**मेवात से नकली पनीर सप्लाई करने जयपुर आते थे बदमाश, पुलिस के हत्थे चढ़े**

**जयपुर** । लालकोठी थाना पुलिस ने दूध डेयरी की आड़ में नकली पनीर बनाने वालों के साथ सप्लाई करने वाले पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नकली पनीर जब्त किया है। ये शातिर बदमाश मेवात इलाकों से नकली पनीर बनाकर जयपुर में सप्लाई करते थे।

थानाधिकारी बाबूलाल ने बताया कि नकली पनीर बनाने वाले दो डेसरी संचालक व तीन सप्लाई करने वालों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 8 अगस्त को नकली पनीर की सप्लाई करने वाले मनीष पुत्र शाहबुद्दीन, मुफीद पुत्र हारुन और शालीम पुत्र जमील को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक पिकअप से 18 सौ किलो नकली पनीर जब्त किया था। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने डेयरी संचालक से नकली पनीर खरीदना कबूल किया। आरोपियों ने बताया कि वो ऑन डिमांड जयपुर में नकली पनीर की सप्लाई देते थे। पूछताछ के बाद पुलिस ने मंगलवार देर रात डेयरी संचालक को नकली पनीर खरीदने वाले विक्रम सिंह शेखावत उर्फ विक्की (30) पुत्र श्याम सिंह, निवासी गांव लखेर, थाना चंदवाजी जयपुर , ग्रीन पार्क , सी- कालोनी नांगल जैसा बोहरा , करधनी निवासी और तसलीम (26) पुत्र तैयब मेव निवासी गांव नई बिछोर, जिला नुहू हरियाणा हाल रघुनाथपुरी, बोरिंग रोड, मदीना कालोनी, झोटवाडा निवासी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दोनो डेयरी संचालक नकली पनीर लोगों को बेंचते है।

## सार-समाचार

### एआई और मीडिया की निष्पक्षता पर बहस



**जयपुर** । कला मंज़र सोसाइटी एवं हैंड्स टूगेदर अभियान के संयुक्त तत्वावधान में, डिफेंस पब्लिक स्कूल, वैशाली नगर के सहयोग से स्कूल के हिंदी क्लब में इंटर-हाउस वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कला मंज़र सोसाइटी की ओर से मुख्य अतिथि के रूप में आकाशवाणी की वरिष्ठ अधिकारी रेशमा खान ने उपस्थित होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रिंसिपल मीतू शर्मा एवं संस्था की अध्यक्ष शोभा सक्सेना द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। संस्था की संस्थापिका मीनाक्षी माथुर ने बताया कि प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की गई। प्रथम वर्ग – कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के लिए विषय था आने वाले समय में एआई रोजगार समाप्त कर देगा, जिस पर प्रतिभागियों ने पक्ष और विपक्ष में प्रभावी तर्क प्रस्तुत किए। द्वितीय वर्ग – कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के लिए विषय था वर्तमान समय में समाचार चैनलों ने अपनी निष्पक्षता खो दी है। प्रत्येक वर्ग से 8-8 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कला मंज़र सोसाइटी की ओर से दोनों वर्गों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए, साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र भी दिए गए। प्रतियोगिता का सफल संयोजन हिंदी विभाग एवं हिंदी क्लब की अध्यक्ष सुनीता बिश्नोलिया द्वारा किया गया। मंच संचालन विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया।

### पंचायती राज कार्मिकों ने फहराया तिरंगा




**जयपुर** । आजादी के अमृत महोत्सव के तहत संचालित हर घर तिरंगा अभियान में आज बुधवार को पंचायती राज विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने कार्यालय में तिरंगा फहराया। इस अवसर पर अधिकारियों ने इस महाअभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए अपने घरों, दुकानों, कार्यालयों एवं प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने व तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर वेबसाइट पर अपलोड करने की अपील की। आज लगभग 10 हजार से अधिक झंडे विभिन्न अधिकारियों-कर्मचारियों को उपलब्ध कराए गए। उल्लेखनीय है कि हर घर तिरंगा अभियान आजादी का अमृत महोत्सव का हिस्सा है, जिसके तहत राजस्थान में इस वर्ष एक करोड़ तिरंगा घरों पर फहराए जायेंगे। आजादी की अमृत महोत्सव के तहत देश भर में हर घर तिरंगा अभियान जोश उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य में भवनों की सजावट, तिरंगा रैली, तिरंगा यात्राएं, तिरंगा रंगोली, तिरंगा राखी प्रतियोगिताएं, सुजल गांव शपथ जैसे कार्यक्रम स्थानीय स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं।

### उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व में निकाली तिरंगा यात्रा



**जयपुर** । विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में उपमुख्यमंत्री एवं विधायक दिया कुमारी के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने हाथ में तिरंगा थामकर लोगों का अभिवादन किया और देशभक्ति का संदेश दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत, श्रेष्ठ भारत के विजन की सराहना करते हुए कहा कि तिरंगा हमारे एकता, बलिदान और गर्व का प्रतीक है। यात्रा में लोगों का जोश देखने लायक था। ढोल-नगाड़ों की गूंज, राष्ट्रभक्ति के गीत और देशभक्ति के नारों से वातावरण देशप्रेम से सराबोर हो गया। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने भाग लिया। विद्याधर नगर स्टेडियम से रवाना हुई तिरंगा यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए जेकेजे ज्वैलर्स, अंबाबाड़ी पर संपन्न हुई। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, युवाओं और आमजन ने देशभक्ति के इस उत्सव में हिस्सा लिया।

### स्वतंत्रता दिवस पर होगा सम्मान कार्यक्रम

**जयपुर** । पूनम फाउंडेशन की ओर से स्वतंत्रता दिवस पर पत्रिका गेट जवाहर सर्किल पर सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा। पूनम फाऊंडेशन, सैल्यूट तिरंगा राजस्थान एवं लायंस क्लब जयपुर हवामहल की ओर से होने वाले इस कार्यक्रम का नाम ::तिरंगा एक सम्मान कार्यक्रम'' रखा गया है। इसके पोस्टर विमोचन आचार्य श्री बाल मुकुंदाचार्य महाराज हाथोज़ धाम विधायक हवामहल और वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर और सेलिब्रिटी एंकर अंकित खंडेलवाल ने किया। इस मौके पर एडवोकेट सुनील शर्मा, अंकित खंडेलवाल, मुकेश गोयल मौजूद रहे।

### धागा बांधकर किया दोस्ती का इजहार

**जयपुर** । अहिंसा सर्किल ग्रुप ने हरी साड़ी में अपनी दोस्ती को अंजाम दिया। सबने एक-दूसरे को धागा बांधकर अपनी दोस्ती का इजहार किया । सिंजारे के पहले झूला झूला और बरसात, दोस्ती व तीज से संबंधित गाने गाये । महिलाओं का कहना था लोग कहते हैं, दोस्ती दिवस फालतू की बातें है पर अगर सब सहेलियाँ इकट्ठे होकर धूम धडाका करती हैं तो अच्छा लगता है । सुषमा के.के. ने कहा कि संयुक्त परिवार में सबके साथ टाइम बीत जाता था पर अब एकल परिवार होने से सब एक जगह इकट्ठे होकर कुछ कर लेते हैं, इससे अकेलापन कम हो जाता है और हम अवसाद से भी बचे रहते है। इस पार्टी में मधु, शीला, पल्लवी, सरिता, सुमन, स्वाति, सुमन बोथरा, विजय लक्ष्मी, सूर्यकान्ता, उर्मिला, आशा, उषा, रेखा, साधना, सुमन अग्रवाल और सुमन बच्छावत ने बढ़-चढ़कर भाग लिया ।

## जासूसी के आरोप में गिरफ्तार महेंद्र 15 अगस्त तक रिमांड पर

**जयपुर** । राजस्थान सीआईडी इंटेलीजेंस की ओर से गिरफ्तार जासूसी के आरोप में डीआरडीओ गेस्ट हाउस चांदन फिल्ड फायरिग रेंज जैसलमेर के संविदा कर्मी मैनेजर महेन्द्र को बुधवार को कोर्ट में पेश कर दो दिन का रिमांड मांगा। कोर्ट ने आरोपित महेन्द्र को 15 अगस्त तक रिमांड पर भेज दिया हैं। इस दौरान देश की सभी खुफिया एजेंसियां महेन्द्र से पाक जासूसों को भेजी गई जानकारी के सम्बन्ध में पूछताछ करेगी।

पुलिस महानिरीक्षक सीआईडी (सुरक्षा) राज. जयपुर डॉ. विष्णुकांत ने बताया कि सीआईडी इंटेलिजेंस के पास ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इनपुट मिला की डीआरडीओ से कुछ जानकारी पाक के संदिग्ध नम्बरों पर भेजी जा रही हैं। जिस के बाद इंटेलिजेंस की टीमें एक्टिव हुई और नम्बरों को सर्विलांस पर लेकर काम करने लगी। आरोपित महेन्द्र ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान डीआरडीओ में आने वाले वैज्ञानिकों की सभी जानकारी और ऑपरेशन से सम्बन्धित जानकारी पाक जासूसों के साथ साझा की। इस में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उनकी क्या प्लानिंग हैं, कौन-कौन वैज्ञानिक दोनों देशों के बीच फैले तनाव के दौरान डीआरडीओ में आ रहे हैं। वह किस प्रकार की प्लानिंग और एक्शन की तैयारी की जा रही हैं। सभी प्रकार की सामरिक जानकारी और फोटोग्राफ आरोपित के द्वारा निरंतर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाक हैंडलर्स को भेजी गई। आरोपित के द्वारा इन सभी जानकारियों को पाक एजेंट को देने के लिए कितना पैसा लिया इस पर काम किया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आरोपित का लगातार पाक हैंडलर्स के साथ संपर्क बढा था। इसके बारे में जानकारी की जा रही है।

चांदन फायरिंग रेंज में डीआरडीओ में काफी समय से मैनेजर के पद पर आरोपित जासूस महेन्द्र तैनात था। डीआरडीओ में देश के सीनियर ऑफिसर, वैज्ञानिक, मिसाइलों का परीक्षण करने के लिए आते थे। चांदना फायरिंग रेंज में आने वाले हर वीवीआईपी का कार्यक्रम सबसे पहले महेन्द्र कुमार के पास ही आता था। आरोपित महेन्द्र के मोबाइल पर चंदन नाम से पाक हैंडलर्स का नाम सेवा था। जो चांदन फिल्ड फायरिग रेंज जैसलमेर में मिसाइल व अन्य हथियारों के परीक्षण कार्य के लिए आने वाले डीआरडीओ वैज्ञानिको एवं भारतीय सेना के अधिकारियों के आवागमन से संबंधित गोपनीय सूचनाएं पाक हैण्डलर को उपलब्ध करवा रहा था।

## बुर्के में खाला...गोद में नंदलाला



**बुर्के में खाला, गोद मे नंदलाला और हाथ में देश का सम्मान तिरंगा। कुछ ऐसा ही नजारा बुधवार को राजधानी जयपुर में शास्त्री नगर की सड़कों पर दिखा। दरअसल आजादी का पर्व 15 अगस्त तथा 16 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी होने से अभी स्कूलों में दोनों पर्व एक साथ सेलिब्रेट किये जा रहे हैं। छोटे-छोटे बच्चे हाथों में तिरंगा लेकर राधा-कृष्ण का रूप बनाकर स्कूल पहुंचे। शास्त्री नगर स्थित नेहरू बाल विद्यालय में हिन्दू-मुस्लिम बच्चों ने एक साथ देश भक्ति का भाव मन में लेकर आजादी का पर्व और कृष्ण जन्माष्टमी मनाई।**

## दो वाहन चोर गिरफ्तार

**जयपुर** । बिंदायका थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से चोरी के दो दुपहिया वाहन भी बरामद किए गए है। आरोपितों के खिलाफ दर्जनों से अधिक वाहन चोरी के मामले दर्ज है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि बिंदायका थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले वाहन चोर हिमांशु शर्मा और अक्षय चौहान को गिरफ्तार किया है।

## डी.जी.पी. राजीव शर्मा ने किया अधिकारियों से संवाद

**जयपुर** । पुलिस महानिदेशक राजस्थान राजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में नए आपराधिक कानूनों के प्रवर्तन एवं प्रदेश की कानून-व्यवस्था विषयक राज्य स्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।

पुलिस महानिदेशक शर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान विभिन्न थानों के कॉन्स्टेबल्स, थाना अधिकारियों, वृत्त अधिकारियों, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक एवं संबंधित रेंज महानिरीक्षकों से समीक्षात्मक चर्चा की। शर्मा ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था, नवीन आपराधिक कानूनों के सुचारू क्रियान्वयन, प्रकरणों के 60 व 90 दिवस की अवधि में समयबद्ध निस्तारण के संबंध में की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने विधि विज्ञान विशेषज्ञ द्वारा घटनास्थल निरीक्षण, ई-साक्ष्य के संकलन, ई-सम्मन तामिल की प्रक्रिया, जीरो तथा ई-एफआईआर के पंजीकरण एवं प्रेषण के साथ संगठित अपराध से संबंधित धाराओं पर कार्यवाही के बारे में जानकारी ली। इसी प्रकार आपराधिक सम्पत्ति की कुर्की एवं जब्ती, धारा 107 बीएनएसएस के तहत की गई कार्यवाही की समीक्षा, उद्घोषित अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई-अनुपस्थिति में जांच एवं विचारण (धारा 356 बीएनएसएस) की प्रगति पर चर्चा की। इस दौरान डीजीपी शर्मा ने क्राई-मैक पोर्टल के उपयोग के संबंध में चर्चा के साथ-साथ ऑनलाइन एमएलसी एवं फिंगर प्रिंट डेटा, गिरफ्तार व्यक्तियों के फिंगर प्रिंट अपलोड करने, घटनास्थल से चान्स प्रिंट का संकलन एवं मिलान की स्थिति आदि पुलिसिंग व विधिक विषयों पर गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

वीडियो कॉन्फ्रेंस का प्रथम सत्र सुबह 11 से 11.30 बजे तक थाना स्तर तक के अधिकारियों एवं कॉन्स्टेबलों से संवाद के लिए आयोजित किया गया, जिसमें महानिदेशक पुलिस ने सभी को नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, त्वरित निस्तारण, तकनीकी संसाधनों के उपयोग एवं जन-विश्वास सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। वहीं द्वितीय सत्र 11.40 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक आयोजित किया गया, जिसमें उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक एवं आयुक्त/रेंज महानिरीक्षक पुलिस के साथ विस्तृत, गहन एवं व्यापक मंथन करते हुए राजस्थान पुलिस के विभिन्न कार्यों की समीक्षा के साथ ही साथ पेंडेंसी प्रकरणों की समीक्षा करते हुए विशेष रूप से एनडीपीएस एक्ट के लंबित मामलों, धारा 27ए एवं 30, धारा 68एफ, पिट एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही, तथा सक्रिय हार्डकोर अपराधियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई पर चर्चा की गई।

# सेंट्रलाइज सिस्टम से मैरिट के आधार पर होंगे वेटरीनरी कॉलेजों में प्रवेश

## निर्धारित कट ऑफ के बाद नहीं मिलेगा एडमिशन, प्रवेश प्रक्रिया में गड़बड़ी पर होगी कार्रवाई : मंत्री जोराराम कुमावत

**जयपुर** । राजस्थान के समस्त वेटरीनरी कॉलेजों में इस बार सेंट्रलाइज काउंसलिंग के जरिए ही प्रवेश लिए जाएंगे। इस संबंध में पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत की अध्यक्षता में बुधवार को शासन सचिवालय में आयोजित बैठक में सात सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है।

मंत्री कुमावत ने बताया कि वेटरीनरी कॉलेजों में प्रवेश को लेकर किसी भी तरह की अनियमितता की शिकायत न आए, इसके लिए नई एसओपी जारी की गई है। उन्होंने बताया कि वेटरीनरी कॉलेजों में सत्र-2025-26 के लिए बी.वी. एससी एंड ए.एच., एम.वी. एससी तथा पीएचडी पाठ्यक्रम के लिए इस बार नई एसओपी के अनुसार प्रवेश सुनिश्चित किए जाएंगे।

इसके तहत नीट अथवा आरपीवीटी क्वालिफाइड छात्रों को ही प्रवेश दिया जाएगा। निश्चित कट ऑफ के बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। एसओपी की पालना के लिए बीकानेर और जोबनेर पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और अन्य अधिकारियों की एक सात सदस्यीय सेंट्रल एडमिशन काउंसलिंग कमेटी गठित की गई है। यह कमेटी प्रदेश के सभी सरकारी और प्राइवेट वेटरीनरी कॉलेजों में उक्त पाठयक्रमों में पारदर्शी तरीके से प्रवेश की प्रक्रिया सुनिश्चित करेगी। यह कमेटी प्रदेश में नए सत्र के लिए करीब 1200 सीटों के लिए काउंसलिंग करवाएगी। कुमावत ने बताया कि इस बार काउंसलिंग के सभी चरण ऑनलाइन होंगे। इसके बाद भी सीटें रिक्त रहती हैं तो मॉप अप राउंड के जरिए प्रवेश लिए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि हर बार काउंसलिंग के बाद रिक्त सीटों की विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी।



**पशुपालन, गौ-पालन, डेयरी एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने बुधवार को अधिकारियों की बैठक लेकर वेटरीनरी कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर चर्चा की। इस मौके पर डॉ. समित शर्मा समेत कई अधिकारी मौजूद थे।**

कुमावत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार वेटरीनरी कॉलेजों में जीरो टॉलरेंस फॉर करप्शन की नीति अपनाते हुए प्रवेश सुनिश्चित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वेटरीनरी साइंस में गुणवतापूर्ण शिक्षा के लिए अति आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। गलत तरीके से प्रवेश देने वाली किसी भी संस्था को बख्शा नहीं जाएगा। इस अवसर पर पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन की प्रवेश प्रक्रिया के लिए जारी एसओपी का विमोचन भी किया गया।

**नीट अथवा आर.पी.वी.टी. क्वालिफाइड छात्रों को ही प्रवेश दिया जाएगा**

बी.वी. एससी एंड ए.एच. डिग्री कोर्स के लिए आरपीवीटी की ओर से आयोजित प्रवेश परीक्षा का परिणाम 25 अगस्त को जारी किया जाएगा। इसके बाद सितंबर माह में प्रवेश की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इस बार 3 अगस्त को आयोजित प्रवेश परीक्षा में 1200 सीटों के लिए 9670 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी। इनमें से आरपीवीटी के जरिए करीब 800 व नीट परीक्षा से 400 सीटों पर प्रवेश दिए जाएंगे।

बैठक में बजट घोषणा के तहत भरतपुर, सिरोही, कोटा में प्रस्तावित वेटरीनरी कॉलेज को लेकर मंत्री जोराराम कुमावत ने अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देश दिए। साथ ही जोधपुर में नवनिर्मित वेटरीनरी कॉलेज में इसी सत्र से प्रवेश की प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। मंत्री कुमावत ने कहा कि चूंकि जोधपुर के नए वेटरीनरी कॉलेज में इसी सत्र में प्रवेश दिया जाना है अतः जोधपुर कॉलेज से जिस भी फैकल्टी का तबादला हुआ है उनका तबादला अविलंब निरस्त किया जाकर उन्हें वापस जोधपुर भेजा जाए। उन्होंने राजूवास व जोबनेर के विश्वविद्यालयों के साथ-साथ श्रीगंगानगर की टांटिया यूनिवर्सिटी में प्रवेश को लेकर पूरी पारदर्शिता बरतने के निर्देश दिए।

बैठक में शासन सचिव पशुपालन, मत्स्य एवं गोपालन डॉ. समित शर्मा ने कहा कि संपूर्ण प्रक्रिया ऑनलाइन एवं पारदर्शी होगी एवं किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पशु चिकित्सा महाविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए पात्र योग्य छात्रों को मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जाना आवश्यक है। यदि किसी वेटरनरी कॉलेज द्वारा राज्य सरकार एवं वेटरिनरी काउंसिल आफ इंडिया के निर्देशों की पालना नहीं की जाएगी तो उनकी संबद्धता समाप्त कर दी जाएगी। बैठक में उपसचिव विजय गोधवानी, उप सचिव डॉ. संतोष करोल, पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, जोबनेर के कुलगुरु डॉ. त्रिभुवन शर्मा, पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, राजूवास के कुलगुरु प्रो. मनोज दीक्षित मौजूद थे।

ARBIT it happens here...

**National Social Security Day**

## Securing the Future!

Observed annually on August 14, National Social Security Day highlights the importance of social protection programs that safeguard the well-being of citizens, especially the elderly, disabled, and economically vulnerable. Instituted to raise awareness about the significance of financial security during retirement, this day also commemorates the signing of the U.S. Social Security Act in 1935. It serves as a reminder for individuals to plan ahead and for policymakers to strengthen safety nets. As populations age and economic challenges grow, ensuring the sustainability and accessibility of social security remains a crucial priority for inclusive development.

राष्ट्रदूत
THURSDAY
14 August 2025
A-B

#MADAME ANNIE MASCARENE

# A Woman Of Substance

A Trailblazer in India's Freedom Struggle!



India's long and arduous struggle for independence witnessed the contributions of countless men and women from diverse backgrounds. Among them, Madame Annie Mascarene stands out as a courageous and eloquent leader from Travancore (modern-day Kerala). A pioneering figure in both the freedom movement and post-independence politics, she played a vital role in mobilizing public opinion against British colonial rule and became one of the first women elected to the Indian Parliament.

### Early Life and Education

Annie Mascarene was born in 1902 in Trivandrum (Thiruvananthapuram), Travancore. Coming from a Latin Catholic family, she was highly educated for a woman of her time. She obtained her Master's degree in History from Madras University and later studied law in Trivandrum. Her academic excellence and strong oratory skills soon brought her into the world of politics, where she would go on to become one of the earliest and most prominent women leaders from South India.

### Entry into the Freedom Movement

Inspired by the nationalist wave sweeping the country, Mascarene joined the Indian National Congress and became actively involved in the Civil Disobedience Movement and other campaigns initiated by Mahatma Gandhi. She protested against British policies, led mass movements, and was arrested several times for her participation in political agitations.

She also worked for women's rights and political education, believing that independence for India must go hand in hand with social reform and women's empowerment.

### Role in Travancore and the Quit India Movement

Travancore, though a princely state under British suzerainty, became a significant center of political unrest in the 1930s and 1940s. Annie Mascarene played a key role in organizing protests against the autocratic rule of the Travancore monarchy, particularly during the rule of Dewan Sir C. P. Ramaswami Iyer, who opposed merging Travancore with the Indian Union.

She became a leader in the Travancore State Congress, which demanded responsible government and democratic reforms. Her fiery speeches and fearless leadership made her a threat to both the monarchy and the British authorities.

During the Quit India Movement (1942), she continued her activism by organizing protests in Travancore, even though the movement was suppressed with great violence. She was imprisoned and brutally treated for her defiance.

### Contribution in Post-Independence India

After India's independence in 1947, Madame Annie Mascarene's political journey didn't end. In 1949, she became one of the first women to be elected to the Lok Sabha (the lower house of Parliament) from Trivandrum, Kerala, as an Independent candidate backed by the Congress. In the Constituent Assembly of India, she played a significant role in shaping the Indian Constitution and advocated for civil liberties, gender equality, and representative democracy.

### Legacy

Though not as widely remembered today as some of her contemporaries, Madame Annie Mascarene holds an important place in Indian history as:

- One of the first women freedom fighters from Kerala.
- A fierce advocate for democracy in princely states like Travancore.
- A pioneer among women parliamentarians in independent India.
- A symbol of the intersection of feminism and nationalism.

Several institutions and public spaces in Kerala honour her legacy, and her life continues to inspire women entering public service and politics.

Madame Annie Mascarene was much more than a freedom fighter, she was a visionary leader, a legal scholar, and a champion of justice. Her role in India's independence movement and the early years of the Republic showcases the power of women's leadership in shaping a nation's destiny. Her contributions remain a beacon for those who believe in truth, equality, and fearless service to the nation.




# India Won't Let The World Starve Of Chocolate





In the rolling hills of Karnataka, Ravi walks among trees that may hold the key to saving the world's chocolate supply. The third-generation cacao farmer surveys pods hanging like golden lanterns from branches that have weathered fifty years of monsoons and droughts.

● Jal Khambata

Cocoa prices are sky-rocketing. West Africa's plantations are collapsing under climate stress. And Big Chocolate is in crisis mode. Meanwhile, Indian farmers in Karnataka and Kerala are nonchalantly thriving and growing cacao, shaded by coconut trees, bred for 40°C heat, and processed from bean to chocolate bar. As the old supply chains crumble, India may just have a shot at reshaping the future of world chocolate. But will it rise to the moment? Or will the outdated policies and underinvestment melt the opportunity away?

As climate change devastates West Africa's cocoa industry, India is quietly grows stronger. But systemic neglect, underinvestment, and outdated policies risk squandering a once-in-a-century opportunity to reshape global chocolate industry. In the rolling hills of Karnataka, Ravi walks among trees that may hold the key to saving the world's chocolate supply. The third-generation cacao farmer surveys pods hanging like golden lanterns from branches that have weathered fifty years of monsoons and droughts. What he does not yet fully grasp is that his family's modest plantation represents something far more significant than a livelihood. It embodies India's unexpected emergence as chocolate's potential saviour.

Halfway across the world, the foundations of global chocolate production are crumbling. West Africa, the continent that has supplied 70% of the world's cocoa for decades, faces an unprecedented crisis that threatens to reshape not just the chocolate industry, but the very accessibility of one of humanity's most beloved treats. Yet, beneath this heartwarming tableau lies a graver, bloodier reality.

### The Chocolate Emergency

The numbers tell a story of mounting catastrophe. Global cocoa production declined by 13% in the 2023-24 season to 4.368 million tons, while demand remained steady, creating a supply deficit of 494,000 tons, the largest shortfall in more than 60 years.

Global cocoa prices have erupted from $2,500 per metric ton to peaks exceeding $12,900 in December 2024, a staggering increase that has sent shockwaves through boardrooms from Hershey to Nestlé. At certain points, cocoa became more valuable per kilogram than precious metals, with price increases temporarily exceeding even NVIDIA's remarkable stock performance.

The production collapse was most severe in the world's two largest producers. Ghana's cocoa production plummeted to only 531,000 tons in the 2023-24 season, down from its usual average of around 800,000 tons, marking the worst-performing session in 15 years. Ivory Coast's production fell by approximately 20% to about 1.8 million tons, significantly below its historical average of 2.25 million tons annually.

Combined, these two nations, which together produce 60% of global cocoa, lost more cocoa output than the entire global shortage. The crisis has been compounded by the cocoa-to-stocks ratio falling to dangerous levels, suggesting global reserves of less than two months of consumption when markets typically require a three-to-four-month buffer for price stability.



#WORLD SHIFTS



### India's Unexpected Awakening

The transformation did not happen overnight. For decades, Indian farmers like Ravi have quietly cultivated cacao in the shadows of more prominent crops, their efforts barely registering on global commodity exchanges. But as West Africa's production falters, India's cacao cultivation area expands with the urgency of a nation that has spotted opportunity in crisis.

The economic signals have been impossible to ignore. In Indian markets, cocoa prices have surged from 25 per kilogram to 1,000, a staggering 4,000% increase that has converted skeptical farmers into enthusiastic adopters almost overnight.

While prices have since stabilised to around 550 per kilogram by September 2024, this still represents a threefold increase from previous years, ensuring continued farmer interest. What was once considered a niche crop suitable only for specialty farms has suddenly become one of agriculture's most lucrative pursuits.

The scale of India's transformation becomes clearer in recent production figures. India's cocoa bean production reached 27,600 tons in 2024, rising significantly from 19,000 tons in 2017, representing a compound annual growth rate of 4.8%.

Andhra Pradesh leads this quiet revolution with 10,903 metric tons of annual production, followed closely by Kerala with 9,647 metric tons. Over 110,000 hectares of land were dedicated to cocoa plantation by 2024, indicating the rapid expansion of cultivation areas.

These may seem modest figures compared to Ivory Coast's traditional dominance, but they represent something more significant: proof of concept for a different model of chocolate production entirely.

Where West Africa now suffers, India thrives. The subcontinent's temperatures, ranging from 24°C to 34°C, fall within the optimal range for cacao cultivation, a range that West Africa's changing climate increasingly struggles to maintain. While Ghanaian farmers watch their trees wilt under unprecedented heat, Indian farmers work in conditions that their crops find comfortable.

But temperature alone does not explain India's advantage. The secret lies in an ancient agricultural wisdom that modern monoculture has forgotten: diversity creates resilience.

Professor Minimol J.S. explains the revolutionary approach: "Our multi-cropping system allows cacao to thrive in the shade of coconut and areca nut trees. This isn't just about space efficiency. It's about creating microclimates that protect cacao from temperature extremes while providing farmers with multiple income streams."

This agroforestry model produces results that would seem impossible to West African farmers accustomed to vast monoculture plantations. Indian cacao trees yield between 2.5 to 5 kilograms annually, which is ten to twenty times the global average of 0.25 kilograms per tree.

The implications of such productivity are staggering: India can produce more chocolate with fewer trees, less land, and greater environmental sustainability.


### Scientific Innovation at Scale

In research laboratories across Kerala and Karnataka, scientists work with the intensity of those who understand they are racing against time. Kerala Agriculture University, in collaboration with the University of Reed in the UK, has collected over 600 germ-plasm from all over the world to develop heat-resistant cacao varieties, each designed to withstand the climate realities that have devastated traditional growing regions.

"For instance, our cacao hybrids can survive in areas like Andhra Pradesh where the temperature can become relatively high and also in areas of the Northeast such as Assam, Arunachal Pradesh, Mizoram etc., where the temperature is low. This is thanks to the wide genetic base imparted in the hybrid," Professor Minimol states.

The research extends beyond mere survival. Indian scientists focus on creating varieties that can thrive for 100 years under the multi-crop system, compared to the 25-year lifespan typical of monoculture plantations. This longevity represents not just economic advantage but environmental stewardship on a scale that traditional chocolate production has never achieved.

"We have developed double-crossed hybrids. They are high-yielders with a single bean weighing more than one gram, at par with international standards. These are not merely incremental improvements. They are disease-resistant and drought-tolerant plants emerging from Indian research that can survive temperatures up to 40°C. Conditions that would kill conventional cacao trees. More remarkably, they maintain productivity levels that exceed global averages even under stress conditions," Professor Minimol reveals.



"The highest climatic potential is in Kerala, the quality of the beans is excellent here. However, the main problem is that the availability of land is limited here. Parts of Karnataka and the Godavari belt of Andhra Pradesh are great for cultivation. While land is plenty in Andhra, the issue is that in the summers, the temperature can reach up to 48-50 degrees. However, 99% of Andhra cultivation is from our own hybrid and they are able to withstand the high temperature. There is a slight decrease in the quality of the beans produced during summers due to less fat content," she admits.

rajeshsharma1049@gmail.com



#STATESMANSHIP

# Tharoor on Trump

## "Lacking Gravitas": Shashi Tharoor's Sharp Rebuke of Trump's Intellectual Credentials

At a high-level diplomatic gathering in New York, Indian parliamentarian and former UN diplomat Dr. Shashi Tharoor offered a cutting yet composed critique of former U.S. President Donald Trump, calling into question his statesmanship, intellectual depth, and diplomatic stature.

Speaking at a panel on 'The Future of Global Leadership,' Tharoor did not mince words. In a moment that sparked headlines across Indian and Western media, he remarked: "There was a certain political heft, statesman-like gravitas, and intellectual quality that I find woefully lacking in this gentleman."

While he refrained from naming Trump directly at first, the context and subsequent references made it unmistakably clear who he was referring to.





### A Diplomat's Eye for Leadership

Shashi Tharoor, known for his erudition and diplomatic experience as India's former representative to the United Nations, has had personal interactions with several U.S. Presidents over the years, from George H.W. Bush and Bill Clinton to George W. Bush and Barack Obama.

"I've had the opportunity to meet and observe presidents across the political spectrum," he said. "Each brought their own strengths - Bush Sr.'s pragmatism, Clinton's charisma, W's instinct, and Obama's eloquence and vision. Whether or not one agreed with them, they all carried a certain class and distinction."

By contrast, he implied, Trump lacked not just the intellectual rigor associated with high office but also the temperament and depth expected of a world leader.

### A Subtle Yet Scathing Rebuke

While the comment was delivered with typical Tharoorian finesse, polished, indirect, and clothed in diplomatic vocabulary, it was no less scathing. For a public figure who has long advocated for 'cerebral diplomacy' and 'substantive engagement,' Tharoor's remarks reflect frustration with what he perceives as the devaluation of global leadership norms under Trump's presidency.

Observers noted that Tharoor's criticism wasn't merely personal but reflective of broader anxieties within liberal internationalist circles about the rise of populist, anti-intellectual politics.

### Why the Critique Matters

Tharoor's remarks gain particular significance given his background. A best-selling author and intellectual in his own right, Tharoor has frequently written about the need for 'moral authority and intellectual clarity' in global governance, qualities he believes are essential in navigating today's complex international order. In 2019, he was among the Indian leaders who publicly criticized Trump's misleading claims about mediating the Kashmir conflict, calling them 'irresponsible and uninformed.' His latest comments appear to be an extension of that same concern: that impulsive leadership can cause lasting diplomatic harm.



### Global Reaction and Domestic Reception






While U.S. media largely overlooked the comment, Indian political and academic circles reacted swiftly. Some praised Tharoor for 'calling a spade a spade,' while others criticized him for undermining India's strategic relationship with the U.S. In a time when Trump is once again a central figure in American politics, Tharoor's remarks add a layer of intellectual dissent to the global conversation.

Shashi Tharoor's critique of Donald Trump is more than just a personal opinion, it is a statement about what leadership should aspire to be. In an age of performative politics and viral soundbites, Tharoor's emphasis on gravitas, intellect, and diplomacy offers a throwback to an older, and perhaps now endangered, ideal of statesmanship.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# अजमेर में स्वतंत्रता दिवस पर चाक चौबंद पुलिस व्यवस्था

## आरपीएफ-जीआरपी ने स्टेशन पर चलाया संयुक्त चेकिंग अभियान

**अजमेर,** (कासं)। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के मद्देनजर रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी ने बुधवार को सुरक्षा आयुक्त के दिशा निर्देशानुसार अजमेर रेलवे स्टेशन पर डॉग स्क्वायड के साथ संयुक्त चेकिंग अभियान चलाकर स्टेशन पर आने वाली ट्रेनों और यात्रियों के सामानों की सघन जांच की गई।
अभियान में आरपीएफ निरीक्षक राजेंद्र चौधरी, उप निरीक्षक चंचल शेखावत, जीआरपी थाना प्रभारी फूलचंद बालोटिया, सब इंस्पेक्टर सोमेंद्र कुमार सहित सुरक्षा टीम मौजूद रही। सुरक्षा एजेंसियों ने बताया कि त्योहार और राष्ट्रीय पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अभियान के दौरान प्लेट फॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया, वेटिंग हॉल सहित रेलवे परिसर के हर कोने की जांच की गई। इस दौरान कई अनावश्यक रूप से मौजूद लोगों को स्टेशन परिसर से बाहर किया गया। यात्रियों को ट्रेन में अनधिकृत चेन पुलिंग न करने, सामान और बच्चों को सुरक्षित रखने तथा अनजान व्यक्तियों से खाने पीने की वस्तु न लेने की हिदायत दी गई। टीम ने स्टेशन और ट्रेनों में लावारिस वस्तु मिलने पर तुरंत आरपीएफ- जीआरपी या रेल कर्मचारियों को सूचना देने के निर्देश दिए। साथ ही ट्रेनों के दरवाजों पर लटककर यात्रा न करने और धक्का-मुक्की से बचने की नसीहत दी गई। इस सम्बंध में फूलचंद बालोटिया, जीआरपी थाना प्रभारी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के मद्देनजर विशेष सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। स्टेशन पर आने व जाने वाली ट्रेनों की सघन जांच की जा रही है और यात्रियों व स्टाफ को संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की सूचना तुरंत देने के निर्देश दिए गए।



रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के सामान की डॉग स्क्वायड से जांच करती पुलिस।

- **अभियान में आरपीएफ निरीक्षक राजेंद्र चौधरी, उप निरीक्षक चंचल शेखावत, जीआरपी थाना प्रभारी फूलचंद बालोटिया मौजूद थे**

# लता कच्छवाह का बाड़मेर में अभिनन्दन

**जयपुर।** मरुक्षेत्र में महिलाओं के सामाजिक आर्थिक उत्थान से जुडी सुप्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता डॉ लता कच्छवाह को मारवाड रतन सम्मान 2025 से जोधपुर में सम्मानित किये जाने पर बाडमेर में बुधवार को श्योर संस्था के कार्यालय में सम्मान कार्यक्रम का आयोजन कर उनकी सेवाओं का सम्मान स्वागत किया गया। यह अवार्ड बाड़मेर जिले की पन्द्रह हजार से अधिक सीमावर्ती ग्रामीण महिलाओं की हस्तकला व पारम्परिक कशीदाकारी के कार्य में आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही उनके उत्पादों को विदेशों में विशेष पहचान दिलवाने के लिए उन्हें प्रदान किया गया। इस अवसर पर थार आर्टिजन प्रोड्यूसर कम्पनी की डायरेक्टर जरीना सियोल द्वारा शॉल एवं माला पहना कर बहुमान किया गया। कार्यक्रम में नरेंद्र तनसुखानी, हनुमान राम चौधरी, चूनी देवी, गणेश दास केला, घेवर चंद प्रजापती, अनिल शर्मा, मोहन लाल, बाबुसिंह द्वारा भी पुष्प देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षाविद डॉ. बी.डी तातेड ने कहा कि लता कच्छवाहा बाड़मेर के साथ ही समुचे मारवाड़ क्षेत्र में महिला जागृति एवं महिला स्वरोजगार को बढाने के लिए जो अनूठा प्रयास किय गया है वह अनुकरणीय है। श्योर के कोषाध्यक्ष नरेन्द्र तनसुखानी ने बताया कि 75 वर्षीय डॉ लता गत 41 वर्षों से भारत पाकिस्तान सीमा पर स्थित ग्रामीण महिलाओं खासतौर से शरणार्थी, अनुसूचित जाति जनजाति, एकल महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रयास में जी जान से जुटी है। परम्परागत हस्तशिल्प के उन्नयन हेतु क्षेत्र में अस्सी से अधिक कार्यशालाओं का आयोजन कर चार सौ से अधिक मास्टर ट्रेनर डिजाइनर, सैकडों नई डिजाइन देकर हस्तशिल्प खासतौर से एप्लीक वर्क को राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई और क्षेत्र के आर्थिक विकास और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्रः में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। हनुमान राम चौधरी कार्यक्रम प्रबंधक ने कहा कि लता कच्छवाहा सोसाइटी टू अपलिफ्ट रूरल इकनॉमी बाड़मेर से इसकी स्थापना से जुड़ी हुई है। इससे पहले नेहरू युवा केंद्र द्वारा संचालित घरेलु उद्योग परियोजना, ट्राईसेम से जुड़ी हुई थी।



पारम्परिक कशीदाकारी के कार्य में आत्मनिर्भर बनाने के लिए डॉ. लता को अवार्ड प्रदान किया।

# आरसीए के नियमों की उठाई जा रही है सरेआम धज्जियां

- **बुधवार को होने वाले मैच में डूंगरपुर की आठ खिलाड़ियों ने किया बहिष्कार**

डूंगरपुर। डूंगरपुर के महिला खिलाडियों के साथ हो रही नाइंसाफी को लेकर खिलाफ महिला खिलाडियों ने आवाज उठाई ओर इस संबंध में लिखित में हेड ऑफ कमेटी को राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित सीनियर महिला टी-20 चैंपियनशिप 2025 के मेंचो में उनके साथ हो रहे व्यवहार की जानकारी दी। और इसी के चलते 6 महिला खिलाडियों ने जिसमें उर्मिला कटारा, बबली खराडी, प्रांजल जैन, धर्मिष्ठा साद, पायल फलेजा, निशा डामोर ने टीम में हो रहे दुर्व्यवहार की वजह से मैच नहीं खेला तथा टीम को आरसीए द्वारा आयोजित मैच होने के बावजूद भी डूंगरपुर की टीम 10 खिलाडियों से मैच खेली जो कि आरसीए के नियमों के विरूद्ध है। यही नहीं इन खिलाडियों ने बताया एवं आरोप लगाए खिलाडी की मांग केवल इतनी थी की बाहर के जिलो के पांच खिलाडियों को टीम में शामिल नहीं करके केवल तीन बाहरी जिले को खिलाडी को शामिल किया जाए और डूंगरपुर से आए खिलाडियों को भी मौका दिया जाए इस बात को बोलने पर उनको वहां मौजूद स्कोर अंपायर एवं कोच द्वारा निम्न भाषा का प्रयोग कर प्रताडित भी किया गया साथ ही डूंगरपुर जिले से शामिल महिला खिलाडियों को किसी को केवल एक मैच और किसी को एक भी मैच खेलने का भी मौका नहीं दिया गया जबकि बाहरी जिलो के पांच पांच खिलाडियों को शामिल करने के बावजूद टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा, खिलाडियों को कहना था जब तक हमको मौका नहीं मिलेगा हम प्रदर्शन कैसे दिखा पाएंगे जबकि इन पांच महिला खिलाडियों को शामिल करने के बाद भी डूंगरपुर जिले का प्रदर्शन पहले मैच में जयपुर के खिलाफ 20 ओवर में 31 रन गंगानगर के खिलाफ 49 रन और भरतपुर के खिलाफ 1० खिलाडीयो को खेला कर 82 रन बनाए जबकि डूंगरपुर बाहर की खिलाडीयो को शामिल करने के बावजूद भी एक भी मैच नहीं जीत सका खिलाडयों का मानना था बाहर के खिलाडियों से ज्यादा डूंगरपुर के खिलाडियों में प्रतिभा थी फिर भी मौका नहीं दिया गया।

## चैक अनादरण के आरोपी को सजा

**मदनगंज-किशनगढ**, (निस)। विशिष्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट एन आई एक्ट कोर्ट ने चेक अनादरण के आरोपी को छ माह साधारण कारावास के साथ एक लाख 80 हजार रूपये के अर्थ दंड से दंडित किया है।

पीड़िबजरंग कॉलोनी निवासी बजरंग लाल सैनी ने एडवोकेट रूपेश शर्मा के जरिए न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत कर बताया कि आरोपी सुरेश सैनी ने 3 लाख 44 हजार रुपए प्राप्त कर एक प्लॉट बैचान किया था, प्लॉट विवादित होने के कारण आरोपी ने 3 लाख 44 हजार रुपए किश्तों में अदा करने के लिये आश्वस्त किया।

इसने एक लाख रुपए नकद वापस दे दिए एवं 1 लाख 22 हजार रुपए के दो चैक दे दिए। चैक को बैंक खाते में लगाया, किंतु बेलेंस नहीं होने के कारण चैक रिटर्न हो गया। आखिरकार तकाजा किये जाने के बावजूद रकम नहीं आने पर पीड़ित ने अदालत की शरण में जाकर न्याय की गुहार लगाई।

# सर्पदंश से युवक सहित दो जनों की मौत

**उदयपुर।** सविना थाना क्षैत्र में सांप के काटने से युवक की मौत हो गई। वहीं जिले के पानरवा थाना क्षैत्र में सांप के काटने से महिला की मौत होगई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सविना थाना क्षैत्र खेडवा फला डाकन कोटडा निवासी महेन्द्र मीणा (18) पुत्र मणीलाल मीणा मंगलवार को खेत पर चार काट रहा था। इस दौरान सांप के काटने से वह अचेत हो गया। इसका पता चलने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर एएसआई लालसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। इसी तरह जिले के पानरवा थाना क्षैत्र आंजरोली थाना पानरवा निवासी लसूबाई (50) पत्नी मोहनसिंह की सांप के काटने से मौत हो गई। 8 अगस्त को खेत पर काम करते समय सांप के कटाने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। शहर के गोवर्धन विलास थाना क्षैत्र में किशोरी ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। इसके अलावा पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार करनाउवा ऋषभदेव हॉल एकबटा चुंगीनाका निवासी मनीषा (16) पत्नी अमरलाल ने अपने कमरें में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। मनीषा गोवर्धन विलास स्कूल में दसवी कक्षा की पढ ाई कर रही थी तथा अपनी दादी व भाई के साथ किराए के मकान में रहती थी। जिसने मंगलवार सांय फांसी लगा ली। इसका पता चलने पर परिजन उसे फंदे से निचे उतार कर चिकित्सालय ले गए।जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर एएसआई देवेन्द्रपुरी ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा। पोस्टमार्टम कराया : जिआरपी थाना पुलिस ने 7 अगस्त को सिटी स्टेशन पर अचेत हालत में मिले वृद्ध को उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसकी शिनाख्तगी नहीं हो पाई। बुधवार को जीआरपी थानाधिकारी गोवर्धनसिंह भाटी ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा अंजुमन कमेटी की मदद से मृतक का अंतिम संस्कार करवाया।

## संजू हत्याकांड में न्यायिक जांच की मांग

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निस)। प्रदेश माली सैनी महासभा ने किशनगढ़ में घटित संजू सैनी हत्याकांड की निंदा करते हुए हत्यारे को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के साथ न्यायिक जांच की मांग की है। चार दिन पूर्व उदयपुर कला निवासी शातिर अपराधी रोहित सैनी ने अवैध संबंध में बाधा बन चुकी पत्नी संजू सैनी का गला काटकर बेरहमी से कत्ल कर दिया।सैनी महासभा प्रदेशाध्यक्ष ताराचंद गहलोत, उपाध्यक्ष छोटूलाल सांखला, संगठन मंत्री जसराम सांखला, महासचिव पुखराज दगदी, सचिव कानाराम उबाना ने मृतका के पीहर रलावता पहुंचकर हत्याकांड की भर्त्सना कर कहा की इंसानियत को कलंकित करने वाले ऐसे व्यक्तियों को समाज से बहिष्कृत किया जाना चाहिये। इस संबंध में शीघ्र ही पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर समाज की बेटी को न्याय दिलाने के लिये ज्ञापन सौपा जायेगा।


## संजू सैनी हत्याकांड को लेकर न्यायिक जांच की मांग

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निस)। प्रदेश माली सैनी महासभा ने किशनगढ़ में घटित संजू सैनी हत्याकांड की निंदा करते हुए हत्यारे को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के साथ न्यायिक जांच की मांग की है। चार दिन पूर्व उदयपुर कला निवासी शातिर अपराधी रोहित सैनी ने अवैध संबंध में बाधा बन चुकी पत्नी संजू सैनी का गला काटकर बेरहमी से कत्ल कर दिया।

सैनी महासभा प्रदेशाध्यक्ष ताराचंद गहलोत, उपाध्यक्ष छोटूलाल सांखला, संगठन मंत्री जसराम सांखला, महासचिव पुखराज दगदी, सचिव कानाराम उबाना ने मृतका के पीहर रलावता पहुंचकर नृशंग हत्याकांड की भर्त्सना कर कहा की इंसानियत को कलंकित करने वाले ऐसे व्यक्तियों को समाज से बहिष्कृत किया जाना चाहिये। इस संबंध में शीघ्र ही पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर समाज की बेटी को न्याय दिलाने के लिये ज्ञापन सौपा जायेगा।


# सीएम आज बीएसएफ जवानों से संवाद करेंगे

- **नाल गांव में तिरंगा यात्रा में होंगे शामिल**
- **यूनिवर्सिटी में करेंगे मीटिंग**
- **सीएम सुबह 10 बजे जयपुर से रवाना होंगे। 10.50 बजे बीकानेर के नाल हवाई अड्डे उतरेंगे। यहां से हेलिकॉप्टर के माध्यम से खाजूवाला की कोड़ेवाला पोस्ट जाएंगे। इस पोस्ट पर बीएसएफ के जवानों के साथ संवाद करेंगे। इस कार्यक्रम में आम आदमी को एंट्री नहीं होगी।**

**बीकानेर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरुवार सुबह 11 बजे बीकानेर आएंगे। वे पहले खाजूवाला जाएंगे और बाद में बीकानेर शहर में आएंगे। यहां पॉलिटेक्निक कॉलेज में होने वाला कार्यक्रम को अब महाराजा गंगासिंह यूनिवर्सिटी में स्थानांतरित कर दिया गया है। ऐसे में मुख्यमंत्री शहर में आने के बजाय नाल से यूनिवर्सिटी और फिर वहां से सीधे नाल जाएंगे। मुख्यमंत्री का मिनट टू मिनट कार्यक्रम जारी किया गया। इसके अनुसार- सीएम सुबह 10 बजे जयपुर से रवाना होंगे। 10.50 बजे बीकानेर के नाल हवाई अड्डे उतरेंगे। यहां से हेलिकॉप्टर के माध्यम से खाजूवाला की कोड़ेवाला पोस्ट जाएंगे। इस पोस्ट पर बीएसएफ के जवानों के साथ संवाद करेंगे। इस कार्यक्रम में आम आदमी को एंट्री नहीं होगी। करीब 11:45 बजे से 12:45 तक मुख्यमंत्री जवानों के साथ रहेंगे। इस दौरान उनकी ड्यूटी को लेकर चर्चा की जाएगी। साथ ही सीमावर्ती क्षेत्र की चुनौतियों पर चर्चा होगी। कोड़ेवाला से मुख्यमंत्री दोपहर 1:20 बजे आएंगे। जहां से नाल गांव जाएंगे और यहां से तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे। ये यात्रा नाल गांव में ही निकलेगी। नाल से मुख्यमंत्री महाराजा गंगा सिंह यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम जाएंगे। यहां पर भारत-पाक विभाजन पर अपने विचार रखेंगे। मुख्यमंत्री 2:30 बजे यूनिवर्सिटी से नाल जाएंगे, जहां से जयपुर के लिए रवाना होंगे।

## बक्सू खां सचिव बने

**मेड़ता सिटी।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह भदौरिया ने कांग्रेस पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार शिक्षक प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुवे में मेड़ता सिटी निवासी बख़्सु खा को सचिव व नौरतमल सेन को संयुक्त सचिव पद पर नियुक्त किया।

सचिव बक्सू खां ने बताया कि शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह भदौरिया ने जो दायित्व दिया है। उस पर हम अपने कर्तव्य के साथ कार्य करेंगे वहीं संयुक्त सचिव सेन ने बताया कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में शिक्षक प्रकोष्ठ में जो दायित्व दिया हे उसमें शिक्षा को बढ़वा देने के लिए वही कांग्रेस पार्टी की योजनाओं को बढ़ावा देने का काम करेंगे।

वहीं दोनों पदाधिकारियों ने पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा व शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह भदौरिया का आभार व्यक्त किया।

# मुख्य सचिव का किशनगढ़ में स्वागत



**मदनगंज-किशनगढ़,** (निस)। मुख्य सचिव सुधांशु पंत बुधवार को मार्बल ओधोगिक क्षेत्र स्थित डंपिंग यार्ड पहुंचे। मुख्य सचिव पंत ने डंपिंग यार्ड क्षेत्र में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। आर के मार्बल चेयरमैन अशोक कुमार पाटनी, सुरेश कुमार पाटनी, किशनगढ मार्बल एसोसिएशन अध्यक्ष सुधीर जैन, संरक्षक महावीर कोठारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश चांडक, राजू गुप्ता, महासचिव शशिकांत पाटोदिया, पूर्व अध्यक्ष सुरेश टाक सहित अन्य पदाधिकारियों ने मुख्य सचिव पंत का स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान कलेक्टर लोकबंधु, उपखण्ड अधिकारी रजत यादव सहित पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी मौजूद रहे। कुछ देर रुकने के बाद मुख्य सचिव अजमेर के लिए रवाना हो गये।

## दस हजार का इनामी व टॉप टैन अपराधी गिरफ्तार

**उदयपुर।** झाड़ोल थाना पुलिस ने तीस लाख रूपये की नकबजनी के मामले में वांछित दस हजार रूपये के इनामी व टॉप टेन अपराधी को गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार पीडित दशरथसिंह पुत्र उंकारसिंह निवासी गोराणा झाड़ोल ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि 13 जून रात मेंअज्ञात चोर मकान में घुस कर लाखों रूपये के सोने चांउदी के जेवरात व नकदी करीब 1 लाख 25 हजार रूपये चुरा ले गए। इसी दौरान पड़ोसी राजकुमार पुत्र भंवरलाल फला खाखड़ी के घर से भी अज्ञात चोरों ने 3 मोबाईल चोरी किये, पड़ोसी लखालाल डुंरगी पुत्र अम्बालाल के मकान से एक मोबाईल चोरी हुआ। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक नेत्रपालसिंह के सुपरविजन में झाड़ोल थानाधिकारी फैलीराम के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए बुधवार को भीखाराम पुत्र भीमाराम निवासी चिंगटाभाटा नाणा पाली को चिंगटाभाटा नाणा पाली के जंगलों से डिटैन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। आरोपी भीखाराम की गिरफ्तारी के लिए जिला पुलिस अधीक्षक ने 10 हजार रूपये इनाम घोषित किया था।

# बयाना नगरपालिका भवन का लोकार्पण



बयाना नगरपालिका के नवीन भवन का लोकार्पण मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने किया।

- **नया भवन भविष्य की दिशा में उठाया गया एक सशक्त कदम है।**

**बयाना ( भरतपुर )।** नगरपालिका के नवीन भवन का लोकार्पण मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कर इसे आमजन को समर्पित किया। यह अत्याधुनिक भवन क्षेत्र की जनता को एक ही छत के नीचे सभी आवश्यक नगर सेवाएं उपलब्ध कराएगा, जिससे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, गति और सुविधा सुनिश्चित होगी। यह नया भवन न केवल आधुनिक सुविधाओं का प्रतीक है अपितु बयाना के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में उठाया गया। एक सशक्त कदम भी है। आने वाले समय में यह भवन नगर के विकास और जनकल्याण का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। इस दौरान नगर पालिका परिसर में एक पेड़ मां के नाम और हरियाली राजस्थान अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया।

## सांस्कृतिक संध्या आज

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निस)। नगर परिषद की ओर से स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर एक शाम आज़ादी के नाम सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जायेगा। सभापति दिनेश सिंह राठौड़ ने बताया की मंझेला रोड़ स्थित कम्युनिटी पार्क में सांय 5 बजे आयोज्य सांस्कृतिक संध्या में देश भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम होगा। सभापति राठौड़ ने बताया की कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशनगढ़ की उन छुपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है, जो कला, नृत्य, गायन, नाट्यय एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट क्षमता रखते हैं। इस दौरान 5100 दीप प्रज्वलन, आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र रहेगा। होंगे।।

## महिला की मौत

**डूंगरपुर।** निठाउवा थाना क्षेत्र के निठाउवा गांव की रहने वाली एक महिला की जहरीली वस्तु खाने से मौत हो गई। पीहर पक्ष ने महिला की मौत पर शक जताए हुए कारणों की जांच करवाने की मांग रखी है। निठाउवा थाना एएसआई ने बताया कि किशोर पुत्र भंवरलाल कलाल निवासी प्रतापगढ ने रिपोर्ट में बताया की बहन ललिता की शादी 2० साल पहले निठाउवा निवासी पंकज कुमार कलाल के साथ करवाई थी।

# स्टोर इंचार्ज का चार्ज नहीं लेने पर सैलेरी रोकी

- **महिला नर्सिंग अफसर की रोकी सैलेरी**
- **कलेक्टर के मौखिक निर्देश के बाद भी नहीं मिली सैलरी**

**डूंगरपुर।** जिले के बिछीवाडा ब्लॉक चिकित्सा विभाग के अंतर्गत एक महिला नर्सिंग अफसर के चार्ज नहीं लेने पर सैलेरी रोकने का मामला सामने आया है। महिला पिछले कई दिनों से वेतन के लिए भटक रही है। पीडित महिला ने रक्षाबंधन से एक दिन पहले भी जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अपनी पीडा बताई थी। कलेक्टर ने बीसीएमएच को फोन करके सैलेरी देने के निर्देश देने के बावजूद अभी तक वेतनमान नही बनाया है। आज पीडित ने अब फिर से कलेक्टर को गुहार लगाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता माया यादव ने बताया कि उसकी? नियुक्ति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिछीवाडा में है। बीसीएमएचओ डॉ नितेश डेंडोर ने उसका जबरदस्ती डेपूटेशन शिशोद गांव के सीएचसी पर कर दिया। महिला नर्सिंग अफसर ने पदस्थापन के साथ वहां पर फार्मासिस्ट का पद खाली होने से अतिरिक्त फॉर्मेसी का कार्यभार दिया। जिसे माया यादव ने सहज स्वीकार कर दिया। कुछ दिन बाद बीसीएमएचओ ने स्टोर इंचार्ज का अतिरिक्त कार्यभार दें दिया। जिसमें पिछले दो साल से स्टॉक को मैटेंन नही किया गया। वही पिछले कई वर्ष से अनियमितता चल रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए नर्सिंग अफसर माया यादव ने स्टोर इंचार्ज का चार्ज लेने से मना कर दिया। बीसीएमएचओ ने खफा होकर जुलाई माह की सैलेरी रोक दी। जिससे पीडित महिला ने 7 अगस्त को जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह से लिखित में परिवेदना दी। उन्होंने राखी के त्यौहार पर वेतन दिलाने की मांग रखी। जिस पर कलेक्टर ने सीएमएचओ को मौखिक निर्देश देते हुए राखी से पहले वेतन दिलाने के निर्देश दिए।बीसीएमएचओ डॉ.डिंडोर ने कलेक्टर और सीएमएचओ के आदेशों की अवेलहना करते हुए वेतनमान अभी तक जारी नही किया गया है। जिससे पीडिता ने पुनःकलेक्टर से गुहार लगाते हुए वेतनमान दिलाने की मांग की है। माया यादव ने बताया कि उसके वेतनमान से ईएमआई की कटौती होती है, ऐसे में पैनाल्टी का नुकसान झेलना पड रहा है। वही बच्चों की पढ ाई और घरेलू उपयोग के लिए वेतन की सख्त आवश्यकता है। उन्होंने स्टोर इंचार्ज का कार्य सीनियर अधिकारी को दिलाने और पूर्व में हुई अनियमितता की जांच कराने की मांग की है।

## दो इनामी अभियुक्त सहित तीन आरोपी डिटेन

**उदयपुर।** डीएसटी की टीम ने कार्यवाही करते हुए फरारी काट रहे कोटा जिले के दो वांछित इनामी अभियुक्त सहित तीन आरोपियों को डिटेन किया।

पुलिस मुख्यालय राजस्थान जयपुर द्वारा इनामी वांछित अभियुक्तों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन में उमेश ओझा के डीएसटी टीम प्रभारी श्यामसिंह रत्नू मय टीम ने बुधवार को सूचना मिली की राजस्थान के कोटा जिले के गुमानपुरा थाना के प्रकरण संख्या 163/25 में वांछित इनामी अभियुक्त अरबाज उर्फ बच्चा पुत्र मोहम्मद इरफान निवासी श्रमिक कॉलोनी बारा गुमानपुरा कोटा व उसकी महिला साथी खुशी उर्फ तुलसी पुत्र जगदीश सिंह निवासी आरकेपुरम थाना गुमानपुरा कोटा उदयपुर में फरारी काट रहे है तथा साथी परिचित बारां के रहने वाले दीपक उर्फ डीके पुत्र राज नायक निवासी लंका कॉलोनी बारा ने उन्हें रूकवा रखा है। इस पर पुलिस दल ने तीनों को डिटेन किया। अरबाज पर 10 हजार रूपये का इनामी होकर उसके खिलाफ 14अपराधिक प्रकरण दर्ज है। खुशी पर 5 हजार रूपये का इनाम होकर उसके खिलाफ भी 5 अपराधिक प्रकरण दर्ज है जबकि दीपक कानपुर मादड़ी में रहते हुए टेंपो चलाता है जिसके खिलाफ भी 4 अपराधिक प्रकरण दर्ज है।

## संक्षिप्त

### जागरूकता शिविर का आयोजन

**भरतपुर ।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के मासिक एक्शन प्लान के तहत सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर अनुतोष गुप्ता द्वारा मॉडर्न स्कूल, बरसो, भरतपुर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर अनुतोष गुप्ता द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम व उससे संबंधित कानूनों की जानकारी, कानूनी संबंधी, नि:षुल्क विधिक सहायता, कानूनी प्रक्रिया, बाल विवाह अभिशाप एवं उसके दुष्परिणाम, पोक्सो अधिनियम, बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना, 2024 योजनाओं, बच्चों का हेल्पलाईन नं. 1098, नालसा के टोल-फ्री राष्ट्रीय विधिक सहायता हेल्पलाईन नं. 15100 के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013, अनुसूचित जाति/जनजाती के विरूद्ध अस्पृष्यता और अत्याचार के अपराधों से संबंधी कानून, नालसा जागृति स्कीम, नालसा संवाद स्कीम, नालसा डाउन स्कीम, नालसा थीम सॉन्ग, बाल श्रम, घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, महिला सषक्तिकरण, बिना लाइसेन्स वाहन न चलाना, टैफिक नियम, राजस्थान पीड़ित प्रतिकर स्कीम आदि के बारे में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के बारे में बताया एवं उनकी समस्याओं का निराकरण किया।

### जागरूकता रैली का आयोजन

**भरतपुर।** संत कृपाल स्कूल सी0सै0स्कूल लक्ष्मी नगर भरतपुर में नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में स्कूल में नशा के प्रति जागरूकता, विचार, रैली का आयोजन लक्ष्मी विलास पैलेस तक रैली के रूप में किया गया जिसमें नशा के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गयी तथा समाज में ज्यादातर समस्याएँ किसी न किसी नशे के कारण ही आ रही हैं बताया गया। इस अवसर पर संस्था निदेशक प्रमोद फौजदार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारी रामरतन ने अपने-अपने विचार रखे। शपथ अख्लेश शेरवाल के द्वारा बच्चों को दिलवाई गई। इस अवसर पर सामाजिक कल्याण विभाग से प्रदीप सोलंकी, नरेन्द्र भारद्वाज, नेहा अग्रवाल, पिंटू सैनी एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद था।

### स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित होंगे कार्यक्रम

**कोटपूतली।** राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर 14 अगस्त, गुरुवार को राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपूतली में सायं 6 बजे से देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा. जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि विद्यार्थियों द्वारा उत्साह के साथ कार्यक्रम कि तैयारियां की जा रही हैं, इस दौरान नृत्य, नाटक एवं देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दी जाएगी।

### प्रतियोगिताएं का आयोजन

**कोटपूतली।** आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत चल रहे ''हर घर तिरंगा'' अभियान में जिले के विभिन्न विद्यालयों में उत्साह व उत्सव का माहौल है। बुधवार को जवानपुरा, आंतेला, बजरंगपुरा, विराटनगर, लुहाकना कलां सहित विभिन्न विद्यालयों में तिरंगा रैली, प्रतियोगिताएं व शपथ का आयोजन किया गया। साथ ही नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई।

### 33 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**निवाई।** निवाई थाना क्षेत्र के गांव खणदेवत के जोगनी ढाणी में मंगलवार को एक 33 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन जब अपने खेत से घर लौटे तो कमरा अंदर से बंद पाया। परिजनों द्वारा कमरे का गेट खटखटाने पर भी गेट नहीं खुलने पर उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कमरे के गेट को तोडक़र कमरे में प्रवेश किया। जहां युवक फंदे पर लटका हुआ मिला। ग्रामीणों व परिजनों ने उसको फंदे से उतारकर निजी अस्पताल लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक किशनलाल(33) पुत्र रामफूल बलाई का शव कब्जे में लेकर उपजिला अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम के लिए रखवाया।

# वन राज्य मंत्री ने तिरंगा रैली में शामिल होकर राष्ट्रप्रेम का दिया संदेश



अलवर में तिरंगा यात्रा रैली में वन मंत्री संजय शर्मा कार्यकर्ता के साथ बाइक पर सवार देशभक्ति के लगाए नारे।

**अलवर ।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने आज स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के तहत परशुराम सर्किल से निकाली गई दुपहिया वाहन रैली को केसरिया झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान मंत्री शर्मा रैली में तिरंगा ध्वज हाथ में लेकर सम्मिलित शामिल हुए।

वन राज्यमंत्री शर्मा ने कहा कि स्वाधीनता दिवस को हर्षोल्लास से मनाए जाने एवं जन-जन को राष्ट्रीय पर्व के समारोह से जोडने के उद्देश्य से देशभर में हर घर तिरंगा अभियान

- शहीद चंद्रशेखर आजाद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

चलाया जा रहा है जिसके तहत जन सहभागिता से तिरंगा यात्रा, तिरंगा मैराथन, तिरंगा शपथ आदि कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपने घरों पर तिरंगा लगाने की अपील करते हुए कहा कि तिरंगा हमारे देश की एकता, अखंडता, और विविधता का प्रतीक है और हर भारतीय का कर्तव्य है कि वह इस सम्मान को बनाए रखे।

बाइक रैली में विभिन्न बडी संख्या में आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लोगों ने तिरंगे के साथ भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारे लगाते हुए देशभक्ति का प्रदर्शन किया। दुपहिया वाहन रैली परशुराम सर्किल से अशोका टाकिज, मालाखेडा बाजार, त्रिपोलिया होते हुए होप सर्कस, पुलिस कंट्रोल रूम होते हुए मन्नी का बड से शहीद स्मारक से शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क में सम्पन्न हुई।

इस दौरान वन राज्यमंत्री शर्मा ने शहीद चंद्रशेखर आजाद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।इस अवसर पर पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, गोवर्धन सिंह सिसोदिया, जितेन्द्र नरूका, ओमप्रकाश शर्मा, जगदीश अटल, जितेन्द्र राठौड, ओमप्रकाश शर्मा, विश्म्भर वशिष्ठ, रजनीश जैमन अश्विनी जावली, बाबूलाल शर्मा, त्रिपोलिया मंदिर के महन्त जितेन्द्र खेडापति सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर प्रशासन सक्रिय

**पावटा।** सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से प्रशासन ने सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। पावटा कस्बा क्षेत्र में संभावित दुर्घटना स्थलों की पहचान कर उन्हें चिन्हित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत सहित एनएएचआई, पीडब्लूडी, तहसीलदार, परिवहन और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर एक संयुक्त निरीक्षण टीम ने उपखंड पावटा में राष्ट्रीय राजमार्ग 48 का निरीक्षण किया। इस दौरान उपजिला अस्पताल पावटा कट सहित प्रमुख स्थानों का दौरा किया, जहां पूर्व में कई गंभीर सड़क हादसे हो चुके हैं। राजमार्ग के बीच बने डिवाडरो पर लगे बढ़े बढ़े पेढ़ पौधों की कटाई की योजना है, ताकि चालकों को सतर्क किया जा सके और दुर्घटनाओं की संभावना कम की जा सके। वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी नेशनल हाईवे पर बनाए गए अवैध कटों को चिह्नित कर कई बार बंद करा चुके हैं। इसके बाद भी पेट्रोल पंप संचालक, होटल संचालक, ढाबा संचालकों ने अपनी सुविधा और कमाई के लिए हाईवे पर अवैध कट बनवा देते हैं। इन अवैध कटों की वजह से हादसे की आशंका बनी रहती है।

## विधायक धनकढ़ बने सेवा संभाग स्तरीय समिति सदस्य

- भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने दी हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई

**पावटा।** प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौढ़ के निर्देशानुसार आगामी कार्यक्रम सेवा पखवाढ़ा के प्रदेश एवं संभाग स्तरीय समिति के सदस्यों की घोषणा करते हुए विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनखड को सेवा पखवाड़ा में प्रदेश स्तरीय कमेटी का सदस्य बनाए जाने पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं जयपुर देहात उत्तर जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल, उपाध्यक्ष बादाम देवी वर्मा, जयराम सिंह गुर्जर, विनोद सिंह तंवर, रामनरेश यादव, सुरेश गिठाला, प्रभुदायल गुर्जर, अर्चना कुमावत, रिसाल सिंह, महामंत्री सुरेंद्र चौधरी, दामोदर बागढ़ा, मोहनलाल वर्मा, मंत्री पद सुषमा सैनी, मीरा मीणा भामोद, मुकेश चौपढ़ा, राजेंद्र कुमार शर्मा, मीरा देवी मीणा, जेपी खोजी, मीरा देवी सैनी, कोषाध्यक्ष विमल गर्ग, प्रवक्ता राजेश शर्मा, अरविंद यादव, सुमन शर्मा, कार्यालय प्रभारी अशोक कुमार सुरेलिया, सोशल मीडिया प्रभारी सीताराम छापोला, सह पसुनील गुप्ता, आईटी सेल प्रभारी नितिन खंडेलवाल मंडल संयोजक मुखराम धनखढ़, पूर्व मंडल अध्यक्ष सवाई सिंह, राजस्थान राज्य बीज निगम डायरेक्टर जगदीश यादव, पर्यावरणविद् एवं जल प्रहरी दीप सिंह बढ़नगर, बद्री प्रसाद चौहान, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा सरदार यादव, प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष विकास सिंह, पावटा बालाजी मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राठी, प्रमोद सैनी त्रिवेणी मंडल अध्यक्ष एवं महेश कुमार यादव बाणगंगा मंडल अध्यक्ष, विकास शर्मा विराटनगर मंडल अध्यक्ष, हितेंद्र लाटा, पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल, धूड सिंह शेखावत, पूर्व पार्षद प्रागपुरा मिंटू शर्मा सहित भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने विधायक कुलदीप धनखड को हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई प्रेषित की।

## खैरथल जिले के नाम बदलने व मुख्यालय विवाद में क्या किशनगढ़ बास के वापस दिन लौटेंगे

- विधायक दीपचंद खेरिया खैरथल तिजारा जिले के अस्तित्व को बचाए रखने के लिए बैठक कर रणनीति बनाने में जुटे है

**किशनगढ़ बास।** सरकार खैरथल तिजारा जिले के नाम कों बदलकर भतृहरि नगर कर सकती, मुख्यालय बदलकर कहीं और शहर में कर सकती हैं परन्तु विधायक दीपचंद खेरिया के नाम को ना तो बदल सकती है और ना ही उन्हें खैरथल क्षेत्र की जनता से दूर कर सकती है जब भी कहीं खैरथल तिजारा जिले के नाम की चर्चा होगी वहां खेरिया का नाम पहले जिले के निर्माता के रूप लिया जाएगा।

भतृहरि नगर के नाम के साथ दीपचंद खेरिया की चर्चा हर किसी की जुबान पर है। विधायक ने बिना मांगे खैरथल को जिले के रूप में तोहफा दिया पहचान दी आज भाजपा उस नाम को मिटा कर नया नाम भतहरि नगर देना चाह रही। अब विधायक खैरथल के लोगों को साथ लेकर जिले के नाम और जिले को बचाने की जुगत में लगे हैं मुख्यमंत्री को पत्र लिख रहे है खैरथल में लोगों को साथ लेकर उनके साथ बैठक कर रणनीति बनाने में लगे हैं।जिला मुख्यालय से केवल 10 किलोमीटर दूर सबसे नजदीक के सबसे पुराने व सबसे प्रभावशाली उपखंड किशनगढ़ बास के नाम की भी चर्चा बनी है। किशनगढ़ बास में लोग कह रहे विधायक जी मंथन करो किशनगढ़बास को मुख्यालय बनाया होता तो यह नौबत नहीं आती। निर्णय करने में आप से चूक हुई है भले ही राजनीतिक लाभ लेने के लिए ही सही पर चूक तो हुई है ।

लोगों का मानना है अगर विधायक खेरिया उस समय जिले की भौगोलिक दृष्टि को देखकर मुख्यालय का निर्णय लेते तो ना तों जिले को लेकर शुरू से उठ रहे सवाल उठते और ना ही विरोध प्रदर्शन होते ओर ना ही नाम बदलने की नौबत आती और ना ही आज मुख्यालय बदलने की स्थिति पैदा होती। इस जिले में पांच उपखंड शामिल हैं जिनमें किशनगढ़ बास सबसे पुराना है उसके बाद फिर मुंडावर तिजारा टपूकड़ा और कोटकासिम आते हैं वहीं जिले में तीन विधानसभाए लगती है जिसमें किशनगढ़ बास तिजारा और मुंडावर शामिल हैं। किशनगढ़ बास उपखंड से अगर जिले के पांचो उपखंड की दूरी देखें तो मुंडावर की दूरी 25 किलोमीटर है, कोटकासिम की दूरी 20 किलोमीटर है, तिजारा की दूरी केवल 18 किलोमीटर है और टपूकड़ा की दूरी करीब 40 किलोमीटर की है। अगर किशनगढ़ बास उपखंड के पुराने इतिहास को देखें तो जिले के जितने प्रशासनिक कार्य क्षेत्र को अकेला उपखंड किशनगढ़ बास संभाल चुका है। इसके अलावा विधानसभा किशनगढ़ बास है।

अलवर जिले में किशनगढ़ बास एक ऐसा उपखंड रहा है जहां अलवर के बाद ग्राम पंचायत स्तर पर सबसे ज्यादा सरकारी कार्यालय एवं न्यायपालिकाएं स्थापित हुए हैं।

## पावटा से कोटपूतली तक बस चलवाने की मांग



ग्रामीणों ने जिला कलक्टर के नाम एडीएम ओमप्रकाश सहारण को ज्ञापन सौंपा।

**पावटा।** कस्बा पावटा से कोटपूतली वाया टोरडा, टसकोला, रामपुरा, दांतिल, द्वारिकपुरा, बेरी बांध, शुक्लावास, खढ़ब, नारेहढ़ा होते हुये कोटपूतली तक रोढ़वेज बस चलाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जिला कलक्टर के नाम एडीएम

- ज्ञापन में बताया कॉलेजों में अध्ययन करने के लिये छात्र-छात्रायें कोटपूतली आने के लिये परेशानी उठाते हैं

ओमप्रकाश सहारण को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि स्कूल, कॉलेजों में अध्ययन करने के लिये छात्र-छात्रायें कोटपूतली आने के लिये परेशानी उठाते हैं। छोटे व्हीकल्स मनमाने तरीके से किराया वसूलते हैं तथा सुरक्षा की दृष्टि से खतरा बना रहता हैं। इस रूट पर पहले आठ-दस सरकारी व गैर-सरकारी बसों का संचालन होता था जो अब बन्द हो गया है। अत: प्रशासन से निवेदन है कि जनहित में दिन भर के लिये बसों का संचालन कराया जावें। जिस पर एडीएम ने रोढ़वेज एमडी को पत्र लिखा तथा ग्रामीणां की मांग को वाजिब बताते हुये कार्यवाही का आष्वासन दिया। इस दौरान राधेश्याम शुक्लावास, युथ कांग्रेस के जिला महासचिव सुभाष मेहारानियां द्वारिकापुरा, रामसिंह राजपूत जीणगौर, महेश गुर्जर, मदन मोहन शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

## जिला कलेक्टर ने किया मातृ एवं शिशु कल्याण केंद्र का निरीक्षण

- जिला कलेक्टर ने लेबर रूम, दवा वितरण, जांच केंद्र, पर्ची काउंटर, समेत चिकित्सालय का निरीक्षण किया

**टोंक।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बुधवार को राजकीय मातृ एवं शिशु कल्याण केंद्र टोंक का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने अस्पताल परिसर के बाहर स्थित पार्क में रोगियों एवं उनके परिजनों द्वारा कपड़े सुखाए जाने के लिए अन्य स्थान को चिन्हित करने के निर्देश दिए, साथ ही, पार्क की सार संभाल कर इसे बैठने योग्य बनाए जाने पर जोर दिया।

जिला कलेक्टर ने लेबर रूम, दवा वितरण, जांच केंद्र, पर्ची काउंटर, समेत चिकित्सालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद रोगियों एवं उनके परिजनों से अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर फीडबैक लिया। सभी ने अस्पताल की व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। जिला कलेक्टर ने अस्पताल में साफ-सफाई की कमी को लेकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने सफाई ठेकेदार पर जुर्माना लगाने के लिए प्रभारी डॉ. विनोद परवेरिया को निर्देशित किया। जिला कलेक्टर ने अस्पताल में आवश्यक संसाधनों के बारे में पीएमओ डॉ. हनुमान प्रसाद बैरवा से जानकारी ली, साथ ही, आरएमआरएस की बैठक नियमित कराने, चिकित्सालय में मौजूद फंड से आवश्यक मेडिकल संसाधन खरीदने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने काफी लंबे समय से बंद पड़े सुलभ शौचालय को खोले जाने के निर्देश दिए, महिला चिकित्सक डॉ. सुनिता राजौरा ने अस्पताल में बैड की कमी की जानकारी दी। जिला कलेक्टर को सुरक्षा गार्ड ने विगत चार पांच माह से वेतन नहीं मिलने की समस्या से अवगत कराया।

# 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत विद्यार्थियों ने निकाली रैली



तिरंगा रैली निकालते विद्यालय परिवार के लोग।

- विद्यालय की सभी छात्राओं ने बड़े जोश के साथ भाग लिया

**फुलेरा।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय इंदिरा बाजार में बुधवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत रैली का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय की सभी छात्राओं ने बड़े जोश के साथ भाग लिया, प्रधानाचार्य नविता वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया, रैली हलवाई बाजार होते हुए शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए वापस विद्यालय पहुंची एवं इसी कड़ी में नगर पालिका फुलेरा की ओर से भी छात्रों को जागरूक करने के लिए पपेट शो तथा नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किया गया, छात्राओं द्वारा तिरंगे की आन बान की रक्षा के लिए शपथ ली गई , इस अवसर पर विद्यालय परिवार की अनीता पीटर एनएसएस प्रभारी मीनाक्षी मीणा, शर्मिला भाटिया, गिरिराज सांभरिया, धर्मराज खांडेकर, राहुल बोदल्या, चंद्रशेखर त्यागी, अनीता कुमारी, कमला बागड़ी, बीना मौर्य, वंदना सैनी, वर्षा शर्मा, सुनीता, एकता, तरुणा बंसल सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

इसी प्रकार पीएमश्री सेठ सूरजमल अग्रवाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फुलेरा ने भी हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत रैली निकाली। विद्यालय के मुकेश कुमार सोनी ने बताया कि इस रैली का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को जागृत करना और सभी नागरिकों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने के प्रति उत्साह बढ़ाना था। रैली में स्कूल के छात्र, शिक्षक और कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने अपने हाथों में तिरंगा ध्वज लेकर अपने देश के प्रति सम्मान और प्यार व्यक्त किया। इस अभियान से विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना मजबूत हुई और उन्होंने इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का संदेश भी दिया।

## सार-समाचार

### कैडेट्स ने निकाली हर घर तिरंगा रैली




**टोंक।** राजस्थान बटालियन एनसीसी जयपुर के निर्देशनानुसार राजकीय महाविद्यालय टोंक में राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राचार्य लोकेश कुमार शर्मा ने रैली को संबोधित करते हुए कहा की तिरंगा रैली हमारी स्वतंत्रता व एकता का प्रतीक है, जो देशवासियों में राष्ट्रीय गौरव, देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को प्रबल करती है। प्रत्येक कैडेट्स को अपने घर पर गाइडलाइन के अनुसार राष्ट्रीय ध्वज को फहराना चाहिए, कैडेट्स द्वारा देशभक्ति के नारे लगाए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के संकाय सदस्य व एनसीसी अधिकारी मोहम्मद बाकिर हुसैन व एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**टोंक।** सदर थाना क्षेत्र के ग्राम चंदलाई, बैरवा ढाणी में बिजली पोल के सपोर्टिंग तार में आ रहे करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई, परिजनों और ग्रामीणों ने मृतक के आश्रित को 20 लाख, संविदा नौकरी देने की मांग की। इस दौरान सदर थाना टोंक थाना प्रभारी ने ग्रामीणो को आश्वस्त किया कि पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा, उसके बाद परिजनो ने शव को उठाया तथा अंतिम संस्कार किया। वही परिजनों ने बताया कि युवक विजय कुमार बैरवा पुत्र हीरालाल बैरवा उम्र 28 साल निवासी बैरवा ढाणी चंदलाई जो मंगलवार रात को खेत से कृषि कार्य करके घर लौट रहा था, तभी रास्ते में बिजली निगम के खंभे को गिरने से बचाने के लिए लगा रखे सपोट तार के टच हो गया, उस तार में करंट प्रवाहित होने से वह झुलस गया। जिसे बचाने दौड़े ग्रामीणो ने उसे सआदत अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पंहुचे सदर थाना पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाने के दौरान परिजनों ने थाना प्रभारी के सामने 20 लाख सरकारी सहायता और एक आश्रित को संविदा नौकरी की मांग की, जिस पर पुलिस प्रशासन द्वारा परिजनों से समझाइश कर आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को प्रमुखता से प्रशासन के सामने रखेंगे, जिसके बाद परिजन शव को ले गये तथा दोपहर को शव का अंतिम संस्कार किया गया।

### तिरंगा रैली का आयोजन



**टोंक।** स्वतंत्रता दिवस से दो दिन पहले टोंक जिला देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। सड़कों पर हाथों में तिरंगा झंडा थामे आमजन और उनकी अगुवाई करते हुए बुधवार को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौंकरिया के नेतृत्व में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के प्रति सम्मान की भावना को जागृत करने के लिए तिरंगा रैली निकाली गई। तिरंगा रैली पुलिस लाइन से शुरू होकर खोजा बावड़ी, सिंधी कॉलोनी, बारूद खाना, बमोर गेट, गांधी पार्क एवं घंटाघर होते हुए पटेल सर्किल पहुंची। जिला कलेक्टर ने सभी जिले वासियों से आव्हान किया कि स्वाधीनता दिवस के अवसर पर सभी नागरिक अपने-अपने घरों में तिरंगा लगाएं। उन्होंने कहा कि हमें राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करने के साथ-साथ देश प्रेम और भाईचारे की भावना से रहना चाहिए। साथ ही, देश की एकता और अखंडता को सर्वोपरि समझे। तिरंगा रैली में कोषाधिकारी हरीश लालावत, राजकीय महाविद्यालय के लेफ्टिनेंट मोहम्मद बाकिर हुसैन, एनसीसी, एनएसएस, रोवर स्काउट, रेंजर गाइड, विभिन्न राजकीय विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थी, नगर परिषद के कनिष्ठ सहायक मोहम्मद शकील, कवि प्रदीप पंवार समेत शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए।

### किसानों ने पावटा एईएन को सौंपा ज्ञापन



**पावटा।** एडवोकेट देवांश सिंह प्रागपुरा ने केवल सैनी, मनोज सैन, मोनू वर्मा और अन्य बढ़ी संख्या में किसानो के साथ मिलकर पावटा के सहायक अभियंता संजीव जाखड को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शहरी किसानों पर थोपे गए नए कृषि बिल का विरोध जताया गया। एडवोकेट देवांश सिंह ने सवाल उठाया कि वर्षों बाद अब अचानक यह कृषि बिल क्यों लाया गया। उन्होंने शहरी और ग्रामीण किसानों के बीच भेदभाव को अनुचित बताया। किसान, किसान होता है-सिर्फ क्षेत्र के आधार पर कैसे फर्क किया जा सकता है। साथ ही यह भी जानना चाहा कि शहरी किसानों को कौन से अतिरिक्त लाभ मिलते हैं, जिनके बदले यह अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। ज्ञापन में कृषि बिल को तुरंत वापस लेने की मांग की गई और चेतावनी दी गई कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो प्रदेश स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। एईएन ने ज्ञापन प्राप्त कर इसे उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

### बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलाई

**भरतपुर।** बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन भरतपुर द्वारा बाल विवाह की रोकथाम को लेकर निरंतर बाल विवाह मुक्त राजस्थान अभियान के तहत जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं जिसमें नेताजी सुभाष चन्द्र बास राजकीय उच्च प्राथमिक आवासीय विद्यालय न्यू पुष्प वाटिका कॉलोनी भरतपुर में बाल विवाह रोकथाम की जागरूकता के लिए कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया सहायक निदेशक अमित अवस्थी बाल अधिकारिता विभाग भरतपुर ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन कोऑर्डिनेटर प्रेमराज परनामी के नेतृत्व में भरतपुर जिले में इस अर्द्धार्षिक कार्य योजना के तहत आगामी माहों में आयोजित होने वाले विभिन्न दिवसों पर विविध गतिविधियां आयोजित कर बाल विवाह रोक की जन जागरूकता का प्रयास किया जायेगा। साथ ही कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बच्चों को बाल विवाह रोकथाम के लिए शपथ दिलाई गई

### 10 आरा मशीनों को किया सीज

**भरतपुर ।** उप वन संरक्षक मानस सिंह के निर्देशन में वन विभाग द्वारा अभियान चलाकर आरा मशीनों की जांच की गई। जिसमें 10 आरा मशीनें अवैध संचालित पाये जाने पर जब्ती की कार्यवाही कर 1200 क्वि. लकडी एवं मशीनों को सीज किया गया। उप वन संरक्षक ने बताया कि सहायक वन संरक्षक सुरेश चौधरी एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रथम प्रतिभा व अन्य रेंज स्टाफ द्वारा पुलिस जाब्ता के साथ 10 आरा मशीनों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि जांच में 10 आरा मशीन राजस्थान वन उपज (आरा मिलों की स्थापना एवं नियमन) नियम 1983 के अन्तर्गत अवैध रूप से संचालित पाई गई।

## संक्षिप्त

### विभिन्न संगठनो ने निकाली तिरंगा यात्रा

**टोंक।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत मालपुरा मुख्यालय में तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल लाल चौधरी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चौहान सहित एनसीसी एवं स्काउट सहित सभी विद्यालयों के छात्रों पूर्व सैनिकों एवं शहर के सभी श्रेष्ठ नागरिक बन्धुओं, स्वयं सेवी संस्थाओं एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने बढ चढकर भाग लिया। इस तिरंगा यात्रा में कैबिनेट मंत्री कन्हैया चौधरी ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना को बढ़ाना है। देश के शहीदों और महापुरुषों के प्रति सम्मान प्रकट करना है एवं भारत की एकता व अखंडता को मजबूत करना है। तिरंगा रैली के माध्यम से देश की आजादी में बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करना है। इस दौरान जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने तिरंगे को आन-बान और शान का प्रतीक बताते हुए कहा कि देश और दुनिया के लोग भी भारतीय सैनिकों और सेना के प्रति गर्व और सम्मान की भावना रखते हैं। इसी प्रकार जिला मुख्यालय पर भी बुधवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई।

### महाविधालय में वृक्षारोपण अभियान प्रारम्भ

**कोटपूतली।** डाबला रोड़ स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में बुधवार को भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेष महामंत्री एड. हीरालाल रावत के मुख्य आतिथ्य व प्राचार्य प्रो. आर पी गुर्जर की अध्यक्षता में वृक्षारोपण अभियान प्रारंभ किया गया। प्राचार्य प्रो. आर पी गुर्जर ने बताया कि इस वर्ष महाविद्यालय के अलावा छात्रायें घर पर भी वृक्षारोपण कर फलदार पेड़ लगायेगी। भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेष महामंत्री एड. हीरालाल रावत ने छात्राओं को संबोधित करते हुये बताया कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान से प्रारम्भ इस वृक्षारोपण कार्यक्रम से माँ भारती को हरा भरा बनाना हैं। एनएसएस प्रभारी डॉ. जगराम गुर्जर ने बताया कि महाविद्यालय पहले से ही पर्यावरणीय दृष्टि से मॉडल कॉलेज हैं। छात्राओं के साथ-साथ स्टाफ भी वृक्षारोपण में भूमिका निभा रहा है।

### शिविर का आयोजन

**दूदू ।** पंचायत समिति एवं नगर पालिका मुख्यालय दूदू पर राज्य सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री एवं एडीआई पी योजना के तहत जिला प्रशासन एवं सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग द्वारा विशेष योग्य जनों एवं वृद्ध जनों केशशक्तिकरण योजना में सहायक अंग उपकरण चिन्ही करण शिविर का आयोजन किया जाएगा उपखंड अधिकारी रमेश कुमार ने बताया कि 26 अगस्त 2025 को पंचायत समिति दूदू परिसर में तथा 9 सितंबर 2025 को नगर पालिका परिसर दूदू में शिविर का आयोजन प्रातः 10:00 बजे से 5:00 बजे तक किया जाएगा लाभार्थियों को अपना विकलांगता प्रमाण पत्र एवं जन आधार दो फोटो साथ लानी होगी तथा आय का प्रमाण पत्र भी पेश करना होगा।

### जिला प्रमुख ने सोंदीफल के मृतको दी सहायता राशि

**टोंक।** ग्राम पंचायत चौगाई के ग्राम सोंदीफल बैरवा ढाणी के बांध में बने फार्म पौण्ड में बीते 10 अगस्त को तीन चचरे भाईयों की डूबने से मृत्यु हो गई थी, जिस पर जिला प्रमुख सरोज बसंल द्वारा राजस्थान पंचायती अधिनियम,1994 की धारा 35(1)(च) के अनुसार जिले में प्राकृतिक आपादाओं से प्रभावित होने वालो को तुरन्त सहायता उपलब्ध कराने के तहत मृतक विकास पुत्र धर्मराज बैरवा, अनिल पुत्र राजेश बैरवा एव अंकेश पुत्र शंकर लाल बैरवा के परिजनो को निजी आय से प्रत्येक को 10 हजार रूपये की राशि दिये जाने का प्रस्ताव स्थाई समिति जिला परिषद टोंक की आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया।

### चौमू व बड़ पीपली क्षेत्र में पकड़ी बिजली चोरी

**जयपुर ।** जयपुर डिस्कॉम की सतर्कता शाखा ने बुधवार को चौमू एवं बड पीपली क्षेत्र में विभिन्न परिसरों की जांच की। इस दौरान एक होटल में थ्री फेज मीटर को रिमोट से कंट्रोल कर संचालित करते पाया गया। वहीं एक उपभोक्ता को आर्मर्ड केबल में कट करके विद्युत चोरी करते पाया गया। दोनों प्रकरणों में वीसीआर भरी गई एवं कनेक्शन काटकर अवैध केबल व विद्युत मीटर जब्त किये गये।

# खैरथल कोटकासिम और किशनगढ़ बास में निकाली तिरंगा यात्रा

**खैरथल।** आमजन में देशभक्ति की भावना का संचार करने के लिए सरकार द्वारा हर घर तिरंगा अभियान संचालित किया जा रहा है इसके उपलक्ष्य में जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने जिला सचिवालय खैरथल से विशाल तिरंगा यात्रा को झंडा दिखाकर यात्रा आरंभ कर यात्रा में सम्मिलित हुए।

बाइक चालकों के साथ ही अन्य सभी ने हाथों में तिरंगा लिए हुए पूरे मार्ग में देशभक्ति के गीतों का प्रसारण कर वातावरण को राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत सा कर दिया। यह तिरंगा रैली जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा से होकर लक्ष्मी नारायण होते हुए अपने गंतव्य स्थान भगत सिंह चौक पहुंचकर सम्पन्न हुई। रैली का समापन भारत माता की जय घोष के साथ किया। यात्रा में सैकड़ो की संख्या में स्थानीय लोगों ने बाइक सवार होकर भाग लिया।



कोटकासिम में ट्रैक्टर चलाकर तिरंगा रैली में शामिल हुए जिला कलेक्टर किशोर कुमार।

जिला कलेक्टर ने कहा कि आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान, भारत को आजाद कराने वाले स्वतंत्रता सैनानियों के बलिदानों के गौरवमयी इतिहास, भारत की सांस्कृतिक-ऐतिहासिक विरासत एवं देश के विकास प्रगति को दर्शाने के साथ-साथ आजादी के आन्दोलन के इतिहास को याद करने की यह एक अनूठी पहल है। जिला स्तरीय तिरंगा रैली से पूर्व जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने उपखंड कोटकासिम में आयोजित तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।उन्होंने ट्रैक्टर चलाकर तिरंगा रैली में भाग लिया।

- ाइक चालकों के साथ ही अन्य सभी ने हाथों में तिरंगा लिए हुए पूरे मार्ग में देशभक्ति के गीतों का प्रसारण किया

आयोजन के दौरान जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, जिला कलेक्टर किशोर कुमार, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, सभापति नगर परिषद हरीश रोघा, भाजपा जिला अध्यक्ष महासिंह चौधरी, उपखंड अधिकारी किशनगढ़ बास मनीष कुमार जाटव, नगर परिषद आयुक्त मुकेश कुमार, मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, मंडल अध्यक्ष किशनगढ़ बास मनोज मित्तल, उपसभापति नगर परिषद वरुण डाटा, पूर्व सभापति अशोक डाटा, किसान नेता टिल्लू शर्मा, सुनील यादव, पंकज खुराना, सहित जनप्रतिनिधि एवं आमजन मौजूद रहे।

किशनगढ़ बास पुराने पंचायत भवन पर संयुक्त रूप से एकत्रित होकर हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा पंचायत भवन से शुरू होकर घंटाघर मेन बजार खैरथल रोड होते हुए तोप सर्किल पहुंची। भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज मित्तल ने बताया कि भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य रामहेत सिंह यादव पूर्व विधायक किशनगढ़ बास के निर्देशानुसार किशनगढ़ बास और मोठूका मंडल की ओर से तिरंगा यात्रा का आयोजन किशनगढ़ बास में किया गया।

### गोविंदगढ़ थाने का सहायक पुलिस उपनिरीक्षक ट्रैप

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की विशेष अनुसंधान टीम जयपुर ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए जयपुर ग्रामीण जिले के गोविंदगढ पुलिस थाने में बड़ी कार्रवाई करते हुए सहायक पुलिस उपनिरीक्षक (एएसआई) शंकर लाल को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। एसीबी टीम ने यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप सारस्वत के नेतृत्व में अंजाम दी भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी एसआईयू टीम को शिकायत मिली कि पुलिस थाना गोविन्दगढ में जब्त गाड़ी को छोड़ने और परिवादिया के बेटे को गिरफ्तार नहीं करने की एवज में अनुसंधान अधिकारी सहायक पुलिस उपनिरीक्षक (एएसआई) शंकर लाल मीणा पांच हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा है।

# कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने में पुलिस का सहयोग करे : राव राजेंद्र सिंह

**पावटा।** ग्राम भाबरू में बुधवार को नवनिर्मित भाबरू पुलिस थाने के भवन का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह, विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड के मुख्य आतिथ्य और जिला कोटपुतली बहरोढ़ एसपी देवेंद्र विश्नोई की अध्यक्षता एवं पूर्व गृह मंत्री राजेंद्र यादव, आशीष धनकढ़ सरपंच सुरेद्र, रोहिताश ताखर, भागीरथ यादव, जयसिंह पारीक, सीताराम शर्मा के विशिष्ट अतिथि में के रूप में मौजूद रहे। अतिथियों ने पूजा-अर्चना के बाद फीता काटकर भवन का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर वृत्तिधकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत, प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह, भाबरू थाना प्रभारी अंकित सामरिया सहित क्षेत्र के सभी थानों के पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।



भाबरू में बुधवार को नवनिर्मित भाबरू पुलिस थाने के भवन का लोकार्पण किया ।

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने थाना परिसर में वृक्षारोपण भी किया। इस दौरान सांसद राव राजेंद्र सिंह ने कहा कि पुलिसकर्मी दिन-रात अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखने का कार्य करते हैं। उन्होंने जनता से कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। वही विधायक कुलदीप धनकड ने बताया कि पहले भाबरू का पुलिस थाना एक धर्मशाला में संचालित होता था, जहां जगह की कमी के कारण पुलिस कर्मियों को कई समस्याओं का सामना करना पढ़ता था। विभिन्न कठिनाइयों व संसाधन के आभाव के बावजूद पुलिस के जवान जनता की सेवा व सुरक्षा में अपना योगदान देते आ रहे हैं। ऐसे में थाना का नया भवन बनने के बाद यहाँ कार्यरत पुलिसकर्मियों को काफी सुविधा होगी। दुर्घटनाओं की स्थिति में पुलिस की प्रतिक्रिया में देरी नहीं होगी। अब जयपुर-दिल्ली नेशनल हाईवे पर नए भवन के निर्माण से पुलिस को बेहतर कार्य करने में सुविधा होगी।

- जयपुर-दिल्ली नेशनल हाईवे पर नए भवन के निर्माण से पुलिस को बेहतर कार्य करने में सुविधा होगी - धनकड

# भक्तों ने सांवरिया सेठ व सिंगोली श्याम पदयात्रा को किया रवाना

**देवली ।** बुधवार को शहर से श्री सांवरिया सेठ एवं सिंगोली श्याम की 31 वीं पदयात्रा गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से रवाना हुई। इस मौके पर शहर में,जगह-जगह पदयात्रियों पर पुष्प वर्षा की गई।समिति अध्यक्ष संपत सुवालका ने जानकारी में बताया कि पदयात्रियों ने विवेकानंद कॉलोनी स्थित बाबा रामदेव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की और पदयात्रा की सफलता की कामना की। इसके बाद पदयात्री ध्वज लेकर रवाना हुए, जिसमें ढोल-नगाड़ों और बैंड बाजों के साथ पदयात्री नाचते-गाते चल रहे थे। इस अवसर पर भक्त महिलाओं ने भगवान सांवरिया सेठ के भजनों पर नृत्य किया। पदयात्रा मुख्य बाजार से बस स्टैंड स्थित मंदिर पहुंची जहां पंचमुखी बालाजी मंदिर स्थित यात्रियों द्वारा पूजा की गई। इस मौके पर मौजूद शहर वासियों ने पदयात्रियों पर पुष्प वर्षा की । यात्रा में जाने वाले पदयात्रियों के साथ उनके परिजन भी मौजूद थे। समिति अध्यक्ष संपत सवालका ने जानकारी में बताया कि पदयात्रा 20 अगस्त को सांवरिया सेठ पहुंचेगी और 21 अगस्त को सुबह 11 बजे ध्वज चढ़ाया जाएगा। इस मौके पर सिंगोली श्याम में 16 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया जाएगा। यह परंपरा हर वर्ष की भांति आयोजित होगी। पदयात्रा में अध्यक्ष संपत सुवालका, उपाध्यक्ष पंकज सिंहल, कोषाध्यक्ष रामेश्वर जांगिड़, व्यवस्थापक सत्यनारायण सेन, सहित करीब 200 पदयात्री यात्रा में शामिल होते हुए श्री सांवरिया सेठ की यात्रा के लिए रवाना हुई ।

- श्री सांवरिया सेठ की पदयात्रा में 200 यात्री हुए शामिल
- दूसरी यात्रा में लगभग 250 पदयात्री शामिल हुए
- देवली शहर से सांवरिया सेठ के लिए बुधवार को दो पदयात्राएं रवाना हुई



31 वीं पदयात्रा गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से रवाना हुई।

इसी तरह सेठ सांवरिया विकास समिति के तत्वाधान में जाने वाली पदयात्रा बुधवार सुबह बावड़ी बालाजी से पूजा अर्चना के बाद रवाना हुई। इस दौरान पदयात्रा को सत्यनारायण माहेश्वरी, समिति अध्यक्ष गणराज गुर्जर, ओम प्रकाश माहेश्वरी, मुकेश जैन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर समिति के डॉ. मनीष अरोड़ा, भंवरलाल सेन, रघुवीर सिंह शक्तावत, योगेश श्रीमाल सहित कई लोग मौजूद थे।

## फुलेरा के बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय को नवीन भवन का इन्तजार

**फुलेरा ।** राजस्थान सरकार के पशुपालन विभाग की ओर से गतवर्ष एक आदेश जारी कर फुलेरा पशु चिकित्सालय को बहुउद्देशीय चिकित्सालय के रूप में क्रमोन्नत किया गया था, परंतु वर्तमान हालात देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि पशु चिकित्सालय को मात्र कागजों में ही क्रमोन्नत किया गया है। पशु चिकित्सालय मोबाइल यूनिट के लिए बने दो कमरों में ही संचालित हो रहा है, उसके अलावा पशु चिकित्सालय के पास एक जर्जर भवन, अपर्याप्त स्टाफ व संसाधनों की कमी से वहां आने वाले पशु पालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। राजकीय पशु बहुउद्देशीय चिकित्सालय के पास लगभग एक बीघा से अधिक भूमि का पट्टा होने के बाद भी पूरी तरह उजाड़ पड़ा है। पशु चिकित्सालय का पुराना भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है, मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है।

पशुपालन विभाग ने बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय में एक उपनिदेशक, एक वरिष्ठ पशु अधिकारी, दो पशु चिकित्सा अधिकारी, दो पशुधन सहायक, एक वरिष्ठ सहायक, दो पशुधन परिसर, एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, एक एक्स-रे टेक्नीशियन सहित कुल 11 पदों के लिए वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई थी, वर्तमान में वरिष्ठ पशु चिकित्सक गणेश कुमार गर्ग, पशुधन प्रसार अधिकारी सीताराम नागा, पशुधन निरीक्षक रामनिवास भटेश्वर, लोकेश दम्बीवाल, योगेश कुमावत, हजारीलाल मीणा, पशुधन परिचर विष्णु जाजोंटर कार्यरत हैंराजकीय पशु बहुउद्देशीय चिकित्सालय को नवीन भवन, आपरेशन थियेटर, एक्सरे मशीन, लेबोरेट्री व पशुओं के वार्ड की नितांत आवश्यकता है, क्योंकि यहां पर विभिन्न प्रकार के पालतू जानवरों के अलावा अनेक प्रजातियो के जीव-जंतु उपचार के लिए आते हैं।

राजस्थान सरकार की ओर से पशु चिकित्सालय को क्रमोन्नत कर बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय बनाएं जाने की घोषणा के बाद फुलेरा एवं आसपास के क्षेत्र के पशुपालकों को राहत मिली थी, विभाग व स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते अब तक किसी प्रकार की सुविधा पशुपालको को नहीं मिल पाई है। फुलेरा में बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय को नवीन भवन, संसाधन के साथ-साथ अतिरिक्त नवीन पद सृजन होने से पशुपालकों को पशुओं के लिए और अधिक उत्कृष्ट एवं त्वरित चिकित्सा उपलब्ध हो सकेगी।

# वॉलंटियर्स ने श्रमदान कर दिया देशभक्ति व स्वच्छता का संदेश

कोटपूतली। हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी की पहल पर जिले के तिरंगा वॉलंटियर्स ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण व एसडीएम बृजेश चौधरी के नेतृत्व में बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में श्रमदान कर सफाई अभियान चलाया।

अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं एसडीएम ने पूरे कलेक्ट्रेट परिसर का मुआयना कर स्वयं भी श्रमदान कर कार्मिकों का हौसला बढ़ाया। कार्मिकों ने सफाई कर यह संदेश दिया कि श्रमदान के माध्यम से हर व्यक्ति को जुड़ना है एवं सार्वजनिक स्थानों को साफ-सुथरा बनाना है। श्रमदान के दौरान साफ की गई घास एवं अन्य कचरें के साथ ही मिट्टी को वहां से हटाकर अन्य स्थल पर डाला गया। श्रमदान के प्रति सभी ने रूचि दिखायी एवं अपने हाथों से श्रमदान कर कार्यालय परिसर को सदैव स्वच्छ एवं साफ-सुथरा रखने की सीख दी।

अतिरिक्त जिला कलक्टर ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में समस्त कार्यालयों व स्थानों की सफाई का कार्य किया जा रहा है, ऐसे में सभी कार्मिकों को भी श्रमदान करना चाहिए. उन्होंने कहा कि कार्यालयों में श्रमदान के कई फायदे होते हैं, जो न केवल कार्यस्थल के माहौल को बेहतर बनाते हैं, बल्कि कर्मचारियों के विकास में भी मदद करते हैं। इससे टीम भावना और सहयोग में वृद्धि होती है, सभी कर्मचारी मिलकर एक कार्य करने से आपसी समझ बढ़ती है, और टीमवर्क मजबूत होता है। एसडीएम ने कहा कि नियमित श्रमदान से कार्यस्थल साफ, सुंदर और व्यवस्थित रहता है, जिससे कार्यक्षमता भी बढ़ती है साथ ही श्रमदान से व्यक्ति में सेवा भाव, नम्रता और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे मूल्यों का विकास होता है एवं यह मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभप्रद रहता है।

इस दौरान हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिलेभर में साफ सफाई, रंगोली, तिरंगा यात्रा एवं विभिन्न प्रतियोगिताएं व कार्यक्रम आयोजित किए गए।



अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं एसडीएम सहित कलेक्ट्रेट अधिकारियों एवं कार्मिकों ने श्रमदान किया ।

- अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं एसडीएम ने पूरे कलेक्ट्रेट परिसर का मुआयना कर स्वयं भी श्रमदान कर कार्मिकों का हौसला बढ़ाया। कार्मिकों ने सफाई कर संदेश दिया

### पूर्व पार्षद को दी श्रद्धांजलि

**कोटपूतली।** कस्बे के डाबला रोड़ स्थित आदर्श नगर निवासी भाजपा के पूर्व नगर पालिका पार्षद, समाजसेवी व भामाशाह बजरंग प्रसाद मित्तल का विगत 06 अगस्त को निधन हो गया था। उनकी शोक बैठक आगामी 16 अगस्त तक आदर्श नगर स्थित मित्तल निवास पर प्रतिदिन प्रातः 08 से सायं 05 बजे तक आयोजित की जायेगी। मंगलवार को सीकर के पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, जयपुर ग्रामीण सांसद प्रतिनिधि राजकुमार देवायुष सिंह कोटपूतली पहुंचे। उन्होंने स्व. मित्तल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वहीं भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री एड. हीरालाल रावत, कांग्रेस नेता भीम पटेल, भाजपा के जिला प्रभारी सत्यवीर यादव, कांग्रेस नेता रामनिवास यादव, शिक्षाविद् उमराव लाल वर्मा, वरिष्ठ पत्रकार रामौतार शर्मा, भाजपा नेता दिनेश मित्तल, रामसिंह यादव समेत श्याम शक्ति मंडल ट्रस्ट व श्याम परिवार के सदस्यों समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, संत- महात्माओं समेत समाज के विभिन्न वर्गो ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।

## सार-समाचार

### नशा मुक्ति अभियान के तहत रैली निकाला




**कोटपूतली।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग व शिक्षा विभाग के सहयोग से जिले में बुधवार को नशा मुक्ति अभियान के तहत रैली निकाली निकाली गई। इस मौके पर कस्बे के विभिन्न मार्गो से नशा मुक्ति हेतु मैराथन/रैली निकाली गई। जिससे आमजन में नशे की बढ़ती प्रवृति के खिलाफ जागरूकता लाई जा सकें।

### फुलेरा में 79 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां चरम पर

**फुलेरा।** नगर पालिका मण्डल फुलेरा द्वारा 15 अगस्त को स्कूल खेल मैदान में आयोजित होने वाला 79 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे उत्साह और धूमधाम से मनाने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी सूर्यकांत शर्मा ने कर्मचारियों को व्यवस्थाओं को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिये। वहीं निजी विद्यालयों की छात्राओं की सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी शिक्षिका आशना कुरैशी व प्रिया रामचन्द्रनी के निर्देशन में नगर पालिका सभागार में करवाई जा रही है। इसी प्रकार शारीरिक कार्यक्रम का स्कूल खेल मैदान पर शारीरिक शिक्षक रमेश कुमार सरावता, कमलेश सैनी, योगेन्द्र गहलोत, धर्मराज खांडेकर, राजेन्द्र जीतरवाल, महेश तारवान, शैलेन्द्र शर्मा के निर्देशन में अभ्यास जारी है। व्यवस्थाओं में शिक्षिका भूमिका सबनानी, कोमल बाना, शहनाज खान, सायना कुरैशी, राधेश्याम कुमावत, सुनील वर्मा, विनोद कुमार प्रजापति, दिलीप सुरोलिया, मूलचन्द गरवा, रेशमा माचलीवाल, संतोष बिजारणियां, कैलाश नोदल, गोपाल सैनी, राजकुमार वैष्णव, एकता वर्मा सहित पालिकाकर्मी कृष्ण कुमार यादव, कृष्णा वाधवानी, नरेन्द्र वर्मा, राकेश कुमार, ऋषि बोयत, श्रवण कुमार, आरती गुर्जर, सौम्या, तरुण सहित कई लोग सक्रिय भूमिका निभा रहे है।

### उपकारागृह में तिरंगा झंडों का वितरण



**कोटपूतली।** प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को ग्राम रामसिंहपुरा रोड़ स्थित उपकारागृह में समाजसेवी रतनलाल शर्मा द्वारा तिरंगा झंडों का वितरण किया गया। इस मौके पर देश भक्ति के नारे व राष्ट्र की सेवा की प्रतिज्ञा दिलाई गई। जेलर प्रेमप्रकाश मीणा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्र सेवा में अपना योगदान देना चाहिये। उल्लेखनीय है कि समाजसेवी रतनलाल शर्मा पिछले कई वर्षो से उपकारागृह में निरंतर सांस्कृतिक, योग, भजन कीर्तन, वृक्षारोपण, पेंटिंग, खेलकूद आदि कार्यक्रम आयोजित कर रहे है। इस दौरान उपेंद्र वर्मा, शेरसिंह मीणा, अशोक यादव, रेखा चौहान, राजेश जाट, रामेश्वर दयाल, मनोज शर्मा, शुभम शर्मा समेत अन्य मौजूद रहें।

### दो पक्षों में कहा सुनी, युवक की मौत

**दूदू ।** निकटवर्ती मौजमाबाद पुलिस थाना क्षेत्र के अधीन धमाणा गांव में रास्ते के विवाद एवं पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में हुई कहा सुनी के बाद कुछ ही पलों में खूनी संघर्ष में बदल गई लाठी धारदार हथियारों से किए गए हमले में एक पक्ष के एक युवक की मौत हो गई तथा सात लोग घायल हो गए घायलों को प्राथमिक उपचार राजकीय चिकित्सालय में प्रदान किया जाकर एसएमएस रेफर कर दिया गया पुलिस सूत्रों के अनुसार धमाणा गांव मेबजरंग लाल व सत्यनारायण डूडी परिवार सहित साथ रहते हैं रास्ते की विवाद को लेकर बजरंग लाल व गोपी राम तथा राम सिंह के बीच कहा सुनी हो गई के साथ दोनों पक्षों के बीच लाठियां सरिये फरसो से ताबड़तोड़ शुरू कर दी गई के दौरान गंभीर रूप से घायल बजरंग लाल जाट उम्र 40 साल निवासी धमाणा की मौत हो गई घटना की सूचना के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवलाल बैरवा उप पुलिस अधीक्षक दीपक खंडेलवाल थाना प्रभारी उमराव सिंह मय पुलिस जाप्ते के पहुंचे तथा घटना की जानकारी ली घायल राम जाट मनीष कुमार कैलाशी दिनेश कुमार रामजीलाल को प्राथमिक उपचार प्रदान किया जाकर एसएमएस जयपुर में भर्ती कराया गया मौके पर एफएसएल टीम ने पहुंचकर तथ्य जुटाए मृतक के परिजनों द्वारा सत्यनारायण राम सिंह रतनलाल हेमराज शंकर लाल रामनिवास डूडी के खिलाफ मामला दर्ज करवा कर आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की मौके पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर गोपाल परिहार एवं उपखंड अधिकारी बलवीर सिंह ने भी पहुंचकर जानकारी ली।

### विशेष अभियान द्वारा विभिन्न प्रकरणो में 128 आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा चलाये गये विशेष अभियान के तहत वांछित अपराधियों की धरपकड में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेन्द्र सिंह व अति0 पुलिस अधीक्षक मालपुरा मोटाराम बेनीवाल के सुपरविजन में जिले के सभी वृताधिकारियों के नेतृत्व में गठित विभिन्न थाना टीमो ने विभिन्न स्थानों पर दबिश और धरपकड़ की कार्यवाही करते हुए अभियान के दौरान हत्या, लूट, चोरीध्नकबजनी जैसे गम्भीर प्रकृति के अपराधों में वांछित 42 अपराधी, 84 स्थाई वारन्टी व दो भगोडे सहित कुल 128 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान थाना स्तर के टॉप-10 में शामिल 13 अपराधियों को गिरफ्तार किया तथा सर्किल मालपुरा में 21 स्थाई वारन्टी व प्रकरणों में वांछित 14 अपराधियों सहित कुल 35 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार थाना निवाई द्वारा 13 स्थाई वारण्टियों को गिरफ्तार किया गया है।

### विधायक का जताया आभार

**पावटा।** राजकीय महाविद्यालय विराटनगर में स्थानीय विधायक कुलदीप धनकढ़ एवं प्राचार्य डॉ के एल मीणा द्वारा किए गए प्रयासों के परिणामस्वरूप आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा जयपुर द्वारा बीए सेमेस्टर प्रथम वर्ष में 200 सीटों की अभिवृद्धि की गई है। अब महाविद्यालय में बीए सेमेस्टर प्रथम में कुल 400 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जा सकेगा। इससे विराटनगर क्षेत्र के गरीब और पिछढ़े तबके के विद्यार्थियों का राजकीय महाविद्यालय में अध्ययन का सपना साकार हो सकेगा। इस अवसर पर समस्त स्टाफ सदस्यों और आमजन ने स्थानीय विधायक कुलदीप धनकड का आभार जताया।

### विशाल तिरंगा यात्रा आज

**निवाई।** भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में 14 अगस्त को सुबह 10 बजे विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा ने बताया कि आजादी के 78वें अमृत महोत्सव को लेकर हर घर तिरंगा के तहत विधायक रामसहाय वर्मा, भाजपा राष्ट्रीय महासचिव अलका गुर्जर, पालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रवीरसिंह चौहान, रैली प्रभारी निलिमा आमेरा, रैली संयोजक ओमप्रकाश वर्मा, सह संयोजक रामकेश मीणा व नरेश कसाणा सहित भाजपा के कई वरिष्ठ जनों के सानिध्य में बुधवार को सुबह 10 बजे विशाल तिरंगा रैली की जाएगा।

### प्रीति जैन को पीएचडी की उपाधि से नवाजा

निवाई। राजस्थान विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा प्रीति जैन को पीएचडी की उपाधि से नवाजा है। इनको यह उपाधि शोध हिंदी शोध पत्रकारिता में योगदान में स्त्री, दलित और आदिवासी के विशेष संदर्भ विषय पर शोध के लिए दी गई है। प्रोफेसर डॉ. दीपकराज जैन ने बताया कि प्रीति जैन ने विभाग के सह आचार्य डॉ. जितेंद्रकुमार सिंह के निर्देशन में अपना शोध कार्य पूर्ण किया है।



हमारी सरकार का भी यही खून और पानी एक साथ नहीं रह सकते है। ऐसा नहीं हो सकता कि सीमा पर लड़ाई हो दोनों देशों के बीच तनाव हो और हम क्रिकेट खेलने जाएं। जब तक ये बड़े मुद्दे सुलक्ष नहीं जाते, क्रिकेट बहुत छोटी बात है। देश हमेशा पहले आता है। - **हरभजन सिंह**

**पूर्व भारतीय गेंदबाज, एशिया कप में पाक के खिलाफ बोलते हुए।**




**आज का खिलाड़ी** — **रोहित कृष्णा एस**



**भारतीय** शतरंज खिलाड़ी रोहित कृष्णा एस भारत के 89वें ग्रैंडमास्टर बने। उन्होंने कजाकिस्तान में हुई अल्माटी मास्टर्स कोनाएव कप को जीत कर ये उपलब्धि अपने नाम की।20 वर्षीय रोहित ने आखिरी राउंड में अर्मेनियाई आईएम आर्टुर दावत्यान को हराया और नौ में से 6 अंक हासिल किए, जिससे उनका तीसरा और अंतिम जीएम नॉर्म बना। के विश्वेश्वरन द्वारा प्रशिक्षित रोहित ने इस साल मार्च में होटल स्टॉकहोम नॉर्थ जीएम राउंडर-रॉबिन टूर्नामेंट जीतकर अपना पहला जीएम मानदंड हासिल किया। वहीं अब उनका दूसरा जीएम नॉर्म जून में दुबई ओपन में आया।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत ने इस सीरीज में कुल तीन हजार एक सौ अठानवे रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका का रिकॉर्ड तोड़ा है।

# आईपीएल में संजू सैमसन के व्यापार की चर्चा तेज



नई दिल्ली, 13 अगस्त। क्या संजू सैमसन का व्यापार हो चुका है? क्या राजस्थान रॉयल्स किसी सौदे के करीब पहुंच रहा है? सही हो या नहीं, इस अटकलबाजी ने आईपीएल में हलचल मचा दी है। यह व्यापार आखिरकार कैसे आगे बढ़ेगा, यह अनुमान का विषय है, लेकिन आईपीएल फ्रेंचाइजियों के बीच इस चर्चा के थमने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं।

क्रिकबज़ द्वारा सैमसन के व्यापार या रिलीज के अनुरोध के बारे में पहली बार रिपोर्ट किए जाने के कुछ दिनों बाद, यह सामने आया है कि रॉयल्स ने कई फ्रेंचाइजियों को फिर से पत्र लिखकर भारत के इस विकेटकीपर-बल्लेबाज़ को हासिल करने में उनकी रुचि के बारे में पूछा है। बताया जा रहा है कि आरआर के मुख्य मालिक मनोज बडाले व्यक्तिगत रूप से बातचीत का नेतृत्व कर रहे हैं।

चर्चा यह है कि बडाले ने अलग-अलग फ्रेंचाइजियों को उन खास खिलाड़ियों के नाम भी बताए हैं जिन्हें रॉयल्स सैमसन के बदले में लेना चाहते हैं। ऐसी भी चर्चा है कि रॉयल्स उनमें से किसी एक के साथ समझौता कर भी चुके हैं - या करने के करीब हैं।

फ्रेंचाइजी मालिकों को सीधे भेजे गए पत्रों के कारण, ज्यादातर विवरण गुप्त रखे गए हैं। हालांकि, यह पता चला है कि चेन्नई सुपर किंग्स के साथ संभावित व्यापार - जिसके बारे में हाल के दिनों में व्यापक रूप से अटकलें लगाई जा रही थीं - एक लंबी प्रक्रिया हो सकती है, क्योंकि माना जा रहा है कि रॉयल्स ने रवींद्र जडेजा या रुतुराज गायकवाड़ में से किसी एक को चुनने की मांग की है, दोनों ही शर्तें ऐसी हैं जिन्हें सुपर किंग्स स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं।

शिवम दुबे का नाम भी कुछ जगहों पर उछला है, लेकिन चेन्नई इस भारतीय ऑलराउंडर को भी छोड़ने को तैयार नहीं है। दरअसल, सीएसके के अधिकारी और प्रबंधन अपने किसी भी खिलाड़ी को रिलीज करने को तैयार नहीं हैं। अगस्त के मध्य तक, सैमसन का जयपुर से चेन्नई जाना लगभग असंभव सा लग रहा है - जब तक कि सुपर किंग्स लंबी बातचीत के जरिए उन्हें हासिल नहीं कर लेते या नीलामी में नहीं खरीद लेते।

हालांकि, इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि सैमसन का नाम नीलामी में आएगा भी या नहीं। कई टीमों के साथ व्यापार वार्ता गंभीरता से चल रही है - और कई अन्य फ्रेंचाइजियों में भी काफी दिलचस्पी है - इसलिए पूरी संभावना है कि कोई और फ्रेंचाइजी उन्हें अपने साथ जोड़ ले।

यह भी संभावना है कि वह राजस्थान रॉयल्स में ही बने रहें क्योंकि रिलीज या ट्रेडिंग केवल फ्रेंचाइजी का विशेषाधिकार है। मौजूदा फ्रेंचाइजी प्रबंधन से अनुरोध करने के अलावा इस खिलाड़ी के पास कहने के लिए ज़्यादा कुछ नहीं है। जैसा कि पहले यहाँ बताया गया था, सैमसन ने रॉयल्स प्रबंधन से औपचारिक अनुरोध किया है कि वह एक नई दिशा तलाश रहे हैं। आरआर और सैमसन के बीच कई मतभेद रहे हैं, जिनमें से एक प्रबंधन का जोस बटलर को रिलीज करने का फैसला था।

उसे जाने देना मेरे लिए सबसे चुनौतीपूर्ण फैसलों में से एक रहा है। इंग्लैंड सीरीज के दौरान, मैंने डिनर पर उससे कहा था कि मैं अभी भी इससे उबर नहीं पाया हूं। अगर मैं आईपीएल में एक चीज बदल सकता, तो मैं हर तीन साल में खिलाड़ियों को रिलीज़ करने के नियम को बदल देता, सैमसन ने पिछले आईपीएल सीजन से पहले स्टार स्पोर्ट्स से कहा था। आरआर ने इसके बजाय शिमरोन हेटमायर को रिटेन करने का फैसला किया।

हालांकि, सैमसन ने कथित मतभेदों पर सम्मानजनक चुप्पी बनाए रखी। हाल ही में आर अश्विन के साथ एक पॉडकास्ट में, उन्होंने कहा कि राजस्थान रॉयल्स का सेटअप उनके लिए बहुत मायने रखता है। उन्होंने वैभव सूर्यवंशी की भी प्रशंसा की, जो एक बेहतरीन बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं, जिन्होंने उन्हें फ्रेंचाइजी के बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष क्रम से हटा दिया।

## खालिद जमील ने मुख्य कोच के रूप में पूर्णकालिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए

नई दिल्ली, 13 अगस्त। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने आज पुष्टि की कि खालिद जमील ने भारतीय सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के रूप में दो साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसे एक और साल के लिए बढ़ाया जा सकता है। जमील पूर्णकालिक आधार पर राष्ट्रीय टीम की कमान संभालेंगे और 15 अगस्त को बेंगलुरु के द्रविड़-पादुकोण सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में अपना पहला प्रशिक्षण शिविर शुरू करेंगे। ब्लू टाइगर्स के साथ जमील का पहला टूर्नामेंट सीएएफए नेशंस कप होगा, जहां भारत ग्रुप बी में मेजबान ताजिकिस्तान (29 अगस्त), आईआर ईरान (1 सितंबर) और अफगानिस्तान (4 सितंबर) से भिड़ेगा। अक्टूबर के फीफा विंडो में, भारत सिंगापुर के खिलाफ दो महत्वपूर्ण एएफसी एशिया कप 2027 क्वालीफाइंग मैच (9 और 14 अक्टूबर) खेलेगा।

## एशिया कप : क्या टी-20 में होगी शुभमन गिल की वापसी ?



नई दिल्ली, 13 अगस्त। एशिया कप भारतीय टीम के लिए काफी अहम रहने वाला है। यह टूर्नामेंट टी20 वर्ल्ड कप की तैयारियों के साथ ही चयन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। ऐसे में हम भारत की पारी की शुरुआत करने के प्रबल दावेदारों पर एक नजर डालते हैं। जायसवाल की तरह ही भारतीय टेस्ट कप्तान गिल ने अंतिम बार टी20 जुलाई 2024 में ही खेला था। हालांकि गिल ने टी20 वर्ल्ड कप के ठीक बाद जिम्बाब्वे दौरे पर भारतीय टीम की अगुवाई भी की थी। भारतीय टेस्ट कप्तान के रूप में भी गिल ने अपनी पहली सीरीज में प्रभावशाली प्रदर्शन किया और वह प्लेयर ऑफ द सीरीज भी बने। आईपीएल 2025 में गिल ने गुजरात टाइटंस को तीसरी बार प्लेऑफ में पहुंचाने में अहम भूमिका अदा की थी। गिल ने 15 पारियों में 50 की औसत, 155.87 के स्ट्राइक रेट के साथ 650 रन बनाए थे। गिल सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में चौथे स्थान पर भी थे। गिल ने अब तक 21 टी20 खेले हैं जिसमें उन्होंने 30.42 की औसत से 578 रन बनाए हैं और उनके नाम एक शतक भी है। ऐसे में देखना होगा कि गिल क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में वापसी करते हैं या नहीं।

## आईओए ने भारत में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए दी मंजूरी

नई दिल्ली, 13 अगस्त। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी के लिए देश की बोली को बुधवार को औपचारिक रूप से मंजूरी दे दी। आज यहां आयोजित आईओए की विशेष आम बैठक (एसजीएम) में यह फैसला लिया गया। भारत ने 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए पहले ही रुचि पत्र जमा कर दिया था और अब उसके पास अंतिम बोली प्रस्ताव दाखिल करने के लिए 31 अगस्त तक का समय है।

बैठक के बाद आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा, मुझे खुशी है कि सभी एकमत हैं और यह सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय है और हमारी तैयारियां आगे बढ़ेंगी। हम यह नहीं कह सकते कि अहमदाबाद मेजबानी शहर होगा या नहीं। हमारे पास भुवनेश्वर और दिल्ली में भी अच्छी सुविधाएं हैं। भारत के अलावा, नाइजीरिया, कनाडा और दो अन्य देशों ने भी इस बहु-खेल आयोजन की मेजबानी में रुचि दिखाई थी। हालांकि कनाडा ने इस वर्ष जून में इस दौड़ से अपना नाम वापस ले लिया था।

खेल निदेशक डैरेन हॉल के नेतृत्व में राष्ट्रमंडल खेलों के अधिकारियों की एक टीम ने हाल ही में प्रस्तावित आयोजन स्थलों का निरीक्षण करने और गुजरात सरकार के प्रतिनिधियों से मिलने के लिए अहमदाबाद का दौरा किया। इस महीने के आखिर में एक बड़े प्रतिनिधिमंडल के आने की उम्मीद है। 2030 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए अंतिम मेजबान देश का फैसला ग्लासगो में नवंबर के अंतिम सप्ताह में राष्ट्रमंडल खेल की आम बैठक होगा।

## सुरेन्द्र पर्यवेक्षक नियुक्त

जयपुर, 13 अगस्त। बहरीन में इसी साल अक्टूबर में आयोजित होने वाले एशियन यूथ गेम्स में कैमेलिड स्पोर्ट्स (ऊंट) दौड़ को भी पहली बार शामिल किया गया है। इसके लिए भारतीय टीम का चयन 15 अगस्त को जोधपुर के ओसियां स्थित एमडी डेजर्स सफारी एरिया में किया जाएगा। कैमेलिड स्पोर्ट्स एसोसिएशन (इंडिया) के आग्रह पर भारतीय ओलंपिक संघ ने राजस्थान ओलंपिक संघ के महासचिव सुरेन्द्र सिंह गुर्जर को भारतीय टीम की चयन प्रक्रिया में अपना पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। आईओए ने सुरेन्द्र सिंह को निर्देश दिए हैं कि चयन प्रक्रिया के बाद एथलीटों के चयन पर विस्तृत रिपोर्ट आईओए अध्यक्ष पीटी उषा को प्रस्तुत करें। इस संबंध में सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि कैमेलिड स्पोर्ट्स (ऊंट दौड़) को एशियन यूथ गेम्स में पहली बार रखा गया है। इसकी स्पर्धाएं 22 से 31 अक्टूबर तक होंगे। उन्होंने कहा कि इसे ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (ओसीए) ने मान्यता दी है।

### राजस्थान ओलंपिक संघ ने रखी 2030 कॉमनवेल्थ में कबड्डी की जोरदार मांग

## कबड्डी हमारी मिट्टी की पहचान, अब चाहिए वैश्विक मंच : गहलोत



नई दिल्ली, 13 अगस्त। भारतीय खेल जगत में कबड्डी को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाने की मुहिम तेज हो गई है। दिल्ली में आयोजित भारतीय ओलंपिक संघ की स्पेशल जनरल बॉडी मीटिंग में 2030 में भारत में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स में कबड्डी को आधिकारिक रूप से शामिल करने की मांग रखी गई।

यह प्रस्ताव राजस्थान ओलंपिक संघ के अध्यक्ष तेजस्वी सिंह गहलोत ने रखा, जिनके साथ भारतीय कबड्डी संघ के अध्यक्ष विभोर विनीत जैन और उपाध्यक्ष विजयारानी भी बैठक में मौजूद रहे। गहलोत ने कहा कि कबड्डी भारत की संस्कृति, परंपरा और मिट्टी से जुड़ा खेल है, जिसे कॉमनवेल्थ जैसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्थान मिलना चाहिए। इस दौरान उन्होंने ने कहा कि 2030 के आयोजन से पहले भारत में कॉमनवेल्थ गेम्स देशों का कबड्डी का आयोजन किया जाए, ताकि खिलाड़ियों को तैयारी और अनुभव का बेहतर अवसर मिल सके और जनता में खेल के प्रति उत्साह और जागरूकता बढ़े। बैठक में इस बात पर भी सहमति बनी कि कबड्डी को 2036 ओलंपिक में शामिल करने के लिए भारत को संगठित और रणनीतिक प्रयास करने चाहिए। गहलोत ने कहा, "यह खेल केवल भारत का नहीं, बल्कि अब पूरी दुनिया का बनने की क्षमता रखता है।

राष्ट्रीय स्तर का आयोजन खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खेलने के लिए तैयार करेगा और खेल की लोकप्रियता को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।" तेजस्वी सिंह ने कहा कि यदि कॉमनवेल्थ गेम्स में कबड्डी को स्थान मिलता है, तो यह न केवल ग्रामीण भारत से लेकर शहरी युवाओं तक खेल की पहुंच को बढ़ाएगा, बल्कि भारत की पारंपरिक खेल संस्कृति को वैश्विक पहचान भी देगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने कैंसिल की रेसलर सुशील कुमार की बेल

जयपुर, 13 अगस्त। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दो बार के ओलंपिक पदक विजेता और पहलवान सुशील कुमार की जमानत रद्द कर दी है। वे जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियन सागर धनखड़ की हत्या के मुख्य आरोपी हैं। न्यायमूर्ति संजय करोल और प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने 4 मार्च को दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा दी गई जमानत के फैसले को रद्द करते हुए सुशील कुमार को एक सप्ताह के भीतर सरेंडर करने के लिए कहा है। ये आदेश सागर के पिता अशोक धनखड़ की याचिका पर आया, जिसमें उन्होंने हाईकोर्ट के जमानत के आदेश को चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट में अशोक धनखड़ की ओर से वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ मृदुल पेश हुए।



## पूर्व रणजी कप्तान कावंट, पंकज व झालानी संघ खिलाड़ियों से हुई महत्वपूर्ण चर्चा : कुमावत

जयपुर, 13 अगस्त। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत के अनुसार आज राजस्थान के अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी खलील अहमद, आईपीएल खिलाडी महिपाल लोमरोर, अनिकेत चौधरी, कुणाल सिंह राठौर, रणजी खिलाडी तनवीर उल हक़ ने राजस्थान के पूर्व रणजी कप्तान पंकज सिंहो, राहुल कांवट व रोहित झालानी की उपस्तिथि में आरसीए ऑफिस पहुंच मुलाकात कर बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र की तैयारियों पर महत्वपूर्ण चर्चा। इस अवसर पर आरसीए एडहॉक संयोजक डी डी कुमावत ने राज्य के अंतर्राष्ट्रीय व आईपीएल खिलाडियों को शाल व मोमेंटो देकर स्वागत व सम्मानित किया

### अंडर-15 राजस्थान बॉयज फुटबॉल लीग

## ब्रदर्स यूनाइटेड ने रेड स्टोन फुटसाल क्लब को रौंदा

जयपुर, 13 अगस्त। राजस्थान फुटबॉल संघ के तत्वाधान में विद्याधर नगर स्थित फुटबॉल मैदान पर आज बुधवार को 4 मैच खेले गए राजस्थान फुटबाल संघ सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि अंडर - 15 खिलाड़ियों की यह लीग राजस्थान में पहली बार आयोजित की जा रही है आज तक 38 मैच हो चुके है

**पहला मैच :** जयपुर फुटसाल फुटबाल क्लब एवं राजस्थान फुटबाल स्कूल के बीच खेला गया, इस मुकाबले में राजस्थान फुटबाल स्कूल 5 - 0 से मैच जीत हासिल की विजेता टीम की तरफ से प्रणिजिए ने 2 और अभिषेक ने 2 गोल किए और ऋषि अग्रवाल ने 1 गोल किया।

**दूसरा मैच :** रेड स्टोन फुटबाल क्लब एवं ब्रदर्स यूनाइटेड के बीच खेला गया जिसमें ब्रदर्स यूनाइटेड 12 - 0 से विजयी रहा, विजेता टीम की तरफ से परवीन ने 4 गोल, आलेक ने 3 गोल कीनूराम ने 2 गोल और इंद्रा ने 1 ओर वीरेन ने 1 गोल किए।

**तीसरा मैच :** जयपुर यूनाइटेड एवं जयपुर बॉयज एंड गर्ल्स फुटबॉल एकेडमी के मध्य खेला गया जिसमें जयपुर बॉयज ओर गर्ल क्लब 2 - 1 से विजयी रहा, विजेता टीम की तरफ से हर्षवर्धन ने 1 ओर प्रथम ने 1 गोल किया। जयपुर यूनाइटेड की तरफ से अभय प्रताप सिंह ने 1 गोल किया।


**चौथा मैच :** राजस्थान यूनाइटेड ओर रॉयल फुटबॉल क्लब के बीच था पर राजस्थान यूनाइटेड के मैदान में न पहुंचे के कारण मैच में रॉयल फुटबाल क्लब को विजेता घोषित किया गया।

## छठा राजीव गांधी लाईफ टाईम अचीवमेंट अवार्ड संजय व्यास को

जयपुर, 13 अगस्त। मोहम्मद ईकबाल सचिव, राजीव गाँधी किकेट क्लब ने बताया कि राजीव गाँधी किकेट क्लब द्वारा दिनांक 19 अगस्त को एक समारोह में सांय 5 बजे राजीव गाँधी लाईफ टाईम अचीवमेन्ट अवार्ड दिया जाएगा। यह अवार्ड राजस्थान में क्रिकेट के खेल को अहम उँचाईयों तक बढावा देने के लिए दिया जाता है। चयन समिति में पूर्व रणजी कप्तान विनोद माथुर की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से संजय व्यास को अवार्ड देने के लिए चयन किया गया है।

# तीसरे दिन जयपुर, उदयपुर, सीकर, टोंक, करौली, बूंदी, जोधपुर, चित्तौड़गढ़, अलवर, अजमेर, झालावाड़, झुंझुनूं, दौसा, भरतपुर, सिरोही, हनुमानगढ़ जीती

### राज्य स्तरीय सीनियर वीमेन 20 प्रतियोगिता : आरजू, तनिका शर्मा, सुमित्रा, गंगा, याना, धृति, नेहा, अक्षिता माहेश्वरी, प्रियांशी चमकी



जयपुर, 13 अगस्त। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत के अनुसार बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र 2025 - 26 की सीनियर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान सीनियर महिला टीम के संभावितों के चयन हेतु आरसीए के तत्वाधान में जयपुर व उदयपुर जिला केंद्र पर खेली जा रही राज्य स्तरीय सीनियर महिला 20 प्रतियोगिता के तीसरे दिन खेले गए मैचों का परिणाम :-

**आरसीए अकादमी :- पहला मैच जैसलमेर -करौली** (करौली 8 विकेट से जीती), जैसलमेर पारी 68 आल आउट।करौली की गेंदबाज नेहा 25/3 व काजल 11/2 विकेट। करौली पारी 69/2 विकेट, टीम के लिए नेहा 39 रन।

**दूसरा मैच- बाड़मेर - उदयपुर** (उदयपुर 27 रन से जीती), उदयपुर पारी147/4, टीम के लिए प्रियांशी 60, भव्या 41 रन, बाड़मेर की गेंदबाज गंगा 12/2 व भावना 1 विकेट, बाड़मेर पारी 120 आल आउट, टीम के लिए गंगा 33, पार्वती 30 व सिमरन 27 रन, उदयपुर की गेंदबाज सोनल 17/2 विकेट।

**जयपुरिया ग्राउंड- अजमेर - बीकानेर** (अजमेर 7 विकेट से जीती), बीकानेर पारी 94/7,टीम के लिए किलम 28 व कंचन 23 रन, अजमेर की गेंदबाज पिंकी 11/2 विकेट, अजमेर पारी 95/3, टीम के लिए दीक्षा 35 रन।

**झालावाड़ - सवाईमाधोपुर** (झालावाड़ 7 विकेट से जीती), सवाईमाधोपुरपारी 112/6, टीम के लिए पूजा 27 रन, झालावाड़ की गेंदबाज अंजलि 9/2 विकेट। झालावाड़ पारी 113/3, टीम के लिए माफिया 33 डॉल्वी शर्मा 28 रन।

**नारायणा ग्राउंड पाली - हनुमानगढ़** (हनुमानगढ़ 89 रन से जीती), हनुमानगढ़ पारी 167/1, टीम के लिए आरजू 105, सिमरन 35 रन, पाली पारी 78/1, टीम के लिए औली 42 रन।

**धौलपुर - टोंक** (टोंक 39 रन से जीती), टोंक पारी 117/4, टीम के लिए रिया 30 व मनीषा शर्मा 30 रन। धौलपुर पारी 78/8, टीम के लिए ईशा 25 रन, टोंक की गेंदबाज संजना 14/2।

**संस्कार ग्राउंड डूंगरपुर - भरतपुर** (भरतपुर 9 विकेट से जीती), डूंगरपुर पारी 82/3, टीम के लिए प्रिया 33 रन, भरतपुर की गेंदबाज लाव्याना शर्मा 1 विकेट।भरतपुर पारी 83/1, टीम के लिए नीतू शर्मा 39 व ख़ुशी 24 रन।

**श्रीगंगानगर - जयपुर** (जयपुर 10 विकेट से जीती), श्रीगंगानगर पारी 58/9 टीम के लिए मनमीत 14 रन, जयपुर की गेंदबाज अक्षिता माहेश्वरी 5 /4, सुमन 4/2 व सिद्दी शर्मा 6/2 विकेट, जयपुर पारी 59/0, टीम के लिए संगीता नाबाद 28 व अर्चना नाबाद 25 रन।

**नंतम ग्राउंड सीकर - नागौर** (सीकर 8 विकेट से जीती ), नागौर पारा 64/9, टीम के लिए सिमिरण 12 रन, सीकर की गेंदबाज प्रीत 8/3 व निशा 14/2 विकेट, सीकर पारी 67/2, टीम के लिए प्रियंका 27 व प्रीत 20 रन।

**बारां - सिरोही** (सिरोही 5 विकेट से जीती), बारां पारी 47 आल आउट, सिरोही की गेंदबाज वैशाली 9/3, मानसी व स्नेहा प्रत्येक 2 विकेट। सिरोही पारी 48/5, टीम के लिए मानसी 15 व स्नेहा 12 रन।

**सोनी स्टेडियम अलवर - बांसवाड़ा** (अलवर 21 रन से जीती), अलवर पारी 108 /2, टीम के लिए वंशिका 29 व रामदूतरी 23 रन, बांसवाड़ा पारी 87/4, टीम के लिए आसिफा 42 रन, अलवर की गेंदबाज मोनिका 7/2 विकेट।

**भीलवाड़ा - चित्तौड़गढ़** (चित्तौड़गढ़ 15 रन से जीती), चित्तौड़गढ़ पारी100/8, टीम के लिए सुमित्रा जाट 52 रन, भीलवाड़ा की गेंदबाज शानू 9/3 विकेट, भीलवाड़ा पारी 85/9, टीम के लिए चंद्रा ज्योतसना 32 रन, चित्तौड़गढ़ की गेंदबाज मीनाक्षी 17/3 व अनुष्का 7/2 विकेट।

**ग्राउंड दौसा - जालोर** (दौसा 106 रन से जीती), दौसा पारी 176 /1, टीम के लिए तनिका शर्मा 79, याना 73 रन। जालोर पारी 70 आल आउट, टीम के लिए कनिष्का 29 रन, दौसा की गेंदबाज तनिका शर्मा 15/4 व कृति उपाध्याय 8/2 विकेट।

**कोटा - झुंझनू** (झुंझनू 39 रन से जीती ), झुंझनू पारी 110/6, टीम के लिए कंचन 39 व नगमा 36 रन, कोटा पारी 71/9, झुंझनू की गेंदबाज ज्योति व मोनिका प्रत्येक 2 विकेट।

**उदयपुर के शिकार बाड़ी ग्राउंड पर खेल जाने वाले मैच**

**जोधपुर -राजसमंद** ( जोधपुर 35 रन से जीती ), जोधपुर पारी 127/3, टीम के लिए धृति माथुर 80 रन, राजसमंद पारी 92/9, टीम के लिए नंदिनी 24 व यशस्वी 23 रन, जोधपुर की गेंदबाज बिन्दु व वंशिका प्रत्येक 2 विकेट।

**प्रतापगढ़ - बूंदी** (बूंदी 9 विकेट से जीती), प्रतापगढ़ पारी 69/7, बूंदी की गेंदबाज गालु 15/2, बूंदी पारी 70/1, टीम के लिए सरिता 29 व मंजू 25 रन।


**राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड**
(राजस्थान सरकार का उपक्रम) कॉरपोरेट कार्यालय, 04, मीरा मार्ग, उदयपुर- 313001 (राज.), फोन नम्बर: (0294) 2427177/ 2428763-67, फैक्स : (0294) 2428768, 2428739 E-Mail :- contractsco.rsmml@rajasthan.gov.in

दिनांक :- 12/08/2025

**ई-निविदा सूचना**

| निविदा संख्या एवं दिनांक | कार्य का विवरण |
|---|---|
| e-Tender no. RSMM/CO/GGM (Cont)Cont-09/2025-26 dated 08.08.2025 UBN No.2526WSOB00075 | संस्थान की झामरकोटड़ा माईन्स के झामरी डेम पर बगीचो के विकास, रखरखाव व साफ-सफाई करने का कार्य करना। (निविदानुसार) अनुमानित लागत: रू. 45.00 लाख, धरोहर राशि: रू. 90,000/-, निविदा प्रपत्र मूल्य 1180/- |

उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.rsmm.com, www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in अथवा वरि. प्रबन्धक (अनुबन्ध) से उपरोक्त पतें पर सम्पर्क करें।
राज.संवाद/सी/25/8099 — उप महाप्रबन्धक (का.एवं प्रशा.)

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति (ब श्रेणी) अकलेरा जिला-झालावाड**
e-mail id: kumsaklera123@yhaoo.com, kums.iklera@rajasthan.gov.in
क्रमांक :- 216 — दिनांक :- 11/08/2025

**निविदा सूचना वर्ष 2025-26**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मण्डी समिति "ब" श्रेणी अकलेरा में वर्ष 2024-25 के लिए कार्यालय एवं व्यापारी लेखन मुद्रण ठेका प्रक्रिया आदि कार्यों हेतु पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों / आपूर्तिकर्ताओं / व्यापारियों से निर्धारित प्रपत्र में सीलबन्ध लिफाफों में निविदाएं दिनांक 20.08.2025 को 6.00 PM तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है। UBN - DAM2526WSOB00605, DAM2526WSOB00607
राज.संवाद/सी/25/8113 — सचिव — प्रशासक

**Office of the Superintendent Engineer and Project Manager WCDC, Karauli**
No. :- 1244 — Date :- 12/08/2025

**NOTICE INVITING BID**
**NIB No. : 23/2025-26**

Bids for Gabian stracture work Project PMKSY 2.0 Block – Mandrayal of estimated value INR 224.17 Lacs [ 01 Package] are invited from interested bidders up to 06.00 PM, 31-08-2025, Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **(https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/)** of the state, departmental website.
**NIB CODE :- WSC2526A0632**
**UBN No. :- WSC2526WSRC01089**
Raj.Samwad/C/25/8119 — Superintending Engineer and Project Manager

**कार्यालय नगर परिषद बारां**
E-Mail : nagarpalikabaran@gmail.com स्टेशन रोड, बारां (राज0) Phone : 07453-230106
क्रमांक :- नपबा/सफाई शाखा/2025/3889-90 — दिनांक :- 12.08.2025

**निविदा सूचना संख्या : 14/2025-26**

नगर परिषद बारां द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु इस कार्यालय टूटे फुटे डस्टबिन में 4'-0X31/2-0 की 16 गेज की सफेद पोलिश वाली आयरन चद्दर चारों और लगाने मय नट बोल्ट लगाने अन्दर रबड़ पेन्ट, एंगल पर कलर एवं डस्टबिन पर नगर परिषद बारां व एसबीएम लोगो लिखने सहित मरम्मत (नगर परिषद सीमा क्षेत्र) कार्य हेतु ऑनलाईन आंमत्रित की जाती है। इच्छुक सवेदक/फर्म निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in पर भी देख सकते है। कार्य लागत 09.99 लाख है।
UBN NO. DLB2526WSOB14423 — आयुक्त
राज.संवाद/सी/25/8133 — नगर परिषद बारां

**कार्यालय नगर परिषद टोंक**
क्रमांक :-न.प.टोंक/निर्माण/2025-26/6627 — दिनांक :- 11.08.2025

**NOTICE INVITING TENDERS THROUGH NIT No. 36/2025-26**

Bids are invited from interested bidders from 11.08.2025 (10.00AM) to 21.08.2025 (6.00PM) as per following details. Other particulars of he bid may be visited on procurement portal (www.Sppp.Rajasthan.gov.in) of the state
NIB No. DLB2526A4578

| NIT No. | Name of work | UBN No. |
|---|---|---|
| 36/2025-26 | नगर परिषद टोंक क्षैत्र मे स्थित धन्ना तलाई के पानी की निकासी के लिए मुर्गी फार्म के सामने एसटीपी तक नाला निर्माण कार्य। (सांसद फण्ड) (अनुमानित राशि 49.98 लाख) | DLB2526WSOB14200 |

Date & time of opening of tender 22.08.25 at 6.00PM
आयुक्त
राज.संवाद/सी/25/8064 — नगर परिषद, टोंक

**कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**
Tel No. 01462-258665, 257509 Email - npbeawar@gmail.com
क्रमांक /नपब्या/स्वास्थ्य/2025-26/6251 — दिनांक - 12.08.2025

**ई दर संविदा सुचना**

निम्नाकिंत विवरण के अनुसार ई दर संविदा हेतु ई-निविदाएं ई-प्रोक्यूरमेट पोर्टल राजस्थान पर दिनांक 25.08.2025 को प्रातः 11:00 बजे तक आमंत्रित है। दिनांक 25.08.2025 को सांय 03 बजे निविदा खोली जाऐगी। विस्तर्त शर्ते ई-निविदा फार्म के साथ संलग्न है। यह दस्तावेज एस.पी.पी. पोर्टल पर एवम् ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल पर उपलब्ध है।
UBN :- DLB2526SLOB14442 — NIB CODE :- DLB2526A4650

| क्रं. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | ई दर फार्म शुल्क | ई दर प्रोसेसिंग शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रात्रि कालीन साफ सफाई व एमआरएफ सेन्टर पर प्रतिकरण कार्य की दर संविदा। | 29.20 लाख | 58,400 | 1000/- | 500 |

प्रशासक — आयुक्त
नगर परिषद्, ब्यावर — नगर परिषद्, ब्यावर
राज.संवाद/सी/25/8127

**OFFICE OF THE MUNICIPAL BOARD MERTA CITY (NAGAUR)**
SR.NO. MBM/2025-26/2544 — DATE : 12.08.2025

**NOTICE INVITING BID**

1 Bids for Electric Works (cost 49.91 lacs) are invited from interested bidders up-to 6.00 PM (time) 22.08.2025 (date). Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state.
NIB No. DLB2526A4644
UBN No. DLB2526WSOB14429
अधिशाषी अधिकारी
Raj.Samwad/C/25/8074 — नगरपालिका मेड़ता सिटी

**कार्यालय नगरपरिषद, राजसमन्द**
जिला परिषद रोड़, राजनगर
टेलिफोन नं. 02952-220034, फेक्स नं. 02952-221233, ई-मेल rajsamandnagarpalika@gmail.com
क्रमांक : एफ( )नपरा/इंजी/ई निविदा/13/2025-26/4222 — दिनांक :- 11.08.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 13/2025-26**

नगर परिषद राजसमन्द द्वारा विकास कार्यो हेतु समस्त विभागों में पंजीकृत संवेदकों, कम्पनी, संगठनों/संस्थानों से ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन तकनीकी व वित्तिय निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड़ की जा सकती है।

| निविदा क्रार्यक्रम | तिथि व समय |
|---|---|
| कार्य की संख्या | 16 |
| कार्यो की अनुमानित लागत | 231.23 लाख |
| निविदा अपलोड की तिथि | 11.08.2025 06:00 PM |
| निविदा डाउनलोड प्रारम्भ तिथि | 12.07.2025 05:00 PM |
| ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि | 21.08.2025 06:00 PM |
| भौतिक रूप से दस्तावेज जमा करने की तिथि | 22.08.2025 01:00 PM |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि | 22.08.2025 04:00 PM |
| ऑनलाईन निविदा हेतु वेबसाईट | http://eproc.rajasthan.gov.in |
| दोष निवारण अवधी | नियमानुसार |

UBN NO- DLB2526WSOB14202, DLB2526WSOB14203, DLB2526WSOB14204, DLB2526WSOB14206, DLB2526WSOB14207, DLB2526WSOB14208, DLB2526WSOB14209, DLB2526WSOB14210, DLB2526WSOB14211, DLB2526WSOB14212, DLB2526WSOB14214, DLB2526WSOB14215, DLB2526WSOB14217, DLB2526WSOB14218, DLB2526WSOB14220 & DLB2526WSOB14221

सभापति — आयुक्त
नगरपरिषद राजसमन्द — नगरपरिषद राजसमन्द
राज.संवाद/सी/25/8062

**जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**
बाड़मेर -344001, दूरभाष :- 02982-220674

**अल्कालिक ई-निविदा सूचना**

अन्य विवरण जैसे निविदा मुलय, धरोहर राशि, निविदा प्रस्तुत करने/खुलने की तिथि का विवरण इत्यादि वेबसाईट www.energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl एवं www.eproc.rajasthan.gov.in द्वारा जानी जा सकती है। निविदाकर्ताओं को उनके स्वयं के हित में सलाह दी जाती है की ऑन लाईन पर निविदा डालने से पहले निविदा दस्तावेजों का सावधानी पूर्वक अध्ययन कर ले।

सुचारू भविष्य में इन निविदाओं से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन तिथि बढने की जानकारी आदि केवल वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, sppp.rajasthan.gov.in, energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl पर उपलब्ध करायी जायेगी।

| TN | Works | UBN NO.- |
|---|---|---|
| TN-8 | ('ए) डंडाली के लिए 33/11 केवी सब स्टेशन का निर्माण, (बी) नवनिर्मित 33/11 केवी जीएसएस डंडाली के लिए 8.5 किमी सिंगल सर्किट 33 केवी लाइन का निर्माण (सी) बालोतरा वृत्त के अंतर्गत सब डिवीजन सिन्धरी में केसुम्बला जीएसएस के लिए इंटरकनेक्शन के लिए 7.5 किमी 11 केवी लाइन का निर्माण श्रम दर के आधार पर -2025 | JVV2526 WSOE00361 |
| TN-9 | ('ए) केशुम्बला के लिए 33/11 केवी सब स्टेशन का निर्माण, (बी) नवनिर्मित 33/11 केवी जीएसएस केशुम्बला के लिए 14.50 किमी सिंगल सर्किट 33 केवी लाइन का निर्माण (सी) बालोतरा वृत्त के अंतर्गत सब डिवीजन गिडा में केशुम्बला जीएसएस के लिए इंटरकनेक्शन के लिए 16 किमी 11 केवी लाइन का निर्माण श्रम दर के आधार पर-2025 | JVV2526 WSOE00362 |
| TN-10 | ('ए) खोखसर के लिए 33/11 केवी सब स्टेशन का निर्माण, (बी) नवनिर्मित 33/11 केवी जीएसएस खोखसर के लिए 14.60 किमी सिंगल सर्किट 33 केवी लाइन का निर्माण (सी) बालोतरा वृत्त के अंतर्गत सब डिवीजन गे गिडा में खोखसर जीएसएस के लिए इंटरकनेक्शन के लिए 23 किमी 11 केवी लाइन का निर्माण श्रम दर के आधार पर -2025 | JVV2526 WSOE00363 |
| TN-11 | (ए) अन्नपूर्णा माताजी में 33/11 केवी सब स्टेशन का निर्माण (बी) नवनिर्मित 33/11 केवी जीएसएस अन्नपूर्णा माताजी के लिए 1.7 किमी सिंगल सर्किट 33 केवी लाइन का निर्माण (सी) बालोतरा वृत्त के अंतर्गत सब डिवीजन पदारू में अन्नपूर्णा माताजी जीएसएस के लिए इंटरकनेक्शन के लिए 2.76 किमी 11 केवी लाइन का निर्माण श्रम दर के आधार पर -2025" | JVV2526 WSOE00364 |
| TN-12 | (क) होडू के लिए 33/11 केवी सब स्टेशन का निर्माण, (ख) नवनिर्मित 33/11 केवी जीएसएस होडू के लिए 8.5 किमी सिंगल सर्किट 33 केवी लाइन का निर्माण (ग) बालोतरा वृत्त के अंतर्गत सब डिवीजन सिन्धरी में होडू जीएसएस के लिए इंटरकनेक्शन के लिए 7.5 किमी 11 केवी लाइन का निर्माण श्रम दर के आधार पर -2025" | JVV2526 WSOE00368 |

राज.संवाद/सी/25/8098 — संभागीय मुख्य अभियन्ता (बाड़मेर-संभाग)
बिजली संबंधी शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6045

# चुनाव आयोग का संदेह के घेरे में होना चिन्ता का विषय है-पायलट

## सचिन पायलट प्रदेश मुख्यालय से शहीद स्मारक पैदल मार्च में कांग्रेस के प्रमुख नेताओं के साथ शामिल हुए

■ पैदल मार्च के बाद मीडिया से बात करते हुए पायलट ने कहा कि निर्वाचन आयोग इस लोकतंत्र की आत्मा है। उसको सुरक्षित रखना उसकी संवैधानिक जिम्मेदारी है। आयोग पर जब भी सवाल उठते हैं, तब आप जवाब देने के बजाय नोटिस देना चाहते हैं।



*"वोट चोरी" के मुद्दे को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने बुधवार को राजधानी जयपुर में कांग्रेस मुख्यालय से शहीद स्मारक तक पैदल मार्च निकाला। इस मार्च में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट, प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित कांग्रेस के विधायक एवं पीसीसी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुये।*

**-कार्यालय संवाददाता-**

जयपुर, 13 अगस्त। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं एआईसीसी महासचिव सचिन पायलट ने कहा कि "निर्वाचन आयोग की स्वतंत्रता और पारदर्शिता संदेह के घेरे में होना देश के लिए बहुत बड़ी चिंता का विषय है। जब प्रमाण के साथ गड़बड़ी दिखाने के बाद भी निर्वाचन आयोग चुप्पी साधे हुए है तो इसका मतलब दाल में कुछ काला है और कुछ छुपाने की कोशिश की जा रही है। पायलट ने वोट चोरी के मुद्दे को लेकर बुधवार को प्रदेश कांग्रेस द्वारा जयपुर में आयोजित पैदल मार्च के दौरान मीडिया से बातचीत में यह बात कही।

ज्ञात रहे कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के द्वारा उठाये गये वोट चोरी के मुद्दे को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने बुधवार को राजधानी जयपुर में पैदल मार्च निकाला। जिसे इन्होंने "वोट चोर-गद्दी छोड़" पैदल मार्च नाम दिया।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से शहीद स्मारक तक निकाले गए इस पैदल मार्च में प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, एआईसीसी के महासचिव एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित, कांग्रेस के विधायक एवं विधायक प्रत्याशी, पीसीसी पदाधिकारी और कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता शामिल हुये।

पायलट ने कहा कि मतदाता सूची मांगी जा रही हैं लेकिन आयोग देने को तैयार नहीं है। सीसीटीवी फुटेज नष्ट करने की बात की गई, क्योंकि आप प्रमाण नष्ट करना चाहते हैं। राहुल गांधी ने जब चोरी पकड़ ली है, उसके बाद निर्वाचन आयोग कुछ नहीं बोल रहा। भाजपा आगे आकर बचाव कर रही है। इसको क्या अधिकार है? वो राजनैतिक पार्टी है। निर्वाचन आयोग इस लोकतंत्र की आत्मा है। लोकतंत्र को सुरक्षित रखना उसकी संवैधानिक जिम्मेदारी है। निर्वाचन आयोग पर जब भी सवाल उठते हैं, तब आप जवाब देने के बजाय नोटिस देना चाहते हैं।

पायलट ने कहा कि गुरुवार को कैंडल मार्च होगा। देशभर में आंदोलन होंगे। कल दिल्ली में जो बैठक हुई, उसमें निर्णय लिया गया है कि यह मुद्दा किसी एक पार्टी का नहीं है। यह देश के लोकतंत्र को सुरक्षित रखने का है।

पैदल मार्च को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि वोटों की चोरी से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बन रही है। पूरे देशभर में भाजपा ने वोट चोरी के माध्यम से सत्ता हासिल की है।

## अब एक दिन में मिल जाएगा भारत का वीज़ा

नई दिल्ली, 13 अगस्त। केंद्र सरकार ने वीजा जारी करने को लेकर बड़ा फैसला लिया है। केंद्र सरकार ने एक दिन में वीजा जारी करने के लिए नियामकीय छूट शुरू की है। केंद्र सरकार के नए फैसले के मुताबिक अब सभी दस्तावेज सही और उचित तरीके से जमा करने पर अब एक दिन में भारत का वीजा मिल सकता है।

इसके साथ केंद्र सरकार ने अवैध प्रवासियों और वीजा की अवधि से अधिक समय तक रहने वाले विदेशियों

■ केन्द्र सरकार ने कहा, लेकिन इसके लिए सभी दस्तावेज सही होने चाहिए।

की निगरानी को मजबूत करने के लिए दो नए पोर्टल - जिला पुलिस मॉड्यूल (डीपीएम) और विदेशी पहचान पोर्टल (एफआईपी) शुरू किए गए। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री बी संजय कुमार ने बुधवार को विदेशी प्रभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित एक समीक्षा बैठक में वीजा सरलीकरण, आव्रजन जांच चौकियों के आधुनिकीकरण और अन्य संबंधित मामलों से संबंधित नीतियों पर चर्चा की।

### उपराष्ट्रपति ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

खासकर उन राज्यों में, जहां जाट समुदाय अतीत में सत्ता के निर्णायक रहा है।

संसद का मानसून सत्र समाप्ति की ओर बढ़ रहा है और नामांकन प्रक्रिया जल्द ही शुरू होने वाली है, दोनों पार्टियों से आने वाले पखवाड़े में अपने-अपने निर्णयों को अंतिम रूप देने की उम्मीद है। तब तक, उपराष्ट्रपति पद की यह दौड़ एक शांत लेकिन तीव्र रस्साकशी बनी रहेगी, जिसका प्रभाव इस औपचारिक पद से कहीं अधिक दूर तक जा सकता है।

# 'चुनाव आयोग हमारे लोकतंत्र पर एक दाग है'

## तमिलनाडु के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री पी. त्यागराजन ने यह भी कहा कि चुनाव आयोग एक तरफा विल खेलता है और एकदम नाकारा है

**- डॉ. सतीश मिश्रा -**
**- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -**

नई दिल्ली, 13 अगस्त। आमतौर पर अनदेखा कर दिए जाने वाले मुद्दे पर आज तमिलनाडु के सूचना प्रौद्योगिकी और डिजिटल सेवाओं के मंत्री पलानीवेल त्यागगराजन ने इलेक्शन कमीशन (ईसी) पर जबरदस्त हमला बोला और उसे अयोग्य तथा पक्षपाती करार दिया।

त्यागराजन ने कहा, "चुनाव आयोग हमेशा कई तरीकों से एकतरफा खेल खेलता रहा है और अब तो यह साफ तौर पर दिख रहा है। एकतरफा रवैया समस्या का आधा या तीन-चौथाई हिस्सा है, और शेष हिस्सा उसकी घोर अयोग्यता एवं अक्षमता है। उसके बारे में जितना कम बोला जाए, उतना ही अच्छा है। यह हमारे लोकतंत्र पर एक दाग है।

त्यागराजन ने 2004 के आम चुनाव में ई सी के काम-काज का उदाहरण देते हुए कहा कि कम संसाधनों के बावजूद, उस समय चुनाव काफी कुशलता से कराए गए, जबकि आज जब तकनीक और संसाधन अधिक हैं, चुनाव आयोग की अयोग्यता और पक्षपात स्पष्ट रूप से नजर आ रही है। उन्होंने बैंगलोर सेंट्रल लोकसभा सीट के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में कथित तौर पर1,00,250 वोटों की चोरी को स्तब्ध कर देने चौंकाने वाला बताया।

यह बयान ऐसे समय आया है, जब राहुल गांधी ने महादेवपुरा क्षेत्र में चुनावी धांधली का आरोप लगाया है

■ त्यागराजन ने कहा, 2004 के चुनाव में तकनीक, मैन पावर, बजट सब कम था फिर भी 20 दिन में चुनाव सम्पन्न हो गए थे पर अब 3 महीने से ज्यादा समय लग रहा है, यह नाकारापन नहीं तो और क्या है।

और कहा है कि 1 लाख से ज्यादा फर्जी वोट भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए बनाए गए।

त्यागराजन ने कहा, "2004 में तकनीक, जनशक्ति और बजट बहुत कम था। क्या आपको मालूम है कि पूरे लोकसभा चुनाव में कितना समय लगा था? पूरा लोकसभा चुनाव, पहले चरण से आखिरी तक, सिर्फ 20 दिन में पूरा हो गया था।

लेकिन अब, उसके 20 साल बाद, एक चुनाव कराने में, घोषणा से लेकर मतगणना तक, करीब तीन महीने लगते हैं यह साफ तौर पर भारी अक्षमता को दर्शाता है।"

उन्होंने कहा, "आयोग को एक चुनाव के सारे कार्य संपन्न करने में तीन महीने लगते हैं। और यही सरकार एक देश, एक चुनाव की बात कर रही हैं। अगर 545 सीटों के चुनाव में तीन महीने लगते हैं, तो 'एक देश, एक चुनाव' कराने में इन्हें डेढ़ साल लगेंगे! उस स्थिति में अलग-अलग आचार संहिता की चिंता नहीं करनी पड़ेगी, क्योंकि हर पांच साल में डेढ़ साल तक तो चुनाव ही चलते रहेंगे। यह हास्यास्पद है।

त्यागराजन ने दावा किया कि इस तरह की अक्षमता चुनाव आयोग की विश्वसनीयता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर कर रही है।

उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि वह विपक्षी दलों और आम जनता, दोनों को अंधेरे में रख रही है। साथ ही, उन्होंने भाजपा सरकार पर सी बी आई, आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय और भारतीय स्टेट बैंक जैसी एजेंसियों के दुरुपयोग का भी आरोप लगाया।

त्यागराजन ने कहा, "चुनाव आयोग एक खोखला ढांचा बन कर रह गया है। वे ठीक से फॉर्म 17 भी प्रकाशित नहीं कर पा रहे हैं। जैसे ही लोगों ने फॉर्म 17 और फॉर्म 20 के बीच की विसंगतियां दिखानी शुरू कीं, उन्होंने फॉर्म 17 प्रकाशित करना ही बंद कर दिया। चुनाव आयोग ने हर नियम को ढीला कर दिया है।

उन्होंने यह सवाल भी उठाया: "भारत सरकार आचार संहिता के दौरान मनरेगा मजदूरी में बढ़ोतरी की घोषणा कर सकती है? यह कैसे संभव है कि एक तरफ तो चुनाव आयोह कहे कि तमिलनाडु के मंत्री अपने वाहनों और झंडों का इस्तेमाल नहीं कर सकते, लेकिन दूसरी तरफ, प्रधानमंत्री चुनाव प्रचार के लिए हेलिकॉप्टर में यात्रा कर सकते हैं? इसलिए चुनाव आयोग के बारे में जितना कम कहा जाए, उतना ही अच्छा है।

### जल ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

विकसित किया जाए। उन्होंने विभिन्न लंबित बजटीय घोषणाओं के एनआईटी, टेण्डर, वर्कऑर्डर तथा डीपीआर बनाने सहित, विभिन्न कार्यो को तय समय में पूरा करने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत सहित, जल संसाधन विभाग तथा मुख्यमंत्री कार्यालय के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

### राहुल की बिहार...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

17 अगस्त से लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन की पार्टियाँ पूरे बिहार में एक विशाल वोट अधिकार यात्रा शुरू करेंगी। लोकतंत्र के लिए खतरनाक मतदाता सूची पुनरीक्षण अभ्यास और वोट चोरी के खिलाफ इस लड़ाई को जन आंदोलन बनाने के लिए शुरु किया जाएगा।

उन्होंने आगे कहा, इस संदर्भ में आज बिहार के सासाराम में इंडिया गठबंधन के नेताओं से मुलाकात की गयी, ताकि हमारी तैयारी तथा लामबंदी का आकलन किया जा सके और यात्रा के लिए सुचारू समन्वय स्थापित किया जा सके।

### रूडी के पैनल...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

बाल्यान के समर्थन में पूरी तरह से खड़े थे।

रूडी ने बाद में स्वीकार किया कि उनका पैनल द्विदलीय (बाइपार्टीज़न) था, जिसमें कांग्रेस, भाजपा, समाजवादी पार्टी, वाम दल और टीएमसी के सदस्य शामिल थे।

जीत से उत्साहित रुडी ने कहा, "यह हम सभी के लिए एक साझा मंच है, जो पार्टियों की सीमा से परे है। यह मेरे पैनल की जीत है। हमें हमारे कार्यों के लिए पुरस्कृत किया गया है।" वे मतदान के बाद शाम 5 बजे क्लब से चले गये थे और रात 10:30 बजे लौटे थे, जब उनकी बढ़त स्पष्ट हो गई थी।

मतगणना के सभी 28 राउंड में रूडी की बढ़त बनी रही।

कार्यकारी समिति के 11 विजेताओं में रोहतक के सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा और कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल भी शामिल हैं।

कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया की स्थापना 1947 में कर्जन रोड बैरक में हुई थी, और इसके वर्तमान स्थान पर इसका उद्घाटन 1965 में राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने किया था।

सीसीआई की गवर्निंग बॉडी के चुनाव इससे पहले 2009, 2014 और 2019 में हुए थे।

भाजपा के विजय गोयल और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जैसी प्रमुख हस्तियां भी अतीत में सीसीआई चुनाव में भाग ले चुकी हैं। लोकसभा अध्यक्ष सीसीआई के पदेन अध्यक्ष होते हैं।

# चीन के विदेश मंत्री सोमवार को भारत में

नई दिल्ली, 13 अगस्त। चीन के विदेश मंत्री वांग यी सोमवार को भारत आ रहे हैं। वह राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के साथ सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधि (एसआर) तंत्र के तहत वार्ता करेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

वांग यी का यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी चीन के तियानजिन शहर की यात्रा तय है। प्रधानमंत्री शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। सूत्रों ने बताया कि वांग यी का भारत दौरा मुख्य रूप से सीमा विवाद को लेकर अगले दौर की विशेष प्रतिनिधि वार्ता को लेकर होगा।

सीमा से जुड़े मुद्दों पर वार्ता के लिए

■ भारत में वे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ सीमा विवाद पर वार्ता करेंगे।

वांग यी और अजीत डोभाल दोनों को अपने-अपने देशों का विशेष प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। डोभाल पिछले साल दिसंबर में चीन गए थे और वहां उन्होंने वांग यी के साथ विशेष प्रतिनिधि वार्ता की थी। कजान (रूस) में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच बैठक हुई थी, जिस दौरान वार्ता के विभिन्न तंत्रों को दोबारा शुरू करने का फैसला लिया गया था।

### दौसा हादसे ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

होने की प्रार्थना करता हूँ। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएँगे।

### बाबूलाल ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

रिहा किया जाए। सरकारी वकील मानवेन्द्र सिंह ने इसका कड़ा विरोध किया। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने जमानत याचिका को खारिज कर दिया है।

## हर घर तिरंगा अभियान

नयी दिल्ली, 13 अगस्त। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल सहित विभिन्न नेताओं ने बुधवार 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत अपने आवास पर तिरंगा फहराया।

शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा आज 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत अपने आवास पर तिरंगा फहराया। मोदी जी के नेतृत्व में शुरू हुआ 'हर घर तिरंगा' अभियान आज देश को एकता के सूत्र में पिरोने और राष्ट्रप्रेम की भावना को और भी प्रबल बनाने वाला जन-अभियान बन गया है।

चौहान ने एक्स पर लिखा, हमारा राष्ट्रध्वज हमारे देश का गौरव, सम्मान और असंख्य बलिदानों की पहचान है। आज मैंने परिवार के साथ गर्व से तिरंगा फहराया। योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, हमारी एकता का उद्घोष, हमारी अखंडता का संकल्प, हमारी संप्रभुता और गौरव का अमर प्रतीक... हमारा तिरंगा।

# चुनाव आयोग द्वारा "मृत" घोषित वोटर राहुल से मिले

## राहुल गांधी ने तंज कसा, मृत लोगों के साथ चाय पीने के अनुभव के लिए आयोग का धन्यवाद

नयी दिल्ली, 13 अगस्त। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर तंज कसते हुए कहा है कि उसके कारण उन्हें मृत लोगों के साथ चाय पीने का अनुभव हुआ है।

गांधी ने बिहार में मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया में कथितरूप से मृत घोषित लोगों के साथ फोटो खिंचवाने और चाय पीने के बाद, आयोग पर इस तरह का तंज कसा है।

गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, जीवन में बहुत दिलचस्प अनुभव हुए हैं, लेकिन कभी मृत लोगों के साथ चाय पीने का मौका नहीं मिला था। इस अनोखे अनुभव के लिए, धन्यवाद चुनाव आयोग।

कांग्रेस ने एक बयान में कहा,

■ कांग्रेस ने कहा, इससे स्पष्ट है कि बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण में भी कोई बड़ा खेल चल रहा है।

बिहार के उन सात मतदाताओं के साथ पार्टी नेता राहुल गांधी चाय पी रहे हैं, जो चुनाव आयोग मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत मृत घोषित हैं। चुनाव आयोग की एसआईआर सूची में उन्हें 'मृत' बताया गया है।

पार्टी ने कहा कि चुनाव आयोग ने मृत, प्रवासी आदि घोषित लोगों की सूची सार्वजनिक रूप से प्रकाशित नहीं की है।

ज़मीनी स्तर पर हमारी टीमें इन लोगों की पहचान केवल इसलिए कर पायीं, क्योंकि वे अनौपचारिक रूप से दो-तीन मतदान केन्द्रों में चुनाव आयोग की आंतरिक जानकारी प्राप्त करने में कामयाब रहीं। ये सात मतदाता उस निर्वाचन क्षेत्र के दो-तीन मतदान केन्द्रों में अन्यायपूर्ण तरीके से हटाए गए मतदाताओं का केवल एक छोटा सा हिस्सा हैं। यह कोई लिपिकीय त्रुटि नहीं है - यह स्पष्ट रूप से राजनीतिक मताधिकार का हनन है।

कांग्रेस ने कहा कि बेंगलुरु में वोट चोरी का पर्दाफाश होने के बाद, यह स्पष्ट है कि बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया में भी समझौता किया गया है, क्योंकि जीवित लोगों को मृत घोषित कर दिया गया है।

## स्ट्रीट डॉग्स पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

नयी दिल्ली, 13 अगस्त। उच्चतम न्यायालय की तीन सदस्यीय पीठ दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आवारा कुत्तों से लोगों को हो रही परेशानियों से संबंधित मामले में गुरुवार को सुनवाई करेगी। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई ने आवारा कुत्तों के खतरे से संबंधित एक स्वतः संज्ञान मामले को तीन न्यायाधीशों की एक अलग पीठ को बुधवार को भेज दिया।

■ तीन न्यायाधीशों की बैंच इस मामले की सुनवाई करेगी।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी।

स्वतः संज्ञान मामले में न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने 11 अगस्त को आवारा कुत्तों को सार्वजनिक स्थानों से हटाने और नसबंदी करने के अलावा, उनके लिए अलग से आश्रय गृह बनाने के निर्देश दिये थे।

# जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की याचिका पर आज सुनवाई

## मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई की पीठ याचिका की सुनवाई करेगी

नयी दिल्ली, 13 अगस्त। उच्चतम न्यायालय जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की याचिका पर गुरुवार को सुनवाई करेगा।

मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई की अध्यक्षता वाली एक पीठ इस मामले में हस्तक्षेपकर्ताओं में से एक द्वारा संविधान के अनुच्छेद 370 के संबंध में दायर याचिका पर सुनवाई करेगी।

शीर्ष अदालत में 14 अगस्त को सुनवाई के लिए जारी वाद सूची में इसका जिक्र किया गया है। अदालत उस याचिका पर सुनवाई करेगी, जिसमें केन्द्र

■ याचिका में कहा गया है, अगर जल्द से जल्द जम्मू -कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल नहीं किया गया तो संघीय ढांचे को नुकसान होगा।

सरकार द्वारा अदालत को दिए गए आश्वासन के अनुसार, उसे (केन्द्र को) दो महीने के भीतर समयबद्ध तरीके से जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने का निर्देश देने की मांग की गई है।

इसज ज़हूर अहमद भट और अन्य ने अक्टूबर, 2024 में अदालत में आवेदन दायर किया था। एक अन्य याचिका इरफान हाफिज लोन ने दायर की थी। याचिका में दावा किया गया था कि समयबद्ध तरीके से जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे की बहाली न करना संघवाद के विचार का उल्लंघन है, जो संविधान के मूल ढ ांचे का एक हिस्सा है।

याचिका में कहा गया है, यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि राज्य का दर्जा बहाल किया जाए, ताकि लोग अपनी व्यक्तिगत पहचान में स्वायत्तता का आनंद ले सकें और देश के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

याचिका में कहा गया है कि अगर जल्द से जल्द ऐसा निर्देश पारित नहीं किया गया तो इससे देश के संघीय ढ ांचे को गंभीर नुकसान होगा।

याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि भारतीय राजनीतिक इतिहास में संविधान संशोधन के बिना किसी राज्य को केन्द्र शासित प्रदेश में बदलने और विधायिका सहित केन्द्र शासित प्रदेश बनाने का कोई उदाहरण नहीं है।

## हिमाचल में 5 जगह बादल फटे

शिमला/धर्मशाला, 13 अगस्त। मौसम विभाग के भारी बारिश के ऑरेंज अलर्ट के बीच बुधवार को हिमाचल में पांच जगह बादल फटे हैं। श्रीखंड के भीमडवारी एवं नंती, किन्नौर के पूह, लाहौल के मयाड़ और कुल्लू की तीर्थन घाटी में बादल फटने से भारी नुकसान हुआ है। भीमडवारी और नंती में बादल फटने से आई बाढ़ में गानवी में दो शेड बह गए, जबकि छह पानी में डूब गए। यहां एक पुल क्षतिग्रस्त हो गया। बाढ़ की जद में आई पुलिस चौकी में पानी घुस गया। तीर्थन घाटी के बंजार में टिल्ला और दोगड़ा पुल भी क्षितग्रस्त हुआ है। निरमंड की कुर्पण खड्ड उफान पर होने से बागीपुल बाजार खाली करवा लिया गया है। कुल्लू की तीर्थन घाटी में पांच गाड़ियां एवं चार कॉटेज बह गए। इस दौरान कॉटेज में कोई नहीं था।

लाहौल की मयाड़ घाटी में करपट गांव को खाली करवाकर 22 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया है।

### दर्दनाक दुर्घटना ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

अधिकारियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलध कराये जाने के निर्देश दिये।

कृषि मंत्री डॉ. किरोडीलाल मीणा नन्हे बच्चों की लाशें देखकर रो पड़े। उन्हें संभालना मुश्किल हो गया, वे हाथ जोड़कर ईश्वर से प्रार्थना करने लगे।

### मुख्यमंत्री ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

और तिरंगा यात्रा में भाग लेंगे।

मुख्यमंत्री गुरुवार सुबह कोडेवाला बॉर्डर आउट पोस्ट (खाजूवाला) पर बीएसएफ के जवानों से संवाद करेंगे। इसके बाद नाल गांव में तिरंगा यात्रा और बीकानेर शहर में विभाजन विभीषिका से जुड़े कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

## कश्मीर में एलओसी पर मुठभेड़, एक जवान शहीद

श्रीनगर, 13 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस से दो दिन पहले उत्तरी कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। हालांकि, इस बीच एक जवान गोलीबारी में शहीद हो गया। ऐसी सूचना है कि इस एनकाउंटर में एक आतंकी भी ढ ेर हो गया।

अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सेना ने घुसपैठ की एक कोशिश नाकाम कर दी, जिसमें एक सैनिक शहीद हो गया। उन्होंने बताया कि सैनिकों ने उत्तरी

■ जवानों ने आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश नाकाम की।

कश्मीर के बारामूला जिले के उरी के चुरुंडा इलाके में घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी।

बीते मंगलवार बीएसएफ कश्मीर फ्रंटियर के महानिरीक्षक अशोक यादव ने कहा कि पाकिस्तान आतंकियों की जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ कराने के लिए लगातार कोशिश कर रहा है। उत्तरी कश्मीर में एलओसी के पार लांचिंग पैड पर आतंकियों की गतिविधियां बढ़ रही हैं, लेकिन बीएसएफ ने अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय में घुसपैठ की हर कोशिश को नाकाम बनाया है।

# लोकसभाध्यक्ष के ऑफिसर ऑन स्पैशल ड्यूटी राजीव दत्ता ....

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

4. श्री राजीव दत्ता ओएसडी लोकसभा स्पीकर के संवैधानिक पद की आड़ में अपने आपराधिक कृत्यों का बचाव कर रहे हैं। राजस्थान सरकार व जांच एजेन्सीज़ को भी प्रभावित करते हैं।"

प्रार्थना के छठे बिंदु में यह भी लिखा है कि : " श्री ओम बिडला जी को अपने ओएसडी श्री राजीव दत्ता की सभी आपराधिक गतिविधियों की जानकारी है, परंतु उन्होंने जानबूझकर इनको नजरअंदाज कर रखा है। श्री राजीव दत्ता के खौफ व झूठे मुकदमों के चलते सैकड़ों कोटावासी जेल में हैं तथा कुछ फरार हो गए हैं।"

सूत्रों के अनुसार, (क्राइम) दिनेश एमएन, जिन्हें हाई कोर्ट ने एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया था, ने एफआईआर की प्रति तैयार कर ली है और उसे राजस्थान के डीजी (राजीव शर्मा) को भेज दिया है (संभावना है कि ऐसा उनके कहने पर किया गया हो)। लेकिन डीजी उस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

यह भी पता चला है कि डीजी राजीव शर्मा हाल ही में कुछ दिनों के लिए दिल्ली में थे, जहां उनकी राजीव दत्ता से बैठकें हुईं। अब वे जयपुर लौट चुके हैं और लौटने के बाद उन्होंने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से भी मुलाकात की है।

हाई कोर्ट के आदेश के बावजूद एफआईआर अधर में लटकी हुई है, और हाई कोर्ट के निर्देश क्रियान्वित नहीं हो रहे हैं।

राष्ट्रपति को भेजे गए पत्र में घटनाक्रम का पूरा विवरण दिया गया है-कैसे ओ एस डी राजीव दत्ता पर मानव तस्करी का आरोप है, कैसे उन्होंने याचिकाकर्ता पर पांच झूठे मामले दर्ज कराए, उसे घेरकर पीटा गया, और कैसे हाई कोर्ट ने इस स्थिति पर गंभीर टिप्पणी की है।

राष्ट्रपति से की गई अपील में ओ एस डी को पद से हटाने की ज़ोरदार मांग की गई है, और बताया गया है कि लोकसभा अध्यक्ष के अधीन संसद भवन का उपयोग कैसे दागी व्यक्तियों, असामाजिक तत्वों को शरण देने के लिए किया जा रहा है जिनका इस्तेमाल दत्ता ने याचिकाकर्ता के खिलाफ झूठे मामले दर्ज करवाने में किया।

राजीव दत्ता की उन आरोपितों के साथ संसद भवन में ली गई तस्वीरें भी याचिका के साथ संलग्न की गई हैं, ताकि आरोपों को ठोस प्रमाण दिया जा सके।

यह गौरतलब है कि लोकसभा अध्यक्ष के कार्यालय को लेकर इतने गंभीर आरोप और घटनाएं सामने आ चुकी हैं, फिर भी ज़मीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है और न्याय की सभी संभावनाएं अवरुद्ध कर दी गई हैं।

इस खबर से छपने से पूर्व, राजीव दत्ता से उनका वर्ज़न व आधिकारिक बयान लेने की कोशिश की गयी थी,परंतु खबर के छपने तक उनकी ओर से न तो कोई बयान आया और न संपर्क करने की कोशिश की गई।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908